ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • फाल्गुन कृष्ण पक्ष 04 • विक्रम संवत 2079 • गुरुवार, 09 फरवरी 2023 • वर्ष-29 • अंक-116 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

क्या 'द फैमिली मैन' की वापसी हो... पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक नौ फरवरी शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होनेवाली बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। कैबिनेट की बैठक में बजट सत्र के कार्यक्रमों की भी मंजूरी ली जाएगी। बैठक को लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने सूचना जारी कर दी है।

### रिमांड पर लांजी हमले में शामिल महिला माओवादी

**रांची।** भाकपा माओवादियों के द्वारा पुलिस हमले में शामिल सरिता सरदार को एनआईए ने रिमांड पर लिया है। मार्च 2021 में डायरेक्शन बल का इस्तेमाल कर माओवादियों ने तीन पुलिसकर्मियों को मौत के घाट उतार दिया था। चार जनवरी को रांची में आईजी कार्यालय में सरिता सरदार ने सरेंडर किया था। लांजी केस में सरिता की भूमिका सामने आयी थी। ऐसे में एनआईए ने उसे रिमांड पर लिया।

### हाथी के कुचलने से दो लोगों की मौत

**हजारीबाग।** कुम्हरटोली और खिरगांव काली मंदिर के समीप बुधवार सुबह दो लोगों की जान एक हाथी ने ले ली। वहीं, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। मृतकों में बुधन साव और एक महिला शामिल है। गंभीर रूप से घायल को रांची रेफर किया गया है। हाथियों के दल से बिछड़ कर एक अकेला हाथी खिरगांव के रास्ते शहर में प्रवेश किया और श्मशान काली मंदिर के समीप खेत में काम क रहे एक वृद्ध को उठा कर पटक दिया। उसको मारने के बाद हाथी आगे बढ़ा और कुम्हार टोली विद्या मंदिर में घुसकर एक महिला की जान ले ली। घटना की जानकारी पुलिस को दी दी गई है।

### पेड़ से टकराकर जल उठी कार, बाल-बाल बची पांच लोगों की जान

**दुमका।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के ठाड़ी मोड़ के पास मंगलवार देर रात कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में आग लग गई। आग ने पेड़ को भी अपनी चपेट में ले लिया। थोड़ी ही देर में ही कार और पेड़ दोनों ही जलकर राख हो गए। हालांकि, राहत वाली बात यह रही कि इतना बड़ा हादसा होने के बाद भी कार में सवार नशे में धुत्त पांच युवक गाड़ी से निकलने में कामयाब रहे। बताया जाता है कि कार में सवार सभी युवक हंसडीहा थाना क्षेत्र के बभनडीहा गांव के रहनेवाले हैं। सभी ने दुमका में ही कहीं शराब पी और कुछ शराब अपनी कार में भी रख ली थी। नगर थाना के विवेकानंद चौक के पास उन्होंने अपनी कार से किसी अन्य कार को पीछे से ठोकर मार दी, जिसके बाद ये तेज रफ्तार से भागने लगे। इसी क्रम में कार रामगढ़ थाना के ठाड़ी मोड़ के पास एक पेड़ से जा टकराई। मामले में रामगढ़ थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय ने बुधवार को बताया कि कार में आग लगने की सूचना पाकर वे घटनास्थल पर गए। उन्होंने बताया कि कार हंसडीहा थाना क्षेत्र के बभनडीहा गांव के श्रीकांत साह की है।

### केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए अखिलेश वारियर

**रांची।** झारखंड कैडर के 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी अखिलेश वारियर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गए हैं। उन्हें राज्य सरकार ने विरमित कर दिया। राज्य से विरमित होने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय के अधीन आनेवाले एनटीआरओ में एनालिस्ट के पद पर योगदान दिया है। केंद्र सरकार ने अखिलेश वारियर को जल्द से जल्द विरमित करने के लिए झारखंड सरकार को पत्र भेजा था। दो साल बाद स्टडी लीव से लौटने के बाद अखिलेश वारियर मुख्यालय में एसपी अभियान के पद पर तैनात थे।

## मुख्यमंत्री का आदेश

# बेटी के साथ अमानवीय व्यवहार करनेवालों पर सख्त कार्रवाई करें

### राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग व हरियाणा सरकार से मामले में संज्ञान लेने का किया आग्रह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिमडेगा निवासी 14 वर्षीय बच्ची के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार को गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री ने उपायुक्त सिमडेगा और झारखंड पुलिस को मामले में एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने, बच्ची को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, बच्ची की सकुशल राज्य वापसी और उसे शिक्षा तथा सरकारी योजनाओं से जोड़ते हुए सूचित करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और हरियाणा सरकार से आग्रह किया है कि इस गंभीर मामले को संज्ञान में लें और लड़की को उसके परिवार में वापस लाने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करें। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद उपायुक्त सिमडेगा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि मामले को संज्ञान में लिया गया है एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम बच्ची को रेस्क्यू करने के लिए हरियाणा जाएगी। बच्ची को चिकित्सा, शिक्षा, पुनर्वास एवं योजनाओं का लाभ त्वरित रूप से उपलब्ध कराया जाएगा।



#### क्या है मामला

दरअसल, मुख्यमंत्री को जानकारी मिली थी कि सिमडेगा निवासी 14 वर्षीय नाबालिग को घरेलु काम कराने के लिए गुरुग्राम ले जाया गया था। जहां उसे पिछले दिनों अमानवीय यातनाएं दी गई। बच्ची की लाठी-डंडे और गर्म चिमटे से पिटाई की गई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सिमडेगा उपायुक्त और झारखंड पुलिस को कार्रवाई का आदेश दिया है।

# रामगढ़ में टीपीसी के चार नक्सली गिरफ्तार



### दो बाइक, लेवी के 2.80 लाख रुपये, दो पिस्तौल व मोबाइल जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

टीपीसी नक्सली संगठन के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो बाइक, एक देशी पिस्तौल, तीन गोली, एक देशी कट्टा और मोबाइल सेट जब्त किया गया है। साथ ही लेवी के रूप में वसूली गई 2.80 लाख रुपये नकदी भी मिले हैं। रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि नक्सली संगठन के चार सदस्यों को पकड़ा गया है। इसमें लातेहार जिले के बनपुर गांव निवासी नवनीत कुमार, रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत इचापीरी गांव निवासी महेंद्र गंझू, हफुआ गांव निवासी शाहइमाम अंसारी और वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के परेज निवासी पवन राणा शामिल हैं। एसपी ने बताया कि रामगढ़ जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर कोयला व्यवसायियों को नक्सलियों ने निशाना बनाया था। 23 जनवरी को पतरातू सरैया टोला जयनगर निवासी कोयला व्यवसायी गजानंद प्रसाद उर्फ गज्जू पर गोली चली थी। इससे पहले 10 जनवरी को रामगढ़ थाना क्षेत्र के विकास नगर इलाके में कोयला व्यवसायी नेपाल यादव पर जानलेवा हमला हुआ था। पीयूष पांडे ने बताया कि इन नक्सलियों ने कई जिलों में अपना आतंक फैला रखा था। रामगढ़ जिले के अलावा चतरा और लातेहार जिले में भी लेवी वसूलने के लिए इन लोगों ने व्यवसायियों पर जानलेवा हमला किया है। कई जिलों में इनके खिलाफ आपराधिक इतिहास दर्ज हैं।

# सड़क हादसे रोकने के लिए सभी जिलों में बना ब्लैक स्पॉट

### पुलिस-हाईवे पेट्रोलिंग की होगी तैनाती

### सभी जिलों के एसपी, डीआईजी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यभर में सड़क हादसे रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। इन ब्लैक स्पॉट पर सड़क हादसे रोकने के लिए पीसीआर, हाईवे पेट्रोलिंग व पुलिस वाहनों को चेकिंग का निर्देश दिया गया है। बुधवार को एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर, सड़क सुरक्षा कोषांग के डीआईजी सुनील भास्कर की अध्यक्षता में राज्य के सभी जिलों के एसपी व डीआईजी, ट्रैफिक व मुख्यालय डीएसपी उपस्थित थे। बैठक के दौरान खूंटी जिला का उदाहरण दिया गया, जहां ब्लैक स्पॉट पर चेकिंग व बैरिकेडिंग लगाकर दुर्घटनाओं में कमी लायी गई है। ब्लैक स्पॉट पर क्यूआर कोड चस्पा कर पेट्रोलिंग या पीसीआर वाहन के द्वारा वहां स्कैन की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

**स्पीडगन, ब्रिद एनलाइजर की व्यवस्था सीएसआर से करने का निर्देश :** बैठक के दौरान जिलों के एसपी को निर्देश दिया गया कि एसपी अपने स्तर से एनजीओ या रूचि रखनेवाले व्यवसायियों, कॉरपोरेट घरानों के सीएसआर फंड या डीसी के फंड का उपयोग करें। इस फंड का इस्तेमाल कर स्पीडगन कैमरे, ब्रिद एनलाइजर, बॉडीवार्म कैमरा, सीसीटीवी कैमरा, स्ट्रेचर, बेड, फर्स्ट एड बॉक्स की खरीद करने का निर्देश दिया गया।

#### सभी थानों पर ये जिम्मेदारी

सभी थानों को निर्देश दिया गया है कि पुलिस पदाधिकारी मोबाइल में जीपीएस, मैप कैमरा, लाइट एप इंस्टॉल कर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करनेवाले वाहनों की फोटो सहित संबंधी जिला परिवहन पदाधिकारी को उपलब्ध कराना होगा, ताकि एमवीआई से लाइसेंस जब्ती की कार्रवाई करायी जा सके। डीआईजी सुनील भास्कर ने बताया कि सभी जिलों के एसपी को निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक थाना स्तर से दो सड़क सुरक्षा अभियान चलाना सुनिश्चित करें। जिलामार्ग, राजकीय, राष्ट्रीय राजमार्ग के नजदीक के स्कूल, कॉलेज में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। थाना स्तर से प्रत्येक थाने में पदास्थापित तीन पुलिसकर्मियों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण देने का फैसला लिया गया, ताकि समय पर जरूरी हेल्थ केयर मिलने से जान-माल के नुकसान को कम किया जा सके।

## वार का हथियार बनीं दुष्यंत और काका हाथरसी की रचनाएं

# राहुल का बिना नाम लिए मोदी ने जम कर किया हमला

**नवीन मेल नेटवर्क। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में भाग लेते हुए देश की विगत 9 साल की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने बिना नाम लिए कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी पर कई बार कटाक्ष भी किये। उन्होंने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। विपक्ष पर हमला बोलते हुए उन्होंने कवि दुष्यंत कुमार की एक कविता की दो पंक्तियों पर उद्धृत कीं। उन्होंने कहा : तुम्हारे पांव के नीचे, कोई जमीन नहीं है, कमाल ये है कि फिर भी तुम्हें यकीन नहीं। अपने घंटे भर के भाषण में उन्होंने एक बार भी राहुल या किसी अन्य विपक्षी नेता का नाम नहीं लिया पर उनका करारा प्रहार कांग्रेस और राहुल गांधी पर ही था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जो कभी यहां बैठते थे, वह वहां जाने के बाद भी फेल हुए और देश पास होता गया। मैं भी यात्रा लेकर कश्मीर तक गया था। लाल चौक पर तिरंगा लहराने का संकल्प लिया था। तब आतंकियों ने पोस्टर लगाए थे कि देखते हैं कि किसमें हिम्मत है और किसने अपनी मां का दूध पिया है, जो यहां आकर तिरंगा लहराता है। तब मैंने कहा था- आतंकी कान खोलकर सुन लें। 26 जनवरी को ठीक 11 बजे मैं लाल चौक पहुंचूंगा। बिना सुरक्षा, बिना बुलेट प्रूफ जैकेट के आऊंगा और फैसला लाल चौक पर होगा कि किसने अपनी मां का दूध पीया है? जब श्रीनगर के लाल चौक में तिरंगा फहराया, तब मीडिया के लोग सवाल करने लगे कि पहले यहां ऐसे नहीं होता था। आज वहां ऐसी शांति है कि वहां चैन से जा सकते हैं। अखबारों में खबर आई थी, जिस पर ध्यान नहीं गया होगा। लोग टीवी में चमकने की कोशिश में लगे थे। उसी समय श्रीनगर के अंदर दशकों बाद थिएटर हाउसफुल हो गए और अलगाववादी दूर-दूर तक नहीं दिख रहे थे।

**भारत कमजोर हुआ या मजबूत हुआ है :** प्रधानमंत्री ने कहा कि ये लोग बिना सिर-पैर की बातें करने के आदी हैं। इस कारण उन्हें ये याद नहीं रहता कि वे खुद कितने विरोधाभासी हो जाते हैं। वे आत्मचिंतन कर खुद के विरोधाभास को भी तो ठीक करें। वे 2014 के बाद से लगातार कर रहे हैं कि भारत कितना कमजोर हो रहा है। अब कह रहे हैं कि भारत इतना मजबूत हो गया है कि दूसरे देशों को धमकाकर फैसला करवा रहा है। अरे पहले यह तो तय करो भाई कि भारत कमजोर हुआ है या मजबूत हुआ है। जो अहंकार में डूबे रहते हैं, जो यह सोचते हैं कि सारा ज्ञान हम ही को है। उन्हें लगता है कि मोदी को गाली देकर हमारा रास्ता निकलेगा।

**मां सशक्त होती है तो पूरा परिवार सशक्त होता है :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मां सशक्त होती है तो पूरा परिवार सशक्त होता है और परिवार सशक्त होता है तो पूरा समाज सशक्त होता है। माताओं-बहनों की सेवा करने का सौभाग्य मिला है। आज आदिवासियों के लिए हमने पानी की व्यवस्था की। हमने महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई। पीएम मोदी ने कहा कि हमने माता बहनों के लिए शौचालय की व्यवस्था करवाई।

**लोकसभा में लगे मोदी-मोदी के नारे :** पीएम मोदी ने कहा कि मुझपर अनाप-शनाप कीचड़ उछालकर ही रास्ता निकलेगा। इतने साल हो गए, वे गलतफहमी पालकर ही बैठे हुए हैं। मोदी पर भरोसा अखबार की सुर्खियों से पैदा नहीं होता, टीवी पर चमकते चेहरे से पैदा नहीं होता। जीवन खपा दिया है, पल-पल खपा दिया है। पीएम मोदी के इतना कहते ही लोकसभा में मोदी-मोदी के नारे लगने लगे।


**कांग्रेस की बर्बादी पर हार्वर्ड नहीं, बड़े-बड़े विश्वविद्यालयों में अध्ययन होना तय :** पीएम मोदी ने कहा कि मैंने कई बार सुना है। यहां कुछ लोगों को हार्वर्ड का बड़ा क्रेज है। कोरोना काल में ऐसा ही कहा गया था और कांग्रेस ने कहा था कि भारत की बर्बादी पर हार्वर्ड में केस स्टडी होगी। फिर कल सदन में हार्वर्ड ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



#### मुसीबत में तो 'मोदी' ही काम आया

पीएम ने कहा कि उन्होंने देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए खपा दिया है। देशवासियों का जो मोदी पर भरोसा है, वह इनकी समझ के दायरे से बाहर ही नहीं, समझ के दायरे से काफी ऊपर है। क्या ये झूठे आरोप लगानेवालों पर मुफ्त राशन प्राप्त करनेवाले देश के 80 करोड़ लोग भरोसा करेंगे? एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड के जरिए जब गरीब को राशन मिल जाता है तो वह आपकी झूठी बातों और गलीच आरोपों पर कैसे भरोसा करेगा? जब 11 करोड़ किसानों के खाते में साल में तीन बार सम्मान निधि का पैसा जमा होता हो, वह आप पर भरोसा कैसे करेगा। मुसीबत के समय मोदी उनके काम आया है, आपके आरोपों पर वह कैसे भरोसा करेगा। आपके इन आरोपों को कोटि-कोटि भारतीयों से होकर गुजरना पड़ेगा। कुछ लोग अपने लिए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

#### राहुल का सवाल : जांच की बात क्यों नहीं हुई?



लोकसभा में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण पर राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी उनको (गौतम अडाणी) बचा रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जांच की बात क्यों नहीं कर रहे हैं। बेनामी संपति पर बात क्यों नहीं हुई। उन्होंने दावा किया कि बहुत बड़ा घोटाला हुआ है। मेरे सवालों का जवाब भी नहीं दिया गया। दरअसल, विपक्ष अडाणी समूह के मामले को लेकर जेपीसी जांच की मांग कर रहा है।

# प्लास्टिक की बोतलों से रिसाइकिल कर बनाई जैकेट पहन संसद पहुंचे मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्लास्टिक की बोतलों से रिसाइकिल की गई सामग्री से बनी नीले रंग की जैकेट पहनी। प्रधानमंत्री सुबह संसद में जैकेट पहने नजर आए। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने सोमवार को बेंगलुरु में इंडिया एनर्जी वीक के दौरान प्रधानमंत्री को जैकेट गिफ्ट की थी। आईओसीएल कपड़ा बनाने के लिए सालाना 100 मिलियन पीईटी बोतलों को रिसायकल करेगा, ताकि अर्थव्यवस्था को कार्बन मुक्त किया जा सके। फेंकी गई बोतलों से कपड़ा बनाने की प्रक्रिया में एकत्रित पीईटी बोतलों को धोना, सुखाना और छोटे चिप्स में तोड़ना शामिल है। बजट में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सरकार की सात प्राथमिकताओं में ऊर्जा परिवर्तन और शुद्ध शून्य उद्देश्यों को प्राप्त करने और हरित विकास को सूचीबद्ध करने के लिए 35 हजार करोड़ रुपये का खाका तैयार किया।

## गबन | जांच में हुआ खुलासा, निदेशक के आदेश के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

# बिना स्कूल भवन निर्माण हुए डकार लिए 14 लाख 50 हजार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पलामू जिले के तरहसी प्रखंड के कई विद्यालयों में ना शौचालय बनाया गया और ना ही विद्यालय भवन। जब की गलत तरीके से लाखों रुपए की फर्जी निकासी कर राशि गबन कर ली गई। विभागीय जांच में तरहसी के सात विद्यालयों में शौचालय और स्कूल भवन निर्माण में 14 लाख 50 हजार 188 रुपए गबन किये जाने की पुष्टि हुई है। झारखंड राज्य परियोजना निदेशक के आदेश के बावजूद भी अभी तक राशि गबन किये जाने वाले आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं करायी गयी है। ना ही राशि की रिकवरी नहीं करायी जा सकी है। तरहसी प्रखंड के न्यू प्राथमिक विद्यालय झूरहा में सरकार द्वारा वर्ष 2012 -2013 में शौचालय निर्माण के लिए 66 हजार रुपए आवंटन की गई थी। जिसमें आधा अधूरा शौचालय बनाकर पूरी राशि 66 हजार निकाल ली गई। वहीं, 2015 - 2016 में पुनः इसी विद्यालय में शौचालय निर्माण के लिए 45 हजार आवंटित की गई। विद्यालय के सचिव के द्वारा बिना शौचालय निर्माण कराये ही गलत तरीके से 45 हजार निकाल लिया गया। झुरहा न्यू प्राथमिक विद्यालय में वर्ष 2007 - 2008 में भवन निर्माण के लिए विभाग ने 4 लाख 92 हजार 600 रुपए आवंटन किया था। जिसमें आधा अधूरा भवन का निर्माण कर सचिव के द्वारा राशि निकालकर गबन कर ली गई। इसी तरह तेलडीहा न्यू प्राथमिक विद्यालय में वर्ष 2011 - 2012 में 7 लाख 58 हजार 415 रुपए भवन निर्माण के लिए राशि आवंटन किया गया था। विद्यालय के सचिव के द्वारा आधा अधूरा भवन बनाकर सारा पैसा निकाल लिया गया। वहीं सिकनी न्यू प्राथमिक विद्यालय में वर्ष 2007 - 2008 में 4 लाख 92 हजार 600 रुपए भवन निर्माण के लिए आवंटन किया गया था। जो आज भी अधूरा है। लेकिन राशि पूरी निकाल ली गई। इस विद्यालय में शौचालय निर्माण की राशि भी फर्जी तरीके से निकाल ली गई है। पुरना हिंदिया ने प्राथमिक विद्यालय में शौचालय निर्माण का 45 हजार रुपए गबन कर ली गई है। आज तक इस विद्यालय में शौचालय का काम भी शुरू नहीं हुआ है। सरईडीह न्यू प्राथमिक विद्यालय में 2008 - 2009 में 5 लाख 56 हजार भवन निर्माण के लिए राशि आवंटन हुआ था। आज भी भवन अधूरा पड़ा हुआ है और पैसा निकाल लिया गया है। न्यू प्राथमिक विद्यालय छकनाडीह में वर्ष 2008 -2009 में 5 लाख 56 हजार और 2009 - 2010 में 7 लाख 72 हजार 954 रुपए भवन निर्माण के लिए राशि आवंटित ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



# तुर्की-सीरिया भूकंप में मृतकों की संख्या 11 हजार के पार, बचाव कार्य जारी



**एजेंसी। अंकारा/दमिश्क**

तुर्की और सीरिया में आए विनाशकारी भूंकप के बाद बचाव कार्य जारी है। अब तक दोनों देशों में आए भूकंप से मरनेवालों की संख्या बढ़कर 11 हजार पार कर गईं हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, 16,139 टीमें वर्तमान में बचाव कार्यों में लगी हुई हैं, आनेवाले दिनों में अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय टीमों को तैनात किया जाएगा। वहीं, सीरिया में मरनेवालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसकी जानकारी सीरियाई नागरिक सुरक्षा ने दी। सीएनएन ने समूह के हवाले से कहा, सैंकड़ों परिवारों के मलबे में दबे होने के कारण इन आंकड़ों में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

#### 10 भारतीय फंसे, एक लापता

तुर्की और सीरिया में भूकंप से आई तबाही में 11 हजार से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। इस बीच केंद्र सरकार ने कहा है कि तुर्की के दूरगामी इलाके में 10 भारतीय भी फंसे हैं, पर सुरक्षित हैं। एक लापता है। इस संबंध में परिवार को जानकारी दी गई है। बुधवार को विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) संजय वर्मा ने बताया कि हमने पूरे मामले को लेकर तुर्की के अदाना में कंट्रोल रूम बना दिया है। जो एक भारतीय लापता हैं, वह बिजनेस मीटिंग के लिए वहां गए थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### ट्रक व हाइवा में टक्कर, दोनों वाहन क्षतिग्रस्त

**हरिहरगंज।** सीमावर्ती संडा गांव के समीप एनएच 139 पर बुधवार की सुबह 5 बजे ट्रक और हाइवा की आमने सामने टक्कर हो गयी। इससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं हाइवा में फंसे ड्राइवर को हरिहरगंज थाना की पुलिस ने बाहर निकाल कर सीएचसी हरिहरगंज पहुंचाया। वही टक्कर होने से कुछ समय के लिए आवागमन बंद हो गया। हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के निर्देश पर एसआई महावीर एक्का ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर जाकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को किनारे कर आवागमन को बहाल कराया।

### 15 दिनों में आवास बनाने का निर्देश

**पाटन।** पलामू के उपविकास आयुक्त के निर्देश पर पाटन के बीडीओ मनोज तिवारी ने प्रखंड के सभी 22 पंचायतों में मनरेगा, पीएम आवास, आंगनबाड़ी आदि से संबंधित कार्यो की समीक्षा की। इस क्रम में वित्त वर्ष 2016- 17 से 2021-22 में स्वीकृत परंतु अबतक अपूर्ण 2528 आवास को 15 दिनों में पूरा कराने का निर्देश दिया। साथ ही ऐसा नहीं होने पर पंचायत सेवक, रोजगार सेवक एवं प्रखंड समन्वयक कार्रवाई की चेतावनी दी। अन्य योजनाओं को भी शीघ्रता से पूरा करने का निर्देश दिया।

### नेशनल हाइवे पर दुकान लगाने वालों को लगाई कड़ी फटकार

**छतरपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी सह पलामू जिले के छतरपुर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी श्रीकांत विशपुते ने मंगलवार को साप्ताहिक बाजार के दौरान नेशनल हाइवे-139 पर दुकान लगाकर कारोबार करने वालों को फटकार लगाई। सहयोगियों के साथ पैदल मार्च करते हुए उन्होंने बेतरतीब तरीके से फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों को अतिक्रमण नहीं करने का निर्देश दिया। साथ ही निदेर्शों का अनुपालन नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। श्रीकांत विशपुते ने ठेला-खोमचा लगाने वालों से अपने कारोबार वाले स्थान की स्वच्छता बनाये रखने का निर्देश दिया। साथ ही शौचालय के सामने बेतरतीब तरीके से पार्क बाइक के मालिकों से जुमार्ना वसूलने का निर्देश दिया। छतरपुर के जपला मोड़ पर स्थित थाना की दीवार से सटे फुटपाथ को अतिक्रमण कर दुकान बनाने वालों को कब्जा हटाने के लिए नोटिस जारी करने, होटल संचालकों को ट्रेड लाइसेंस और फूड लाइसेंस लेने, कारोबार के लिए व्यवसायिक सिलेंडर का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया। कामाख्या सिंह जिनका होल्डिंग टैक्स का चेक बाउंस कर गया है, के घर जाकर 24 घंटे के अंदर होल्डिंग टैक्स जमा करने का निर्देश भी श्रीकांत विशपुते ने दिया। उन्होंने कहा कि छतरपुर नगरवासियों को नगर पंचायत के नियमों के अनुसार कार्य और व्यापार करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि शहर का समुचित विकास सुनिश्चित हो सके।

### पलामू के 25 आदर्श विद्यालयों में स्थापित होगा आईसीटी लैब

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के 25 आदर्श विद्यालयों के प्राचार्यो को सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) प्रयोगशाला अपने-अपने स्कूलों में स्थापित कराने को लेकर मंगलवार को एक दिन का प्रशिक्षण दिया गया। मेदिनीनगर सिटी के गिरिवर प्लस-2 हाई स्कूल में आयोजित ट्रेनिंग शिविर में जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी और समग्र शिक्षा अभियान के अतिरिक्त जिला योजना पदाधिकारी उदय कुमार की मौजूदगी में ट्रेनिंग दी गई।

### कर्मचारी के दलाल चलाते हैं पाटन ब्लॉक

# परेशान लोगों ने लगायी गुहार, हो समस्या का निदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड के अंचल कार्यालय का बुरा हाल सर्वविदित है। जिस पर किसी का ध्यान नहीं है। कर्मचारियों की मनमानी यह है कि लोग परेशानी के आलम में जीने को मजबूर हैं। जमीन संबंधित कागजात को निष्पादन करने के लिए कर्मचारी मंगलवार को ही ब्लॉक परिसर में आते हैं। गैर सरकारी आदमी के हाथों में ऑफिस का कागजात देकर गायब हो जाते हैं। जिससे लोगों में आक्रोश है। गौरतलब है कि पलामू उपायुक्त का निर्देश है कि



पंचायत में घूम -घूम कर काम करना है। लेकिन ऐसा नहीं होता है। भूमि संबंधित काम जी का जंजाल बनते जा रहा है। प्रत्येक कर्मचारी के दलाल होते हैं। यह तरह-तरह से लोगों को परेशान करते हैं। बिना चढ़ावा कोई काम नहीं होता है। कई बार घूस लेते इन्हें देखा जाता है। एलपीसी, म्यूटेशन, रसीद ऑनलाइन निर्गत करने के लिए पहुंचे ग्रामीण प्रशांत कुमार, जयप्रकाश कुमार, अन्य ने बताया कि एलपीसी बनाने के लिए 5000 हजार, जमीन को ऑनलाइन करने के लिए 2000 रुपए कर्मचारी के दलाल मांगते हैं। कंप्लेन करने पर अंचलाधिकारी भी नहीं सुनते हैं। जिस कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### पुलिस ने लोगों के बीच फैलाई जागरूकता

**छतरपुर।** रन फोर रोड सेफ्टी के तहत पुलिस ने आम लोगों में जागरूकता फैलाने को लेकर छतरपुर थाना से लेकर ब्लॉक तक लगभग 8:30 बजे सुबह मैराथन दौड़ लगाया। जिसमें पुलिस इंस्पेक्टर वीर सिंह मुंडा, थाना प्रभारी शेखर कुमार, एसआई प्रिरंजन कुमार ,रामरेश हजाम, सुभाष मालिक थाना के जवान और छतरपुर के आम नागरिक शामिल थे। वहीं इंस्पेक्टर वीर सिंह मुंडा ने कहा कि लोगों को सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट व कम स्पीड में चलना चाहिए। आप सुरक्षित है तो आपका पूरा परिवार सुरक्षित है।

# जमा पूंजी वापस कराने को लेकर निवेशकों ने डीसी से लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विभिन्न फाइनेंस कंपनियों में पैसा जमा कर अपनी पूंजी जमा गंवा बैठे लोगों ने पलामू समाहरणालय में काफी हंगामा किया। उनकी एक ही मांग थी कि उनकी जमा पूंजी प्राइवेट बैंक लौटाये भीड़ में शामिल लोगों का कहना था कि सहारा इंडिया, वेलफेयर राईमल, साईं प्रसाद और रैम्बो जैसी 28 प्राइवेट कंपनियां आम लोगों से पैसा जमा कराती थी। वैसी कंपनियों ने लोगों की खून-पसीने की कमाई को लेकर कंपनियां भाग गई है। वहां उपस्थित निवेशकों में कृष्णा यादव का डेढ़ लाख, ग्राम दिदौरी निवासी शंकर प्रसाद का 25 हजार व ग्राम सोनपुरवा के नरबेद का 70 हजार रुपये सहित कई लोगों से करोड़ों रुपए का गबन यह कंपनियां कर चुकी हैं। इस हंगामे के बाद उपायुक्त पलामू के आदेश पर इन लोगों का फार्म जमा किया जाने लगा है। लोगों का कहना था कि उपायुक्त द्वारा इस पहल से हम लोगों को पैसा मिलने की उम्मीद जगी है। वैसे कई वर्षो से इसपर किसी तरह कि पहल नहीं की गई थी।

# स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय फलक पर पहुंचाने की कोशिश जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में पर्यटन संवर्द्धन के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय फलक पर पहुंचाने की कोशिश हो रही है। पर्यटन स्थलों पर एक ओर जहां पर्यटकीय सुविधा बढ़ाई जा रही है। वहीं स्थानीय व्यक्तियों को हुनरमंद बनाने की दिशा में भी निरंतर कार्य हो रहे हैं। स्थानीय हुनर की पहचान मिले और लोग रोजगार से जुड़कर आमदनी बढ़ा सके, इसके लिए सरकार के साथ स्थानीय प्रशासन भी जुटी है। महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के पुरूष वर्ग को स्वयंसेवी संस्थाओं से जोड़कर रोजगार मुहैया कराई जा रही है। महिला-पुरूषों को हुनरमंद बनाने से लेकर उनके द्वारा निर्मित हस्तशिल्प को बाजार उपलब्ध कराने का कार्य भी जोरो से चल रहा है। निर्मित वस्तुओं का उचित मूल्य मिले, इसके लिए प्रयास हो रहे हैं। इसी कड़ी में शामिल है पथिक ग्राम दुकान।

**कहाँ स्थित है पथिक ग्राम दुकान :** पलामू प्रमंडल के दुबियाखांड़-नेतरहाट मुख्य मार्ग पर सेसा प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में अवस्थित पथिक ग्राम दुकान में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा निर्मित हस्तशिल्पों को न केवल प्रदर्शित किया गया है, बल्कि बिक्री भी की जा रही है।

# कृषि शुल्क के विरोध में खाद्यान्न कारोबारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड राज्य कृषि उत्पादन व पशुधन विपणन विधेयक -2022 के तहत दो फीसदी शुल्क लगाने के निर्णय के विरोध में हुसैनाबाद के खाद्यान्न कारोबारी बुधवार को अपने प्रतिष्ठान को बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। खाद्यान्न व्यवसायी शहर के महाबीर जी भवन से जुलूस की शक्ल में शांति पूर्वक शहर का भ्रमण करते हुए राज्य सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। इसके उपरांत एसडीओ कमलेश्वर नारायण व विधायक के नाम ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर खाद्यान्न व्यवसायियों ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड मे फिर से कृषि शुल्क लगाने की तैयारी मे है। उक्त विधेयक में अनियमितता को देखते हुए वर्ष 2015 मे इसे समाप्त कर दिया गया था। दुबारा इस शुल्क को लागु करने का निर्णय अव्यहारिक है। उन्होंने कहा कि झारखंड मे अधिकांश कृषि उत्पादित



वस्तुएं अन्य राज्यों से आता है, ऐसे में बाहर से आये हुए वस्तुओं पर कृषि बाजार शुल्क लगने से हर वर्ग के लोग प्रभावित होंगे। बिहार में बाजार समिती भंग कर दी गयी है। झारखंड पहुंचने से पहले ही टैक्स लग चुका होता है। ऐसे मे कृषि बाजार शुल्क लगने से यहां के लोगों को डबल टैक्सेश की मार पड़ेगी। ऐसे में उत्पाद महंगी होगी और हम पड़ोसी राज्यों के मुकाबले से बाहर हो जायेंगें। उन्होंने राज्य के व्यवसायियों की समस्या को देखते हुए कृषि उत्पाद शुल्क विधेयक लागू नहीं करने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से प्रदीप कुमार गुप्ता, बिजय प्रसाद गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, पीयूष अग्रवाल, दिनेश कुमार गुप्ता, अजित कुमार गुप्ता, सौरभ कुमार, छोटेलाल गुप्ता, सतीश कुमार गुप्ता, देव कुमार बोस, मिक्कू ठाकुर, रामजी कुमार, संजय गुप्ता, नीरज अग्रवाल, पंकज अग्रवाल समेत शहर के कई अन्य खाद्यान्न व्यवसायी मौजूद थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक / विद्युत/ पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा संख्या : TRD/OT/19/OHE/WIRING/ 2022-23,**

**क्र॰सं॰ 01 कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** Improvement of Traction assets by OHE modification & wiring extension of unwired lines, yard lies, loop lines etc. in DHN division, **कार्य समापन की अवधि** – (12) बारह माह, **क्र॰सं॰ 02 कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रूपया 3,03,25,415.66/– **निविदा प्रपत्र का मूल्य** –शून्य /–, **क्र॰सं॰ 03, बीड सिक्युरिटि :** 3,01,700/–, **क्र॰सं॰ 04 ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तिथि 03.03.2023 को 11: 00 बजे, ई–निविदा खुलने की तिथि 03.03.2023 को 11: 30 बजे **क्र॰सं॰ 05 वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट : **www.ireps.gov.in,** ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक/क॰वि॰**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/02074/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/22–23/32


# वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

### पतसा की टीम 3-2 से विजयी घोषित

**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड ।** प्रखंड क्षेत्र के जोगा जरही टोला स्थित आजनवन खेल मैदान में आजनवन विकास समिति सह वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन बुधवार को हुआ । वही समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में श्रम नियोजन खाद्य आपूर्ति भारत सरकार के सलाहकार रामाशीष कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी कपिलदेव ठाकुर व मुख्य वक्ता के रूप में अमर कुमार सिन्हा सहित आये पदाधिकारियों को कमिटी के सदस्यों ने फूल माला से जोरदार स्वागत किया। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा वीर भगत सिंह के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद कबूतर उड़ाकर व फुटबॉल को किक मारकर खेल की शुरूआत की । मौके पर रामाशीष यादव ने कहा कि युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। उन्हें जरूरत है सही मार्ग दर्शन की । उन्होंने कहा कि खेल एक सिक्के के दो पहलू हैं। जिसमें कभी हार तो कभी जीत लगा रहता है। हमें हार से कभी निराश नहीं होना चाहिए। क्योंकि हार ही जीत की राह दिखाती है। आगे उन्होंने कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना व आपसी भाईचारे के साथ खेलना चाहिए । वही आगे खिलाड़ियों को संबोधन करते हुए उन्होंने कहा कि खेल से हमारे शरीर का मानसिक व शारीरिक बौद्धिक विकास होता है। वही फाइनल मैच पलामू जिला के उंटारी रोड व गढ़वा जिला के पतसा के बीच खेला गया। जिसमे गढ़वा की पतसा टीम पलामू के उंटारी रोड को 3-2 से पराजित कर सीरीज पर कब्जा किया। वहीं मैच में असमाजिक तत्वों ने मैच ग्राउंड मे प्रवेश कर विवाद कर दिया । जिससे सील्ड वितरण नही हो सका । मौके पर मौजूद उंटारी रोड पुलिस के जवानों ने विवाद को शांत कराया। खबर लिखे जाने तक सील्ड वितरण नहीं हो पाया था। समाचार लिखे जाने तक विजेता टीम सील्ड नहीं मिल पाया था।

### आबादगंज निवासियों ने डीसी से पानी की मांग की

**मेदिनीनगर।** शहर के आवादगंज के लोगों ने मंगलवार को पानी की मांग करते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर अपनी बात रखी। पूर्व वार्ड पार्षद मनोज सिंह के नेतृत्व में हाथ में तख्ती लिए लोग उपायुक्त कार्यालय पहुंचे थे। मनोज सिंह ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 एवं 15 आवादगंज डाई जोन के रूप में जाना जाता है।

# महादलित समुदाय को मुख्यधारा में लाने की कवायद शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू महादलित समुदाय समाज की मुख्यधारा से कटा हुआ है। कुछ महीने पहले ही जिला में एक महादलित बस्ती को उजाड़ दिया गया था। जिसको लेकर काफी सियासत हुई थी। लेकिन इस समुदाय के परिवार और समाज को एकजुट करने की कवायद की जा रही है। इन लोगों को अधिकार दिलाने की मांग उठने लगी है। महादलित मुसहर समुदाय आज भी समाज के मुख्यधारा से कटा हुआ है और मध्यकालीन सभ्यता में जी रहा है। पलामू प्रमंडल में महादलित के 760 परिवार है, सभी परिवारों को एकजुट किया जा रहा है। सभी महादलित परिवारों को एक मंच पर लाया जा रहा है, ताकि उन्हे मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। पिछले साल अगस्त के महीने में पांडू थाना क्षेत्र के मुरुमातु में एक महादलित बस्ती को उजाड़ दिया गया था।

**कइयों के पास कागजात तक नहीं :** केंद्र और राज्य की सरकार ने मध्यकालीन सभ्यता में जी रहे महादलितों के लिए कोई विशेष योजना तैयार नहीं की है । पलामू के चियांकी, पड़वा, लेस्लीगंज, बैरिया जबकि गढ़वा के नगर उंटारी के इलाके में इनका स्थायी प्रवास है। लेकिन बाकी जगहों पर इनका कोई स्थायी ठिकाना नहीं है। पलामू, गढ़वा और लातेहार में पहली बार 2005 मे इस महादलित समुदाय ने मतदान में हिस्सा लिया था।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू**

**ई0टेन्डर अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या–EE/RDSD/PALAMAU-17/2022-23/RE-01PR NO.288956

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 5. | प्रखण्ड रामगढ़ के पंचायत रामगढ़ के ग्राम रामगढ़ में स्त्रोन्नत +2 उच्च विद्यालय रामगढ़ में अतिरिक्त 04 कमरा का निर्माण। | 3702482.00 | 74100.00 | 5000.00 | 04 माह। |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **14.02.2023**
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **20.02.2023** अपराहन 5.00 बजे तक।
3. कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू के प्रतिनिधि द्वारा पुलिस अधीक्षक के कार्यालय परिसर में के कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ, पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय **23.02.2023** को अपराहन 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय **24.02.2023** अपराहन 2.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रममण्डल, पलामू।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–**9304798195**
7. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू के पक्ष में, जो भारतीय स्टेट बैंक डालटनगंज शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
8. निविदादाता के यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड़ करना अनिवार्य है।

9- Form of Bid and Bill of Quantity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता की निविदा अमान्य समझा जायेगा।

10.प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

11.विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **Jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

**PR 289621 Rural Work Department(22-23)#D**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**शुद्धि-पत्र**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद के तहत् हण्टरगंज प्रखण्ड में पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्यों की ई– अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना सं॰–**17/2022-23/RWD/CHATRA**, दिनांक–28.01.2023, जिसकी प्राप्ति की अंतिम तिथि 15.02.2023 है, जिसका **P.R. No.** 288659 ;**Rural Work Department)** 22–23 **(D)** है, जिसमें क्रम सं॰–04 में अंकित शंकर चौधरी के घर से अजय यादव के घर तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्य (लं॰–0.246 कि॰मी॰) को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.289625
Rural Work Department(22-23):D



**अतकार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

पत्रांक–62 /दिनांक–07.02.2023

**शुद्धि -पत्र**

इस कार्यालय के ई निविदा आमंत्रण सूचना सं0–03/2022–23(3rd call) जिनका PR No-288857( water resource) (2022-23)*D है विभिन्न सामाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी। इसे निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | :– | Rate through e-Quotations are invited for "Material" category annexed as (i) 20 H.P AC Solar Pump, Solar panel set (ii) 10 H.P DC Solar Pump & (iii) 5 HP DC Solar Pump with Solar panel, steel structure supplying ,installation & commissioning for lift irrigation scheme from Manufacture /Supplier having valid GSTIN for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under Minor Irrigation Division, Latehar Government of Jharkhand to be used in different pump plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http:// Jharkhandtenders.gov.in. Details of work experience and list of materials are available on the above e-tender portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate including taxes for the Materials online from 06.02.2023 at 12.30 PM to 16.02.2023 at 5.00 PM. The Quotation will be opened on 18.02.2023 at 12.30 PM The Quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials as per with lowest market rate for forming of Estimates under Minor Irrigation Division, Latehar |
| 4 | ई0 कोटेशन खोलने की तिथि | :– | 18.02.2023 , 12.30 PM |

उक्त निविदा की अन्य शर्ते यथावत् रहेगी। निविदा को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 289638 (Water Resource) 22-23 (D)



**Office of the Executive Engineer -cum-Member Secretary Drinking Water and Sanitation Committee, Medininagar, Palamu**

**Invitation for Tender**

On behalf of the Government of Jharkhand, **the Drinking Water and Sanitation Department** invites sealed tender offers (Eligibility and Price) for **"Hiring of Agency for Implementation of Gobardhan project in District Water & Sanitation Committee Medininagar Palamu, Jharkhand".**

*The summary of tender details is as below:-*

| Sr. No | Item Details | Particulars |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | SBMG Phase II /DWSD/Gobardhan/o3/2022-23 |
| 2 | Tender Fee | Rs. 5,000/- (Rupees Five thousand only) |
| 3 | BID Security (EMD) | Rs. 1,00,000/- (Rupees One Lakh only) |
| 4 | Pre-Bid Conference (Address) | OFFICE OF THE Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Committee Medininagar Palamu, Jharkhand Phone: - 9835068475 Email: - eedwsd.medininagar@gmail.com |
| 5 | Address of Communication | OFFICE OF THE Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Committee Medininagar Palamu, Jharkhand Phone: - 9835068475 Email: - eedwsd.medininagar@gmail.com |
| 6 | Telephone Number | 9835068475 |
| 7 | Contact Person | Executive Engineer |
| 8 | Email Contact | eedwsd.medininagar@gmail.com |

**1.Tender Calendar:**

| Item Details | Target Date |
|---|---|
| Date of commencement of availability of the tender document. | 07/02/2023 |
| Last date to send requests for clarifications on the Tender. | 20/02/2023 |
| Project briefing & Pre-bid meeting. | 23/02/2023 at 01:00PM |
| Last date and time for submission of bids. | 02/03/2023 at 04:00PM |
| Opening of Eligibility/Technical Bids. | 04/03/2023 at 03:00PM |

Note: - Eligible bids will be opened in the presence of bidders on the specified date. Notice of any changes will be notified on the official website of DWSD. Further, the Price bid/Financial bid Opening Date, Time & Venue will be intimated to the qualified Bidders on a later date.
The Executive Engineer Drinking Water and Sanitation Committee Medininagar, Palamu the right to accept, reject any tender offer or cancel the entire process without assigning any reason thereof. **All the EOI/Tender related document can be seen on** https://palamu.nic.in

**Executive Engineer –cum-Member Secretary**
**Drinking Water & Sanitation Committee**
**Medininagar, Palamu Government of Jharkhand**
**Email:eedwsd.medininagar@gmail.com**

PR 289635 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)



**झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (जिला कृषि कार्यालय, लातेहार)**

**आवश्यक सूचना**

राज्य मिशन निदेशक, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक–02 रॉची दिनांक 03.01.2023 एवं पत्रांक 20, 21 दिनांक 12.01.2023 के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन–दलहन,मोटे अनाज एवं तेलहन योजना अन्तर्गत 50% अनुदान पर कृषि यंत्र किसानों के बीच वितरण हेतु लक्ष्य प्राप्त है जिसकी विवरणी निम्न प्रकार हे :–

| क0 | कृषि उपादान/कृषि यंत्र का नाम | भौतिक लक्ष्य | कोटि | अधिकतम अनुदान की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पम्पसेट | 123 | Other | 10000 |
| 2 | पावर नेपसेक स्प्रेयर | 81 | SC/ST | 3100 |
| | | 53 | Other | 2500 |
| 3 | मैनुअल स्प्रेयर | 136 | SC/ST | 750 |
| | | 89 | Other | 600 |
| 4 | रोटावेटर | 10 | SC/ST | 42000 |
| | | 4 | Other | 34000 |
| 5 | मल्टी क्रॉप थ्रेसर | 1 | SC/ST | 100000 |
| | | 1 | Other | 80000 |
| 6 | Chisel plough | 1 | SC/ST | 10000 |
| | | 1 | Other | 8000 |
| 7 | Ridge Furrow planter | 1 | SC/ST | 30000 |
| 8 | Seed Storage Bins | 20 | Other | 1000 |
| 9 | स्प्रिंकलर सेट | 6 | Other | 19542 to 21901 |
| 10 | सिंचाई पाईप | 1413 Mtr. | Other | Rs.50/- Per meter |
| 11 | मोबाईल रेनगन | 1 | Other | 28681 to 34513 |
| 12 | मिनी दाल मील | 1 | Other | 95000 |
| 13 | थ्रेसिंग फ्लोर | 7 | Other | 57500 |
| 14 | मैनुअल ऑपरेटेड क्लटीवेटर | 11 | SC/ST | 10000 |
| | | 5 | Other | 8000 |
| 15 | पॉवर ऑपरेटेड सिड ट्रिटिंग ड्रम | 7 | SC/ST | 10000 |
| | | 5 | Other | 8000 |
| 16 | मेजसेलर | 5 | SC/ST | 10000 |

अतः किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि निम्न शर्तो के अनुसार योजना का लाभ लिया जा सकता है :–

1.आवेदन पत्र जिला कृषि कार्यालय में प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर जमा किया जा सकता है।

2.आवेदन पत्र के साथ पहचान हेतु एक फोटो, जमीन रसीद, बैंक पासबुक, आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र का फोटोकॉपी जनप्रतिनिधि तथा प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक/जनसेवक से अभिप्रमाणित कराकर जमा करें।

3.प्रखण्ड कृशि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक /जनसेवक के द्वारा किसानो को कृशि यंत्र का वितरण टोकन आधारित होगी।

4.अनुदान की राशि का भुगतान किसानों के खाते में DBT के माध्यम से किया जाएगा।

5.वैसो कृषकों को लाभान्वित किया जाएगा जो विगत तिन वर्षो से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अन्तर्गत किसी भी यात्रीकरण का लाभ नहीं लिया हो शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।

**6-** JSLPS/स्वयं सहायता समूह/FPO के कृशकों विशेशकर महिला कृशकों को लाभुक चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।

विश्वासभाजन
जिला कृषि पदधिकारी, लातेहार।

**PR.NO.289647 Agriculture(22-23):D**

## NEWS इन ब्रीफ

### हादसा : टेंपो से पलट कर आधा दर्जन घायल



**भवनाथपुर।** केतार भगवान घाटी में मंगलवार की रात्रि में भवनाथपुर से केतार सवारी लेकर जा रही टेंप्पो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें टेंप्पो पर सवार आधा दर्जन सवारी घायल हो गये। उसी रात्रि को केतार थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर टेपों को जब्त कर थाने ले गई। केतार थाना क्षेत्र के बेलाबार निवासी प्रेम कुमार सिंह और दासीपुर बाबूलाल साह तथा हिरामन साह भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज के लिए पहुंचे, जहां पर तैनात आयुष चिकित्सक अभिनीत विश्वास द्वारा इलाज किया गया। घायल हिरामन साह ने बताया कि हमलोग भवनाथपुर से टेपों द्वारा घर जा रहे थे कि टेपों की रफ्तार तेज होने के वजह से छोटा सा पत्थर पर टेपों के चक्का चढ़ते ही अनियंत्रित होकर पलट गई। हम लोग ईलाज कराने के लिए भवनाथपुर आ गए जबकि अन्य घायल केतार चले गये।

### बीडीओ ने गरबांध पंचायत सचिवालय में किये बैठक



**श्री बंशीधर नगर।** कल जिले के उपायुक्त द्वारा प्रस्तावित ग्राम पंचायत गरबांध में सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की तैयारी को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने बुधवार को पंचायत सचिवालय गरबान्ध में सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में अंचलाधिकारी अरुण मुंडा, सीडीपीओ रीना साहू, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम, सभी विभागों के कनीय अभियंता, पंचायत की मुखिया सिविष्टयानी देवी, सभी वार्ड सदस्य, सेविका, सहायिका, सहिया सहित अन्य उपस्थित थे।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा की हुई बैठक

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारीशाखी में बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मनोज कुमार वर्मा व संचालन मनोज दांगी ने किया। बैठक में संगठन मजबूती पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया गया कि 13 फरवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जोहर यात्रा के तहत चतरा पहुंचेंगे। जोहार यात्रा में प्रखंड के कोने कोने से लोगों को शामिल कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में राजू लाल वर्मा, 20सूत्र सदस्य मनोज दांगी, पंचायत अध्यक्ष संजय यादव, पंचायत अध्यक्ष रीता कुमारी, सुनीता कुमारी, ममता कुमारी आदि उपस्थित थे।

### बिजली नहीं रहने से पूरा क्षेत्र अंधकार में



**रमना।** प्रखंड मुख्यालय सहीत आसपास के ग्रामीण इलाकों मे मंगलवार के रात्री करीब ढाई बजे से बिजली गुल है। परसवान पावर सब स्टेशन में रमना फीडर के सिटी रात्री में क्षतिग्रस्त हो गया था जिसके वजह से रमना की सप्लाई बंद कर दी थी। फिडर का क्षतिग्रस्त सिटी को दुरुस्त करने के बाद सप्लाई बहाल किया गया। लेकिन बिजली टिक नही पाई और ट्रिप कर गया। सप्लाई लाईन में फाल्ट होने के कारण दो लाईन मैन के द्वारा फाल्ट खोजने की प्रकिया जारी था। समाचार भेजे जाने तक बिजली आपूर्ति बहाल नही हो पाई है। गुनवंत कुमार, कनिय अभियंता, बिजली विभाग, रमना के द्वारा बताया गया कि रमना फिडर का सिटी क्षतिग्रस्त हो गया था जिसे दुरुस्त कर लिया गया है। सप्लाई लाईन में फाल्ट खोजने के लिए दो-दो लाईन मैन लगे हुए है। प्रयास किया जा रहा है जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल हो।

# भलुही विद्यालय में एक भी छात्र नहीं पहुंचा

## छात्रा की मां के आवेदन पर दोनों आरोपित शिक्षकों पर प्राथमिकी दर्ज

**विद्यालय में 575 बच्चों का नामांकन है**

**बुधवार को एक भी बच्चा विद्यालय में पठन-पाठन करने नही पहुंचे**

**विद्यालय सुनसान रहा एवं एमडीएम बंद रहा**

**अभिभावक शिक्षक पर कारवाई होने तक बच्चों को पढ़ाई के लिये नही भेजेंगे**




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** खरौंधी प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय भलुही में शिक्षक एवं छात्रा के बात चीत का ऑडियो वायरल होने से मंगलवार को पूरे दिन विद्यालय में विवाद रहा। वही अभिभावकों को विरोध को देखते हुए दोनों आरोपी शिक्षकों विभूति नारायण सिंह तथा नवलेश कुमार सिंह के विरुद्ध खरौंधी थाना में छात्रा की मां के आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। इधर इस घटना को लेकर बुधवार को भी भारी असर देखा गया। विद्यालय समय से खुला शिक्षकों ने घंटी लगाई। लेकिन विद्यालय में कोई छात्र नही पहुंचा जिससे विद्यालय सुनसान रहा। प्रधानाध्यापक के साथ शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचे शिक्षक बच्चों के आने का इंतजार करते लेकिन तीन बजे तक भी एक भी बच्चा विद्यालय नही पहुंचे। स्तरोन्नत उच्च विद्यालय भलुही में वर्ग एक से दस तक की कक्षा संचालित होती है। विद्यालय में 575 बच्चों का नामांकन है। लेकिन मंगलवार के घटना के बाद बुधवार को एक भी बच्चा विद्यालय में पठन-पाठन करने नही पहुंचे। जिससे विद्यालय सुनसान रहा एवं एमडीएम बंद रहा। जानकारी के अनुसार शिक्षकों के द्वारा बच्चो को विद्यालय आने को कहा लेकिन विद्यालय में बच्चें नही पहुंचे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिक्षक एवं छात्रा के साथ बातचीत का ऑडियो वायरल होने के बाद अभिभावक शिक्षक पर कारवाई होने तक बच्चों को पढ़ाई के लिये नही भेजेंगे। ऐसे में विद्यालय के बच्चों का पढ़ाई बाधित होगा। वही मैट्रिक परीक्षा मार्च महीना में होना है, अगर अभिभावक बच्चों के विद्यालय भेजने को लेकर कोई ठोस निर्णय नही लिया तो पढ़ाई बाधित रहेगा। स्तरोन्नत उच्च विद्यालय भलुही के दो शिक्षक एवं छात्रा के साथ बात चीत का ऑडियो वायरल होने से विद्यालय के दोनों शिक्षकों को बर्खास्ती को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने विद्यालय में ताला बंदी किया एवं दोनों आरोपी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने की मांग कर रहें थे। मिली जानकारी के अनुसार छात्रा की मां के द्वारा थाना में आवेदन देकर दोनों आरोपी शिक्षक पर प्राथमिकी दर्ज कर करवाई की मांग किया है। थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया की छात्रा के मां के आवेदन के आलोक में दोनों आरोपी शिक्षक पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। एवं अग्रेतर कारवाई की जा रही है।

वही कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष राहुल दुबे ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है उन्होंने ऐसे शिक्षकों पर कठोरतम कार्यवाई की मांग किया है। उन्होंने बहन बेटियों की सुरक्षा पर हरसंभव मदद करने एवं उनके मानसम्मान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही।

वही प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय के द्वारा ग्रामीणों के आवेदन के आलोक में उक्त दोनों शिक्षको की बर्खास्तगी के लिए उच्चाधिकारियों को अनुशंसा भेज दी गयी है।अभिभावकों के साथ बैठक कर शैक्षणिक माहौल तैयार कर विद्यालय में पठन पाठन सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा।

जिला शिक्षा अधीक्षक मिथलेश केरकेट्टा ने बताया की प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी खरौंधी के द्वारा सभी बिंदुओं पर जांच की गई है जांचोपरांत आरोपित शिक्षको को बर्खास्त किया जाएगा।

## चिनिया के अभिषेक चंचल ने एफएमजीई की परीक्षा उतीर्ण की

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया** गढ़वा नगर परिषद अंतर्गत रांकी मुहल्ला के हरिनारायण प्रसाद के पौत्र एवं वेंकटश्वर नारायण के पुत्र अभिषेक चंचल ने विदेश के जियांगक्सी यूनिवर्सिटी, चीन से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर भारत में मेडिकल प्रैक्टिस करने की दक्षता में उतीर्णता हासिल की है। विदेश से पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए यह काफी कठिन परीक्षा है। विदेशी विद्यार्थियों को भारत में रजिस्ट्रेशन के लिए एफएमजीई की परीक्षा पास करनी पड़ती है।

इसके बाद एक वर्ष का इंटर्नशिप करना पड़ता है। इसके बाद पूरी तरह से एक फिजिशियन के रूप में मेडिकल प्रैक्टिस कर सकते हैं। इस उपलब्धि से अभिषेक ने गढ़वा का नाम रोशन किया है। इस सफलता का श्रेय दादा-दादी, माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। अभिषेक ने कहा कि मेहनत करने वाले लोगों को सफलता जरूर मिलती है। किसी भी परीक्षा से घबराने की जरूरत नहीं है।

अभिषेक ने आगे की पढ़ाई की इच्छा जतायी है। फिलहाल एक वर्ष इंटर्नशिप के लिए कोई बेहतर मेडिकल कॉलेज को चुनना चाहते हैं। बधाई देनेवाले में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष उमेश कश्यप, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुलदेव चौधरी, केमिस्ट एसोसिएशन के आदायशंकर पांडेय, सचिव नन्दकिशोर श्रीवास्तव, डॉ. आर पाठक, दौलत सोनी, संध्या सोनी तथा कशौधन समाज के लोग शामिल थे।

## सिमरिया में हाथियों के झुंड ने फसलों को पहुंचाया नुकसान

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के जिरवा खुर्द पंचायत अंतर्गत सलगी गांव में हाथियों के झुंड ने ग्रामीण दिल चंद साहू, राधिका रमन सिंह, मनोज सिंह, नारायण सिंह एवं अन्य ग्रामीणों के खेत में लगे राई, गेहूं एवं अन्य फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है। इस संबंध में जिरवा खुर्द पंचायत के मुखिया मनोरंजन सिंह ने बताया कि 14 हाथियों का झुंड मंगलवार रात खेत में पहुंचकर काफी नुकसान पहुंचाया। इसकी सूचना वन विभाग को देने के साथ फसलों के नुकसान का मुआवजा की भी मांग की गई है। ज्ञात हो कि इन दिनों पूरे प्रखंड में हाथियों का आतंक फैला हुआ है। ग्रामीण जान माल की रक्षा के लिए रतजगा कर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को भगाने की गुहार लगाई है।

## मुखिया धनवंती ने शुलभ शौचालय का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई** सदर पंचायत मुखिया धनवंती देवी ने बुधवार को 15वें बीत की राशि से कार्यान्वित होने वाली एक योजना का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। उस दौरान उनके द्वारा डंडाई पंचायत के पुराना पंचायत भवन में रू. 100000 की लागत से बनने वाली सुलभ शौचालय निर्माण कार्य योजना का शिलान्यास करने का काम किया गया। वहीं मौके पर उपस्थित कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार के द्वारा पंचायत भवन परिसर में उक्त कार्य योजना को लेकर लेआउट की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। तत्पश्चात ठेकेदार शंकर राम व रविन्द्र राम के सहयोग से कनीय अभियंता ने घंटो देर बाद अपने कार्य को पूर्ण किया। इस बीच मुखिया ने कहा कि पुराना पंचायत भवन डंडाई गांव के मध्य भाग पर अवस्थित है। उसके परिसर



में गांव घर के लोगों का छोटा बड़ा कार्यक्रम नियमित होते रहता है। इतना ही नहीं फिलहाल वह भवन मान्यताप्राप्त स्वयम सहायता महिला समूह को हस्तांतरित कर दिया गया है। जहां पर प्रत्येक दिन सैकड़ों से भी अधिक महिलाओं का उठन-बैठन होते रहता है। शौचालय नहीं होने से बाहर से आ रहे लोगों के साथ-साथ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी शौच के मामले में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मुखिया ने कहा कि शौचालय का निर्माण हो जाने से उक्त लोगों को पंचायत भवन परिसर से बाहर नहीं निकलना पड़ेगा। साथ ही कहा कि जिस उम्मीद के साथ पंचायत के गरीब गुरवे ने अपना कीमती वोट देकर मुझे पंचायत का बागडोर सौंपा है। उनकी उम्मीदों को याद कर मैं उसे बारी-बारी से पूरा करने का काम कर रही हूं। मुखिया ने बताया कि महिला जनप्रतिनिधि होने के नाते महिलाओं के हित का यह मेरा पहला कार्य योजना है। मुखिया ने कार्य योजना के अभिकर्ताओं को कायार्देश में निहित समयावधि के बीच उसे पूरा करने का सख्त चेतावनी दिया। वहीं मुखिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पंचायत भवन को भविष्य में और राशि खर्च कर सुंदरीकरण करने का काम किया जाएगा। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, पंचायत सचिव सुदर्शन राम, मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम, उप मुखिया प्रतिनिधि याकूब अंसारी, वार्ड सदस्य श्रीकांत प्रसाद, प्रमोद कुमार, ओम प्रकाश, करीम सिंह, योगेंद्र गुप्ता, संजय राम इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## गड़बड़ : वृद्ध महिला पिछले 3 माह से काट रही है बैंक का चक्कर

**पिछले एक साल से पासबुक प्रिंट नही हुआ है 25 हजार रुपये पैसा गड़बड़ा गया है**

**मेरा आधार दूसरे के खाता में जोड़ दिया गया है**

**मेरा पीएम किसान का पैसा दूसरे के खाता में चला जा रहा है और जिसके वजह से मेरा पैसा दूसरे के द्वारा निकाल लिया गया है**




**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** हुजूर तीन गो नोटिस आ गइल बा हम जेल चल जाइब हमार खाता चालू करा दूं। उक्त बातें बोल पंजाब नैशनल बैंक के ग्राहक एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला के द्वारा भवनाथपुर पंजाब नैशनल बैंक में आए बोकारो सर्किल ऑफिस के सुरक्षा अधिकारी अनूप कुमार दास से गुहार लगा रही थी। लेकिन सुरक्षा अधिकारी अनुप कुमार दास वृद्ध के बाते को अनसुना करते हुए एक नही सुनी। जबकि उक्त महिला बैंक के अंदर से बोलते-बोलते बाहर रोड पर पीछे-पीछे गाड़ी के पास चली गई। भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र के अरसली दक्षणी निवासी बसंती देवी का प्रधानमंत्री आवास का पैसा पंजाब नैशनल बैंक के खाता में आया है, उक्त महिला के खाता में केवाईसी लग गया है वृद्ध महिला पिछले तीन माह से बैंक का चक्कर काट रही है, लेकिन महिला का खाता से केवाईसी नही हटाया गया। महिला को आवास नही बनाने पर विभाग का तीन नोटिस मिल गया है उक्त वृद्धि महिला को जेल जाने का डर सता रहा है। वृद्ध महिला को जब जानकारी मिला की अधिकारी आये है तो वृद्धि महिला को लगा कि अधिकारी को बोलने से काम हो जाएगा लेकिन वृद्ध महिला को निराशा मिली। वहीं पंजाब नैशनल बैंक का ग्राहक सरैया निवासी चतुर्गुण साह ने बताया कि पिछले एक साल से पासबुक प्रिंट नही हुआ है 25 हजार रुपये पैसा गड़बड़ा गया है। लेकिन पासबुक प्रिंट नही होने से पता नही चल पा रहा है कि पैसा कहा गया, खरौंधी निवासी शबा करीम ने बताया कि बैंक के द्वारा मेरा आधार दूसरे के खाता में जोड़ दिया गया है। जिसके वजह से मेरा पीएम किसान का पैसा दूसरे के खाता में चला जा रहा है और जिसके वजह से मेरा पैसा दूसरे के द्वारा निकाल लिया गया है। मैं पिछले एक साल से सुधार के लिए बैंक का चक्कर काट रहा हुं, लेकिन बैंक के द्वारा मेरे साथ दुर्व्यवहार करते हुए भागा दिया जाता है। खोखा निवासी रिंकु कुमार, ललन विश्वकर्मा, विंध्याचली देवी, बिंदा देवी, पुनिता देवी सहित कई ग्राहकों ने बताया कि बैंक में कर्मियों के द्वारा काम नही किया जाता है। हमलोग केवाईसी, एटीएम, खाता जनधन से जेनरल कराने, पासबुक छपवाने सहित कई काम के लिए दौड़ रहे है। लेकिन बैंक कर्मियों के द्वारा कल, परसो एक सप्ताह बाद, बैंक में स्टाप नही है, मैनेजर साहब नही सहित कई तरह का बहाना बनाते हुए भगा दिया जाता है।

बुधवार को बोकारो सर्किल ऑफिस से सुरक्षा अधिकारी आये थे बावजूद बैंक कर्मियों के द्वारा बैंक का गेट साढ़े तीन बजे ही बंद कर दिया गया था पत्रकारों की पहुचने के सूचना जब बैंक कर्मियों को मिली तो बैंक को पुनः खोला गया।

ग्राहकों की हो रहे असुविधा एवं दुर्व्यवहार के बारे मेंपूछे जाने पर सुरक्षा अधिकारी अनुप कुमार दास से पूछा तो सवालों से बचने का प्रयास करते हुए सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि हम ग्राहकों का सभी परेशानियों को देखे हैं दो दिन बाद उच्च अधिकारी आएंगे।

## झामुमो का कार्यकर्ता मिलन समारोह 12 को, तैयारी को लेकर किया विचार विमर्श

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** स्थानीय जलक्रांति भवन में बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अमर राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में 12 फरवरी को आयोजित होने वाले झामुमो कार्यकर्ता मिलन समारोह सह भोज कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से जलक्रांति भवन परिसर में कार्यकर्ता मिलन समारोह



आयोजित करने, कार्यकर्ता मिलन समारोह में प्रखंड व नगर पंचायत क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं को शामिल कराने का निर्णय लिया गया। कार्यकर्ता मिलन समारोह की तैयारी के लिये बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी दी गई। बैठक में केंद्रीय समिति सदस्य सूर्यदेव मेहता, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता ताहिर अंसारी, जिला उपाध्यक्ष निर्मल पासवान, मुक्तेश्वर पांडेय, कामता प्रसाद, अमरनाथ पांडेय, अनुज कुमार दुबे, सुरेंद्र प्रसाद, सुदेश्वर राम, दिनेश राम, इकबाल खान, चंदन पांडेय, आलमीन अंसारी उर्फ लाल बाबू, नेहा कुमारी, जिला परिषद सदस्य बाला रानी, किरण देवी सहित सभी पंचायतों के अध्यक्ष, सचिव उपस्थित थे।

## विवश राशन को लेकर अंचलाधिकारी सह एमओ से लगाई गुहार

# छह माह से नहीं मिल रहा है राशन

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया** चिनिया प्रखंड मुख्यालय के चिरका गांव में बीपीएल राशन कार्डधारियों को आज विगत 6 महीनों से राशन नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण राशनकार्ड धारियों के सामने एक बड़ी विकट परिस्थिति उत्पन्न हो गई है, वही राशन कार्ड धारियों के बीच भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिसे लेकर बुधवार को दर्जनों बिपिएल राशन कार्ड धारी लाभुकों ने प्रखंड कार्यालय मे पहुंच कर अंचलाधिकारी सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी निशात अंजुम से मिलकर अपनी आपबीती सुनाई तथा राशन की मांग की है। जीन राशन कार्ड धारी लाभुकों को राशन नहीं मिला है उनमें लाभुक हेरमोनबड़ा,अनिता तिर्की, सुमेला लकड़ा, अशिष प्रसाद, कमला




देवी, अनरवा कुंवर, सरीता लकड़ा, कविलाला कुजूर, संगीता मिंज,मोनिका लकड़ा, फिलमिन मिंज, का नाम शामिल है। वही सभी ने सिओ सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी निशात अंजुम से मिलकर बताया कि चिरका जिवन ज्योति महिला समुह के डिलर के पास राशन मिलता था, लेकिन डिलर के द्वारा कइ माह का राशन नहीं मिलने से लाभुकों द्वारा सिकायत प्रखंड कार्यालय में किया गया था जिसके बाद महिला समुह के डिलर का अवाटंन मिलना बंद हो गया। उसके बाद एक माह का राशन चिनिया के डिलर अजय कश्यप के पास मिला उसके बाद से अगस्त 2022 से अभितक 6 छः माह से राशन नही मिल रहा है। उधर पूछे जाने पर डीलर अजय कश्यप ने बताया कि चिरका के बिपिएल लाभुकों का एक माह का राशन मिला था उसके बाद से आवंटन ही नही मिला है। वही मामले में अंचलाधिकारी शह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी निशात अंजुम से पुछे जाने पर उन्होंने बताया कि चिरका गांव के बिपिएल कार्ड धारी लाभुकों का राशन नहीं मिलने की सिकायत मिली है। इसकी जांच की जा रही है जांच के बाद इसी महीने मैं सभी राशन कार्ड धारी लाभुकों के बीच राशन का वितरण निश्चित रूप से किया जाएगा।


## यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
### (भारत सरकार का उद्यम)
### डाकघर : जादुगोड़ा खान, जिला : पूर्वी सिंहभूम, झारखंड-832102

यूसीआईएल, परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो आवश्यकता के आधार पर 01 (एक) वर्ष के विस्तार के प्रावधान के साथ 02 (दो) वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर 06 (छह) प्रयोगशाला सहायक की भर्ती करना चाहता है। कंपनी की और उम्मीदवारों का प्रदर्शन। पात्रता मानदंड निम्नानुसार है।

| योग्यता और अनुभव | वांछित | समेकित मासिक परिलब्धियां | आयु सीमा 31.12.2022 तक | चयन का तरीका |
|---|---|---|---|---|
| 1. आईएससी या भौतिकी, रसायन और गणित के साथ 10+2 अनारक्षित/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी (एनसीएल) उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 60% (कुल) अंक और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 55% (कुल) अंकों के साथ किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से मुख्य विषय के रूप में रसायन विज्ञान और गणित, न्यूनतम) 01 (एक) वर्ष का कार्य अनुभव किसी भी मान्यता प्राप्त/ मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला या बड़े/माध्यम/छोटे पैमाने पर औद्योगिक सुविधा प्रयोगशाला या किसी शैक्षणिक संस्थान की प्रयोगशाला में कंप्यूटर की बुनियादी समझ के साथ। | उम्मीदवार को एसएससी/उच्चतर माध्यमिक स्तर पर अंग्रेजी का अध्ययन करना चाहिए | परिलब्धियां<br>रु. 35,544/- | अनारक्षित/ईडब्ल्यूएस-25 वर्ष ओबीसी (एनसीएल)- 28 वर्ष एससी/एसटी- 30 वर्ष | लिखित परीक्षा / ट्रेड टेस्ट |

पात्रता मानदंड को पूरा करनेवाले इच्छुक उम्मीदवार अपनी उम्र का पूरा विवरण देते हुए अपने आवेदन पत्र भेज सकते हैं। योग्यता, टेलीफोन नंबर, ई-मेल आईडी, संचार के लिए पता, जाति प्रमाण पत्र, हाल ही में पासपोर्ट आकार की तस्वीर, प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां और कार्यालय महाप्रबंधक (आई/पी एंड आईआर/सीपी), यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड पीओ : जादुगोड़ा माइंस, जिला : पूर्वी सिंहभूम, झारखंड 832102 स्पीड पोस्ट/कूरियर द्वारा 06.03.2023 को या उससे पहले।

समेकित वेतन के अलावा, चयनित उम्मीदवार कंपनी के नियमानुसार रियायती तिमाही (यदि उपलब्ध हो), चिकित्सा सुविधा (यूसीआईएल अस्पताल तक सीमित), पीएफ आदि के लिए पात्र हैं। लिखित परीक्षा/ट्रेड टेस्ट में बैठने के लिए कोई टीए/डीए स्वीकार्य नहीं है। हालांकि, आरक्षण सरकार के निर्देशों के अनुसार लागू होगा।

उपरोक्त विज्ञापन हमारी वेबसाइट www.uraniumcorp.in पर भी उपलब्ध है।

सीबीसी 48134/12/0038/2223 | यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के लिए

## NEWS इन ब्रीफ

### विस की सदाचार समिति का जिला भ्रमण कल व 11 फरवरी को

**लोहरदगा।** अवर सचिव, झारखंड विधानसभा, रांची के पत्र अनुसार 10 फरवरी एवं 11 फरवरी 2023 को झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति का लोहरदगा जिला भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है। 10 फरवरी 2023 को विधानसभा सदाचार समिति लोहरदगा परिसदन में 12.30 बजे अपराह्न से जिला के संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तत्पश्चात स्थल निरीक्षण करेगी। 11 फरवरी 2023 को समिति लोहरदगा परिसदन में 9 बजे पूर्वाहन से जिला से संबंधित पदाधिकारियों के साथ विभागवार बैठक करेगी।

### नाबालिक लड़की को भगाने के आरोप में युवक पर प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र से नाबालिक लड़की को भगाने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को नाबालिक लड़की के पिता ने थाना प्रभारी को आवेदन देते हुए प्राथमिकी दर्ज करने का गुहार लगाया था। आवेदन के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा कि मेरी पुत्री को सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गाँव निवासी सराफत अंसारी के 23 वर्षीय पुत्र तबारक अंसारी नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर भगा ले गया। जिसे हम लोगो ने काफी खोज बिन किया परन्तु लड़का लड़की का कही पता नही चला। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि नाबालिक लड़की के पिता द्वारा लड़की भगाने को लेकर नामजद के विरुद्ध कारवाई हेतु आवेदन दिया गया है। जिसके आलोक में सेन्हा थाना कांड संख्या 20/23 दर्ज कर धारा 363, 366 ए आईपीसी के तहत सनहा दर्ज कर पुलिस कारवाई में जुट गई है।

### शिक्षक का निधन

**सेन्हा।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय कंडरा में कार्यरत विज्ञान शिक्षक विजय कुमार मिश्रा का बुधवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। वही शिक्षक की मृत्यु का खबर मिलते ही विद्यालय में दो मिनट का मौन धारण कर शोक व्यक्त करते हुए विद्यालय में अवकाश कर दिया गया। शोक व्यक्त करने वालो में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी कि अलावे शैलेश किशल्य, उपेन्द्र ठाकुर, अम्बिकाशरण पाण्डेय, सुदेश्वर साहू सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने शोक प्रकट किया।

### ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**जलडेगा।** हटिया राउरकेला रेल खण्ड ओड़गा ओपी क्षेत्र अंतर्गत बरबेड़ा रेलवे स्टेशन पोल संख्या 533/2425 के बीच एक युवक की ट्रेन से कट कर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ओड़गा ओपी मनीष कुमार, एसआई प्रिंस मिश्रा, एएसआई प्रमोद कुमार घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की पहचान पतिअम्बा पंचायत के गट्टीगाढ़ा निवासी विजय होब्बो के रूप में हुई है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इधर घटना की सूचना आरपीएफ को भी दे दी गई।

### डीएवी स्कूल में एलकेजी से 2 वर्ग के बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण

**सिमडेगा।** सिमडेगा के डीएवी पब्लिक स्कूल में बुधवार को एलकेजी से दूसरी कक्षा के नन्हे बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का परिणाम आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच जलेबी रेस, मेंढक रेस, बैलून रेस का परिणाम घोषित किया गया विद्यालय के प्राचार्य राकेश शर्मा ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेलकूद जरूरी है इसलिए सभी बच्चे पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ खेलकूद पर भी विशेष ध्यान दें ताकि आने वाले दिनों में खेल के क्षेत्र में भी आप अपना नाम रोशन कर सकेंगे।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक मौत, तीन घायल

**नवीन मेल संवाददाता। केरसई**
केरसई थाना क्षेत्र अंतर्गत ठेसुटोली के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल 24 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की पहचान माझा टोली निवासी कृष्णा अहीर के रूप में हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा किसी काम को लेकर केरसई जा रहा था इसी दौरान ठेसुटोली के पास अपने मोटरसाइकिल से नियंत्रण खो कर गिर पड़ा और शरीर के अंदरूनी हिस्से में कई जगहों पर गंभीर चोट लगी। वही जिसे इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल सिमडेगा लाया जहां पर डॉक्टरों ने मृत



घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस पहुंची एवं शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन भी पहुंचे और उनका रो-रोकर बुरा हाल था।

## कोलेबिरा में सड़क दुर्घटना तीन लोग गंभीर रूप से हुए घायल

**कोलेबिरा** थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग स्थानों में सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया गया। पहली घटना थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समीप एनएच 143 में घटी। जिसमें एक मोटरसाइकिल से धक्का लगने से नृपतिशरण सिंह बरसलोया निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे घटनास्थल से दो युवकों ने एक टेंपो के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा पहुंचाया नृपतिशरण सिंह को सिर में काफी गंभीर चोट आई हैं। जिसका प्राथमिक उपचार डॉक्टर चंद्रकांति कांडी के द्वारा कर सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया गया। इधर प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जिस वाहन के धक्का लगने से नृपतिशरण सिंह घायल हुए थे। उस वाहन का नंबर 5140 है जो टीवीएस हेवी ड्यूटी बताया जा रहा है जिसमें काफी संख्या में बर्तन लोड था। वहीं दूसरी घटना थाना क्षेत्र अंतर्गत अघरमा पुल के समीप घटी,जहां मोटरसाइकिल से गिर कर दो युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान अजय सोरेंग और पितरूस सोरेग के रूप में हुई। दोनों गुमला जिले के कोब्जा, तेतर टोली, पोस्ट सुरसांग, थाना रायडीह के रहने वाले हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों व्यक्ति अघरमा के महुआ टोली में बड़ा मेहमान जा रहे थे। इस क्रम में अघरमा पुल के समीप उन्होंने मोटरसाइकिल से अपना नियंत्रण खो दिया जिससे दुर्घटना हुई। दोनों घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा लाया गया। इस दुर्घटना में अजय सोरेन का बाया हाथ टूट गया। दोनो घायलों का प्राथमिक इलाज कर उनको बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया गया।

# ठेठईटांगर में पंचायत समिति की मासिक बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**
ठेठइटांगर प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने की। बैठक में पंचायत समिति के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का विस्तृत चर्चा की गई जिसमें 15वी वित्त आयोग से बनने वाली सभी योजनाओं के बारे में चर्चा किया गया, साथ ही स्थाई समिति बनाने को लेकर की भी चर्चा किया गया, साथ ही कार्य में गुणवत्ता लाने की बात कही गई, बैठक में सभी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक पदाधिकारी, जे.ई .ए.ई, अन्य लोग शामिल हुए।

## डीसी ने विकास योजनाओं की समीक्षा की, दिए निर्देश

# 30 से 90 दिनों के अंदर म्यूटेशन के मामलों का निष्पादन करे



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बुधवार को विकास समन्वय की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, मिशन अमृत सरोवर, राजस्व, म्युटेशन, जिला योजना अंतर्गत ली गई योजनाएं, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल अंतर्गत हर घर नल की योजना, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत सावित्री बाई फुले योजना, सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत मतदाता सूची अनुसार पेंशन योग्य लोगों का सर्वे, मत्स्य विभाग अंतर्गत प्रॉन कल्चर, नगर परिषद नये पार्क, अमृत सरोवर समेत अन्य बिंदुओं की समीक्षा की गई। समीक्षा में मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन मार्च माह में सौ फीसदी प्राप्त करने, एसटी/एससी महिलाओं को मनरेगा अंतर्गत काम देने व परिवार को सौ दिनों का रोजगार देने की उपलब्धि पूर्ण करने का निर्देश सभी पदाधिकारियों को दिया गया। सक्रिय मजदूरों के आधार सीडिंग का कार्य मार्च माह में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। एनआरएम योजना में सभी प्रखण्डों को उपलब्धि सौ प्रतिशत प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

मिशन अमृत सरोवर में एनएचएआई को इस माह के अंत तक सभी पांच तालाबों का निर्माण पूर्ण कराए जाने का निर्देश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत वाटरशेड प्लान में वन विभाग से संबंधित क्लियरेंस के मामलों को अपर समाहर्ता के कार्यालय में अग्रसारित किये जाने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना में अधूरे आवासों की समीक्षा किये जाने का निर्देश उप विकास आयुक्त को दिया गया। डुप्लीकेट जॉब कार्ड को वेरीफाई करने का निर्देश दिया गया। 30 से 90 दिनों के अंदर लंबित म्युटेशन के मामलों का जल्द निष्पादित किये जाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, उद्योग महाप्रबंधक, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी, सभी कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीआरडीए परियोजना पदाधिकारी, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, जिला समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना, सभी सहायक व कनीय अभियंता मनरेगा समेत उपस्थित थे।

### सीएम तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत प्राप्त आवेदनों की हुई समीक्षा

**उपायुक्त** डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रबंधन समिति की बैठक मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत इस माह अजमेरशरीफ, आगरा और फतेहपुर शिकरी की तीर्थ यात्रा के लिए प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। समीक्षा में सही पाये गये आवेदनों के अनुमोदन उपरांत झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कारपोरेशन, लि०, रांची को भेजे जाने का निदेश जिला योजना पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस और जिला योजना पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सभी रजिस्ट्रार को मिलेगा प्रशिक्षण : डीसी

**राजेन्द्र गुप्ता**, सहायक निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, रांची के द्वारा बुधवार को झारनेट, लोहरदगा में सिविल रजिस्ट्रेशन प्रणाली की समीक्षा-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज जिला के सभी रजिस्ट्रार (जन्म एवं मृत्यु) के साथ किया गया। इस मौके पर सभी बिंदुओं की जानकारी दी गयी। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा सभी रजिस्ट्रार को बढ़िया तरीके से प्रशिक्षण को आत्मसात करने का निर्देश दिया गया। मौके पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नगर परिषद और पंचायतों के रजिस्ट्रार उपस्थित थे।

# सिमडेगा की मछली की कई राज्यों में मांग

## मछली पालन से आत्मनिर्भर बन रहे हैं किसान

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा जिला उपायुक्त के मार्गदर्शन में जिले में लगातार कई योजना शुरू हुए हैं इसी के तहत मछली पालन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। सिमडेगा जिला में मछली पालन की अपार संभावनाओं को देखते हुए यहां के लरबा जलाशय, कैलाघाघ जलाशय एवं रामरेखा जलाशय में गहन पिंजरा एक्वाकल्चर के अन्तर्गत जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिला मत्स्य पदाधिकारी कुसुम लता ने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत लरबा जलाशय में लरबा मत्स्य जीवी सहयोग समिति, केलाघाघ जलाशय में छिन्दा मत्स्य जीवी सहयोग समिति एवं रामरेखा जलाशय के उत्तीयेल मत्स्य जीवी सहयोग का गठन कर लगभग 300 ग्रामीण परिवारों को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के साधन उपलब्ध कराये गए हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 में सिमडेगा जिले में केज कल्चर के माध्यम से गहन एक्वाकल्चर अभ्यास योजनान्तर्गत मत्स्य जीवी सहयोग समिति के सदस्यों को शत-प्रतिशत अनुदान पर केज, केज हाऊस, पगांस मछली का बीज एवं मत्स्य आहार उपलब्ध कराया गया। लरबा, कैलाघाघ एवं रामरेखा जलाशय के मत्स्य जीवी सहयोग समिति के सदस्यों के द्वारा केज में उत्पादित पगांस मछली स्थानीय बाजारों, पड़ोसी राज्य बिहार के सासाराम जिला, छत्तीसगढ़ के



जशपुर जिले में ताजी जिन्दा पगांस मछली भेजी जा रही है। सिमडेगा जिले के जलाशयों में पेन कल्चर एवं केज कल्चर कर यहां के आर्थिक रूप से कमजोर एवं जलाशय के विस्थापितों परिवारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आजीविका का साधन उपलब्ध कराने हेतु बहुत ही सराहनीय प्रयास है। जलाशय के विस्थापित ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने, रोजगार के साधन उपलब्ध कराने के साथ सिमडेगा के ग्रामीण क्षेत्र में कुपोषण से लड़ने हेतु भोजन में प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार सम्मिलित करने के दृष्टिकोण से केज कल्चर अत्यन्त महत्त्वपूर्ण योजना है। उन्होंने कुसुम बताया कि एससीएसपी एवं एसटीसी टीएसपी योजना के अन्तर्गत केंद्रीय अंतदेर्शीय मत्स्य अनुसंधान संस्थान के मदद से सिमडेगा जिला के लरबा केलाघाघ, कोबांग एवं रामरेखा जलाशयों में पेन कल्चर अधिष्ठापन कर एसटी एवं एससी समुदाय के लोगों को शत-प्रतिशत अनुदान पर इंडियन मेजर कार्प, कतला रोहू, मृगल मछली की बीज एवं मछली आहार उपलब्ध कराया गया। लरबा केलाघाघ, रामरेखा एवं कोबांग जलाशयों के मत्स्य जीवी सहयोग समितियों को जलाशय में मछली पालन हेतु सुविधा प्रदान करने के दृष्टिकोण से केंद्रीय अंतदेर्शीय मत्स्य अनुसंधान संस्थान बैरकपुर, कोलकात्ता की मदद से पुर्णत अनुदानित दर पर एफआरपी मोटरचालित नाव प्रदान किया गया है। लाभुक समिति के द्वारा मोटरचालित नाव प्राप्त कर काफी खुशी का इजहार किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत आर्थिक रूप से कमजोर जलाशय के विस्थापित ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने, स्थानीय स्तर पर रोजगार के साधन उपलब्ध कराने के साथ भोजन में पौष्टिक आहार के रूप में मछली के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। वही सिमडेगा जिला में जिला मत्स्य कार्यालय द्वारा मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए महत्त्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना संचालित की जा रही है। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना में एसटी एससी महिला लाभुकों को 60% एवं अन्य को 40% अनुदान देकर यहां के ग्रामीणों को मछली पालन के वैज्ञानिक पद्धति बॉयोपलॉक टैंक, बॉयोफ्लॉक तालाब, रीसक्युर्लेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम, केज अधिष्ठापन योजना का लाभ प्रदान करते हुए ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के साधन उपलब्ध कराकर स्वावलम्बी बनाया जा रहा है।

# ड्राइवर को आई झपकी, नाली में ले घुसा कोयला लदा ट्रक



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
शहरी क्षेत्र के सघनतम आबादी वाला क्षेत्र पावरगंज के निकट एक 12 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर नाली में घुस गई। हालांकि इस दुर्घटना में जान माल को कोई नुकसान नहीं हुआ है। पुलिस क्षतिग्रस्त ट्रक को दो क्रेन की मदद से नाली से बाहर निकाल कब्जे में लेते हुए सदर थाना ले गई। जानकारी के अनुसार एक 12 चक्का ट्रक नबर जेएच 19 ए 4581 सिकनी कोलवरी से कोयला लोड कर उत्तरप्रदेश जा रही थी। इस बीच रात में लोहरदगा पावरगंज पेट्रोल पंप के निकट अचानक ड्राइवर को झपकी आ गई जिसके कारण गाड़ी अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे नाली में पोल से टकराते हुए धंस गई। गनीमत रही कि रात्रि के समय होने के कारण इस सड़क पर ज्यादा अवगमन नहीं हो रही थी अन्यथा कोई बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। हालांकि इस दुर्घटना में कोई जान माल की क्षति नहीं पहुची है। सदर थाना की पुलिस ने दो क्रेन बुलवाकर गाड़ी को नाली से बाहर निकलवा सदर थाना ले गई है।

# सिमडेगा पुलिस ने मानव तस्कर को दिल्ली से किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा पुलिस मानव तस्करी को जड़ से समाप्त करने के लिए लगातार कदम उठा रही है और लोगों के बीच जागरूकता भी फैला रही है। जिले के एसपी सौरभ कुमार के द्वारा लगातार इसके लिए विशेष पहल की जा रही है। इसके अलावा मानव तस्करों पर अंकुश भी लगाने का काम कर रही है। इसी कड़ी में सिमडेगा के कुरडेग कदम टोली गांव की एक नाबालिक को बहला-फुसलाकर दिल्ली में तस्करी करने वाले राजेंद्र नायक को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार करते हुए सिमडेगा जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए एएचटीयू थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि छत्तीसगढ़ के कुनकुरी निवासी सोमारु राम नामक व्यक्ति ने कुरडेग कदम टोली की नाबालिग को बहला फुसलाकर दिल्ली काम दिलाने के बहाने ले



गया और उसे राजेंद्र नायक जो कि कोलेबिरा नवाटोली निवासी है जो दिल्ली में रहकर प्लेसमेंट का काम करता है उसे सौंप दिया। कुछ दिन काम करने के बाद उस नाबालिग को अपने पास रख कर उसका शारीरिक शोषण करते हुए उसे गर्भवती कर दिया। इधर पुलिस द्वारा दिल्ली में छापेमारी अभियान चलाकर नाबालिक को वहां से बरामद किया था और उसके फर्द बयान के आधार पर आरोपी राजेंद्र नायक को ट्रांजिट रिमांड पर लाकर सिमडेगा जेल भेज दिया। बताया गया कि 2019 में युवती को बहला फुसलाकर दिल्ली ले जाकर बेच दिया गया था।

इधर थाना प्रभारी ने बताया कि उसके विरुद्ध एएचटीयू थाना कांड संख्या 5/22 धारा 376, 363, 370, (4) 323, 342, 34 आइपीसी एवं 75, 81 जेजे एक्ट 4,6,8 पोक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार करते हुए उसे जेल भेज दिया। वही बहला फुसलाकर दिल्ली ले जाने वाले सोमारु राम को पुलिस ने 29 जनवरी को ही सिमडेगा जेल भेज दिया था।

## जब्त ट्रैक्टर को पुलिस से छीनकर भगाने का एक आरोपी गिरफ्तार, तीन ने किया आत्मसमर्पण

**सेन्हा।** एकागुड़ी पथ से अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर को पुलिस से छीन भागने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि इसी मामले में तीन युवक ने सेन्हा थाना में आत्मसमर्पण कर दिया है। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र से अवैध बालू खनन एवं परिवहन मामला को लेकर पुलिस कारवाई के दौरान जब्त ट्रैक्टर को पुलिस से छीन ट्रैक्टर मालिक फरार हो गया था। जिसके आलोक में सेन्हा थाना कांड संख्या 14/23 दर्ज कर धारा 314, 323, 332, 353, 506, 379, 411 एवं 504 भादवी के तहत पुलिस कारवाई जारी था। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि 20 जनवरी को गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू उठाव के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाते हुए बिना रजिस्टेशन नम्बर का एक ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया जा रहा था। उसी दरमियान 800 हंड्रेड कार से तीन युवक रेकी करते आये और पुलिस से जप्त ट्रैक्टर को छीन कर फरार हो गये थे। जिसको लेकर जांचोपरांत ट्रैक्टर मालिक चालक एवं दो सहयोगीयों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई किया जा रहा था। आरोपी संदीप कुमार को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपी संदीप कुमार के गिरफ्तारी के पश्चात तीन आरोपी बजरंग साहू, राजकुमार उरांव एवं कमलेश उरांव भी पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है।

## तुर्की व सीरिया में भूकंप से मृतकों के लिए रखी शोकसभा

**लोहरदगा।** डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल में तुर्किये (तुर्की) एवं सीरिया देश में आये आपदा को लेकर शोक सभा का आयोजन किया गया। स्कूल के बच्चों ने मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर विद्यालय के निदेशक बी० के० बालाजिनप्पा ने भारत सरकार द्वारा मदद देने पर अभिनन्दन किया है। कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम', सारा, विश्व एक परिवार है। दया ही सभी धर्मों का मूल मंत्र है। दूसरा लोग कष्ट में रहने पर उसको मदद करना मानवता धर्म है। विद्यालय के प्राचार्य चन्द्रशेखर प्रसाद ने बच्चों को बताया कि प्रकृति अपने अनुसार कभी बाढ़, भूकंप, सुनामी, आंधी, भूस्खलन लाते रहती है। जिसके कारण आचानक मनुष्यों की मौत हो जाती है। मौके पर विद्यालय के शोभा विश्वकमी, निकेत कुमार,आदि शिक्षक व शिक्षिकाओं का सहयोग लिया गया।

## बैठक | प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की उपायुक्त ने की समीक्षा, कहा

# खाद्य प्रसंस्करण की असीम संभावनाएं

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
उपायुक्त आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि लगभग 20 लाभुक प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत पीएमईजीपी लोन हेतु आवेदन किये हैं। जिसके अंतर्गत कितने आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसकी बैंक वार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत स्वरोजगार को बल मिलेगा तथा



समाज आत्मनिर्भरता के तरफ अग्रसर होगा। सरकार कई तरह कि लोक कल्याणकारी योजनाएं लाती है लेकिन जानकारी एवं बैंक की तरफ से वित्तीय सहायता हेतु लोन की राशि ससमय ना मिल पाने पर योग्य लाभुक वंचित रह जाते है। कहा कि सिमडेगा जिला में खाद्य प्रसंस्करण की असीम संभावनाएं है। बैंकों से इस योजना को प्राथमिकता के आधार पर सहयोग करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत स्वरोजगार के इच्छूक व्यक्ति जिले के विभिन्न क्लस्टर पर लोकल फूड प्रोडक्ट्स पर कार्य कर रहे है।

उन्होंने सभी बैंकों को इस योजना के तहत प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप लाभुक को ससमय पीएमईजीपी लोन मुहैया कराने का निर्देश दिया। साथ ही बैंक वाईज लंबित पीएमईजीपी लोन हेतु आवेदनों को 15 फरवरी 2023 तक स्वीकृत करते हुए समय पर डिस्पैच कराने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले के सभी बैंकों को पीएमईजीपी योजना पर विशेष ध्यान देते हुए लोन हेतु आवेदन स्वीकृत करने की बात कहीं।

बैठक में उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर सांगा, कृषि विज्ञान केंद्र बानो के शंकर सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी मुनेन्द्र दास, जिला अग्रणी शाखा प्रबंधक सिमडेगा संजीव कुमार चौधरी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, डीडीएम नाबार्ड, डीपीएम जेएसएलपीएस, सभी बैंक के जिला समन्वयक, जिला उद्योग केंद्र के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एवं अन्य उपस्थित थे।

## खनन विभाग की कार्रवाई, चार ट्रैक्टर मालिकों और चालको पर कराया प्राथमिकी दर्ज


**लोहरदगा।** खनन विभाग ने बालू अवैध खनन रोकने के लिए कार्रवाई करते हुए चार ट्रैक्टर मालिको एवं चालकों के विरुद्ध सेन्हा व सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसके तहत सेन्हा थाना में एक ट्रैक्टर व सदर थाना में तीन ट्रैक्टर के विरुद्ध खनन अधिनियम एवम विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। इस संदर्भ में जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने बताया कि जिले में अवैध बालू खनन को रोकने के लिए जिला प्रशासन प्रयत्नशील है। इसके तहत बालू अवैध की रोकथाम के लिए सुबह चार बजे भोर से ही नदी के विभिन्न घाटों पर अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान सेन्हा थाना क्षेत्र के डाड़ू कोयल नदी से बालू खनन परिवहन करते एक बिना नबर का ट्रैक्टर को पकड़ा गया था जिसपर कार्रवाई के लिए सेन्हा थाना में आवेदन दिया गया है। वही सदर थाना क्षेत्र के शंख नदी पतराटोली से जेएच 08 ई 9552, बिजली ऑफिस के सामने से जेएच 01 बीटी 0995 व भकसो कोयल नदी से बालू उठाव करते एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया था। जिसपर नियम संगत कार्रवाई के लिए सदर थाना को सूचित किया गया है। दो ट्रैक्टर चालको के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश सदर थाना को दिया गया है। वही सेन्हा थाना में भी एक ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि जिले में अवैध खनन किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## अडाणी विवाद पर रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा-

# एक क्लाइंट बैंकिंग प्रणाली को प्रभावित नहीं कर सकता

**एजेंसी। चेन्नई**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि एक क्लाइंट (अडाणी समूह) भारतीय बैंकिंग प्रणाली को नीचे नहीं ला सकता क्योंकि देश का बैंकिंग क्षेत्र मजबूत है। अडाणी समूह के लिए भारतीय बैंक के जोखिम और क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, दास ने कहा कि भारतीय बैंकिंग प्रणाली मजबूत है और कोई एक समूह इसे प्रभावित नहीं करेगा। दास ने कहा कि बैंक कंपनी के बाजार पूंजीकरण के आधार पर नहीं बल्कि परियोजना के मूल सिद्धांतों के आधार पर पैसा उधार देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय बैंकों के क्रेडिट मूल्यांकन के तरीकों में सुधार हुआ है। उनके अनुसार, दो साल पहले, आरबीआई ने बैंकों के लिए बड़े जोखिम मानदंडों को युक्तिसंगत बनाया और मानदंडों का अनुपालन किया जा रहा है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर महेश कुमार जैन ने कहा कि बैंकों का एक्सपोजर अंतर्निहित परिसंपत्तियों पर आधारित है और शेयरों के मुकाबले बैंकिंग क्षेत्र का



एक्सपोजर महावहीन है। वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों (फिच रेटिंग्स और मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस) ने मंगलवार को कहा था कि अडाणी ग्रुप के लिए भारतीय बैंकों का एक्सपोजर बैंकों के स्टैंडअलोन क्रेडिट प्रोफाइल के लिए कोई बड़ा जोखिम पेश नहीं करता है। मूडीज ने कहा, अडाणी के लिए बैंकों का एक्सपोजर इतना बड़ा नहीं है कि उनकी क्रेडिट गुणवत्ता को भौतिक रूप से प्रभावित कर सके। हमारा अनुमान है कि अडाणी के लिए उनका जोखिम उनके कुल ऋणों के 1 प्रतिशत से अधिक नहीं है। जबकि हमारा अनुमान है कि निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए जोखिम अधिक है, वे अधिकांश बैंकों के कुल ऋणों के 1 प्रतिशत से कम है। फिच रेटिंग्स ने कहा कि अडाणी विवाद के आर्थिक और संप्रभु निहितार्थ सीमित हैं। हालांकि, एक पिछला जोखिम है कि विवाद का नतीजा बैंक जारीकर्ता डिफॉल्ट रेटिंग के लिए नॉक-ऑन प्रभावों के साथ भारत की संप्रभु रेटिंग को व्यापक और प्रभावित कर सकता है।

# नीति दर में 25 बीपीएस की बढ़ोत्तरी



**एजेंसी। चेन्नई**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने बुधवार को रेपो रेट को 25 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत कर दिया। बुधवार को एमपीसी की बैठक इस वित्त वर्ष की आखिरी बैठक थी। रेपो रेट वह दर है जिस पर आरबीआई बैंकों को कर्ज देता है। बढ़ोतरी की घोषणा करते हुए, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि एमपीसी ने नीतिगत दर को 25 बीपीएस बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत करने का फैसला किया है। जैसा कि अपेक्षित था, दर वृद्धि के निर्णय में विभाजन हुआ। चार सदस्यों ने वृद्धि के पक्ष में मतदान किया और दो ने इसके विरोध में मतदान किया। उन्होंने कहा कि इस समय 25 बीपीएस की बढ़ोतरी को सही माना गया है। यह आने वाले डेटा को देखने के लिए कुछ समय देता है। दास के अनुसार, रेपो रेट में वृद्धि के बाद स्टैंडिंग डिपोसिट फैसिलिटी (एसडीएफ) दर 6.25 प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) दर और बैंक दर 6.75 प्रतिशत पर समायोजित हो गई है। उन्होंने कहा कि एमपीसी ने भी महंगाई दर पर नजर रखने का फैसला किया है और यह दायरे में बनी हुई है। दास ने कहा कि वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही के दौरान मुद्रास्फीति लगभग 5.6 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। उनके अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2022-23 के लिए मुद्रास्फीति 6.5 प्रतिशत और चौथी तिमाही के लिए 5.7 प्रतिशत रहेगी। जहां तक अगले वित्त वर्ष के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति का संबंध है, यानी 2023-24 में 5.3 प्रतिशत पर पहली तिमाही में 5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 5.6 प्रतिशत है। रेपो रेट बढ़ने से लोग महंगे हो जाएंगे और आम लोगों की ईएमआई भी बढ़ जाएगी।

## ईएमआई पेमेंट नहीं कर पाने पर बैंकों के पेनल्टी चार्ज वसूलने पर आरबीआई लगाएगी लगाम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उपभोक्ताओं द्वारा किसी महीने में लोन की ईएमआई के भुगतान नहीं कर पाने पर बैंकों या एनबीएफसी की ओर से भारी भरकम जुर्माना लगाने पर बैंकिंग सेक्टर के रेग्युलेटर आरबीआई ने नकेल कसने का फैसला किया है। बैंकों द्वारा लगाये जाने वाले पेनल्टी चार्ज के रकम पर आरबीआई लिमिट तय करने करने वाला है। आरबीआई ने कहा कि बैंकों या एनबीएफसी द्वारा लगाये जाने वाला पेनल्टी कमाई का जरिया नहीं हो सकता है। मॉनिटरी पॉलिसी का एलान करते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि मौजूदा समय में कर्ज के भुगतान नहीं किए जाने पर बैंकों और दूसरे रेग्युलेटेड वित्तीय संस्था की पेनल्टी लगाये जाने की पॉलिसी है। लेकिन ये संस्थाएं पेनल्टी लगाने को लेकर अलग अलग नीतियां अपनाती है जिसमें कई बार ये पाया गया है कि ये पेनल्टी चार्ज बहुत ज्यादा होता है। ऐसे में पेनल्टी वसूलने के मामले



में पारदर्शिता बढ़ाने, उसे सीमित करने और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने के लिए पेनल्टी चार्ज लगाने को लेकर स्टेकहोल्डरों से सुझाव लेने के लिए आरबीआई गाइडलाइंस जारी करेगी। आरबीआई ने कहा कि अब ये तय किया गया है कि कर्ज की अदाएगी में देरी या डिफॉल्ट करने पर लगाने जाने वाले पेनल्टी चार्ज सीमित होने के साथ पारदर्शी होगी। और ये कर्ज पर वसूले जाने वाले ब्याज दरों पर पेनल्टी ब्याज दर के रूप में वसूला नहीं जा सकता है। पेनल्टी चार्ज अलग से वसूला जाएगा और बकाया प्रिसंपल अमाउंट में जोड़ा नहीं जा सकता है। मौजूदा समय में बैंक और एनबीएफसी के पास कर्ज नहीं चुका पाने या कोई ईएमआई भुगतान करने में देरी पर कर्ज पर पेनल्टी के रूप में ब्याज वसूलने का अधिकार है। इसका मकसद कर्ज लेने वालों में ईएमआई के भुगतान में अनुशासन बरतना है। लेकिन बैंकों और दूसरे वित्तीय संस्थानों ने मनमाने तरीके से पेनल्टी चार्ज वसूलना शुरू कर दिया जिससे उपभोक्ताओं में भारी रोष देखा जाता है और जिसकी लगातार ग्राहक ने रेग्युलेटर से शिकायतें भी करते रहे हैं। जिसके बाद आरबीआई ने इसे लेकर नियम बनाने का फैसला किया है।

### आरबीआई : क्यूआर कोड स्कैन कर निकाल सकेंगे सिक्के

## 12 शहरों में शुरू होगा पायलट प्रोजेक्ट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को अपनी मौद्रिक नीति समिति की बैठक के फैसलों का एलान किया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि एमपीसी की बैठक के दौरान 6 सदस्यों में से 4 सदस्य रेपो रेट को 0.25 फीसदी बढ़ाने के पक्ष में थे। इस को ध्यान में रखते हुए रिजर्व बैंक ने रेपो रेट को 0.25 फीसदी बढ़ाकर 6.25 फीसदी से 6.50 फीसदी कर दिया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस बड़े एलान के साथ कई और बड़ी घोषणाएं भी की हैं जिनका असर आम लोगों पर देखा जाएगा। लोगों की सुविधा के लिए आरबीआई ने एक पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च करने का भी एलान किया है। इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत आरबीआई क्यूआर कोड बेस्ड कॉइन वेंडिंग मशीन्स को लगवाएगा। शुरूआत में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 12 शहरों में क्यूआर कोड बेस्ड कॉइन वेंडिंग मशीन्स लगाई जाएंगी। मॉनिटरी पॉलिसी के बारे में जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि लोगों के लिए सिक्कों की उपलब्धता सुलभ और आसान बनाने के लिए आरबीआई ये पहल कर रहा है। सिक्कों को निकालने के लिए क्यूआर कोड बेस्ड कॉइन वेंडिंग मशीन्स को इंस्टाल किया जाएगा और 12 शहरों में लोगों को सिक्कों की कमी से परेशान नहीं होना पड़ेगा। इन मशीनों से जो सिक्के निकलेंगे उतनी राशि कस्टमर के बैंक खातों में जितनी जमा रकम है, उसी के आधार पर निकल पाएंगे। ये मशीनें सिक्कों को निकालेंगे और इसके लिए कस्टमर को यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) पेमेंट ऑप्शन का यूज करना पड़ेगा। मशीनों से बैंक नोट्स की जगह सिक्के निकला करेंगे। सिक्कों की पहुंच आसान बनाने के लिए आरबीआई ने ये कदम उठाया है।

## केम्पेगौड़ा एयरपोर्ट 10 दिनों के लिए आंशिक रूप किया गया बंद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अगर आप अगले कुछ दिनों में फ्लाइट से ट्रैवल करने वाले हैं तो यह खबर आपके काम की है। बेंगलुरु का केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का अगले 10 दिनों तक आंशिक रूप से बंद रहेगा। यह एयरपोर्ट 8 फरवरी से 10 दिनों तक केवल आंशिक रूप से ही ऑपरेट कर पाएगा। इसके पीछे कारण है एयरो इंडिया 2023 2023) । इसके कारण एयरपोर्ट पर कमर्शियल फ्लाइट्स सामान्य रूप से ऑपरेट नहीं कर पाएंगी। इस मामले पर एयरपोर्ट ने जानकारी शेयर करते हुए बताया कि एयरो इंडिया 2023 के कारण हर दिन कुछ घंटों के लिए एयरपोर्ट पर कमर्शियल फ्लाइट्स की सर्विसेज प्रभावित होंगी। इस कार्यक्रम के दौरान कई बार एयरस्पेस बंद रहेगा। यात्रियों की सुविधा के लिए एयरपोर्ट ने इसकी टाइमिंग भी जारी



की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बेंगलुरु में एयरो इंडिया 2023 का आयोजन 13 से 17 फरवरी, 2023 के बीच किया जाएगा। ऐसे में इसकी तैयारी के लिए 8 से 11 फरवरी तक सुबह 9 बजे से 12 बजे और 14 से 17 बजे तक एयरस्पेस रिहर्सल के कारण बेंगलुरु एयरपोर्ट को बंद कर दिया जाएगा। वहीं 12 फरवरी को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक एयरस्पेस बंद रहेगा। 13 फरवरी को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक एयरो इंडिया 2023 के कार्यक्रम के उद्घाटन और एयर डिस्प्ले के कारण एयरस्पेस को बंद रखा जाएगा।

## अमीरों की टॉप-20 की लिस्ट में शामिल हुए अडाणी

**एजेंसी। नई दिल्ली**


देश के दिग्गज कारोबारी और अडाणी ग्रुप के मुखिया गौतम अडाणी एक बार फिर से दुनिया के टॉप-20 अमीरों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। फोर्ब्स के रियल टाइम बिलिनियर्स लिस्ट के मुताबिक गौतम अडाणी अब इस लिस्ट में 17 वें स्थान पर पहुंच गए हैं। मंगलवार को अडाणी ग्रुप में मंगलवार को बढ़त दर्ज की गई थी और इसके बाद गौतम अडाणी की कुल नेटवर्थ में भी इजाफा दर्ज किया गया है। अगर गौतम अडाणी के कुल नेटवर्थ की बात की जाए तो वह 62.4 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है और अभी वह फोर्ब्स की बिलिनियर्स की लिस्ट में 17 वें स्थान पर पहुंच गए हैं। 7 फरवरी को अडाणी समूह के शेयरों में बढ़ोतरी के बाद अडाणी की संपत्ति में कुल 463 मिलियन डॉलर की बढ़त दर्ज की गई थी। इसके बाद वह एक बार फिर टॉप-20 अमीरों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। वहीं मुकेश अंबानी भारत और एशिया के सबसे अमीर शख्स हैं। उनकी कुल नेट वर्थ हैं 82.5 बिलियन डॉलर है। वह फोर्ब्स के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में 11वें स्थान पर हैं। वहीं फोर्ब्स रियल टाइम बिलिनियर्स की लिस्ट के मुताबिक लग्जरी प्रोडक्ट बनाने वाली मशहूर एलवीएमएच मोएट हेनेसी लुई विटॉन के सीईओ बर्नार्ड अरनॉल्ट दुनिया के सबसे अमीर शख्स है।



उनकी कुल नेट वर्थ है 213.2 बिलियन डॉलर है। वहीं दूसरे नंबर पर टेस्ला और ट्विटर के मालिक एलन मस्क हैं। उनकी कुल नेट वर्थ 188.6 बिलियन डॉलर की है। वहीं अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस दुनिया के तीसरे सबसे अमीर शख्स हैं। उवरी कुल संपत्ति 125.3 बिलियन डॉलर की है। एक समय पर गौतम आहानी दुनिया के तीसरे सबसे अमीर शख्स थे, लेकिन अडानी समूह के शहरों में भारी गिरावट के कारण वह पिछले हफ्ते टॉप-20 अमीरों की लिस्ट से भी बाहर हो गए थें। दो हफ्तों तक शेयरों में भारी गिरावट के बाद कल यानी मंगलवार को अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 25% की बढ़त के साथ अपने सबसे ऊंचे स्तर तक पहुंच गया। इसके अलावा कल अडाणी पोर्ट्स, अडाणी ट्रांसमिशन और अडाणी विल्मर के शेयरों में भी बढ़त दर्ज की गई है।

### सेविंग स्कीम में कम समय में निवेश पर होगी मोटी कमाई

## 8 फीसदी तक ब्याज



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अगर आप सेविंग स्कीम में निवेश का प्लान बना रहे हैं तो यह आपके लिए अच्छा समय है। पांच ऐसी छोटी बचत योजनाएं हैं, जिसमें निवेश कर आप मोटी कमाई कर सकते हैं। बजट 2023 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम और मंथली अकाउंट की लिमिट को बढ़ा दिया है, सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम में अब 15 लाख की जगह 30 लाख रुपये और एमआईएस के तहत सिंगल अकाउंट के तहत 9 लाख रुपये तक जमा किया जा सकता है। वहीं बजट से पहले कुछ बचत योजनाओं के ब्याज में भी इजाफा किया गया था। ऐसे में अगर आप इन योजनाओं में निवेश करते हैं तो आप एक अच्छा फंड जमा कर सकते हैं। आइए जानते हैं किसमें कितना ब्याज दिया जा रहा है। नेशनल सेविंग अकाउंट या मंथनी इनकम अकाउंट में पैसे जमा की सीमा 15 लाख रुपये कर दी गई है, जो ज्वाइंट अकाउंट के लिए है। सिंगल अकाउंट में निवेश की लिमिट 9 लाख रुपये है। इसपर सालाना ब्याज 7.1 फीसदी है।

### तेजी | शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ

# सेंसेक्स 60300 के पार, निफ्टी 17750+

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार की चाल बुधवार को तेज है और सेंसेक्स-निफ्टी बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं। सेंसेक्स में 60300 के ऊपर के लेवल पर कारोबार खुला है और निफ्टी 17,750 के ऊपर आ गया है। प्री-ओपनिंग में लाल निशान में कारोबार होने के बावजूद शेयर बाजार की ओपनिंग हरे निशान में ही हुई है। बाजार खुलने के तुरंत बाद सेंसेक्स में उछाल आया है और ये 232 अंक या 0.38 फीसदी की बढ़त के साथ 60,518 पर आ गया है। इसके अलावा एनएसई का निफ्टी 82.50 अंक यानी करीब 0.I5 फीसदी की उछाल के साथ 17,804 पर आ गया है। आज के बाजार की शुरूआत में बीएसई का सेंसेक्स 46.95 अंक की तेजी के साथ कारोबार कर रहा है और




60,332.99 पर ओपन हुआ है। वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला इंडेक्स निफ्टी 28.80 अंक यानी 0.16 फीसदी की तेजी के साथ 17,750.30 के लेवल पर खुला है। सेंसेक्स के 30 में से केवल 8 शेयरों में गिरावट देखी जा रही है और 22 शेयरों में उछाल के साथ कारोबार हो रहा है। इसके अलावा निफ्टी के 50 में से 37 शेयरों में बढ़त के हरे निशान के साथ कारोबार हो रहा है और 13 शेयरों में गिरावट दर्ज की जा रही है। सेंसेक्स के 30 में से जिन 22 शेयरों में उछाल है उनमें अल्ट्राटेक सीमेंट 2.87 फीसदी ऊपर है और एचसीएल टेक 1.47 फीसदी चढ़ा है। एचसीएल टेक में 1.41 फीसदी और टीसीएस में 1.I22 फीसदी की तेजी है। इंफोसिस में 1.15 फीसदी और विप्रो में 1.05 फीसदी का उछाल देखा जा रहा है। इसके अलावा चढ़ने वाले शेयरों में एसबीआई, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले, टाइटन, इंडसइंड बैंक, एलएंडटी, कोटक महिंद्रा बैंक और एचयूएल के शेयरों में उछाल देखा जा रहा है। शेयर बाजार की प्री-ओपनिंग में आज बीएसई का सेंसेक्स 16.76 अंक की गिरावट के साथ 60269 के लेवल पर कारोबार कर रहा था। वहीं एनएसई का निफ्टी 109.95 अंक यानी 0.62 फीसदी की गिरावट के साथ 17611.55 के लेवल पर था। अमेरिकी बाजारों में कल तेजी के साथ कारोबार देखा गया है और तीनों प्रमुख इंडाइसेज तेजी के साथ बंद हुए थे।

## पेटीएम का मासिक लेनदेन 89 मिलियन पहुंचा

**नई दिल्ली।** अग्रणी भुगतान और वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम ने बुधवार को घोषणा की कि वह जनवरी में 29 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि के साथ 89 मिलियन औसत मासिक लेनदेन करने वाले उपयोगकर्ताओं (एमटीयू) तक पहुंच बना ली है। कंपनी का 6.1 मिलियन व्यापारियों के साथ ऑफलाइन भुगतान बाजार पर दबदबा है, जो अब उपकरणों के लिए सब्सक्रिप्शन का भुगतान कर रहे हैं। जनवरी में इसमें 0.3 मिलियन की वृद्धि हुई। पेटीएम ने कहा कि उसने मर्चेंट पेमेंट वॉल्यूम में लगातार वृद्धि देखी है, पेटीएम प्लेटफॉर्म के माध्यम से संसाधित कुल सकल माल मूल्य (जीएमवी) जनवरी में 44 प्रतिशत बढ़कर 1.2 लाख करोड़ रुपये (15 अरब डॉलर) हो गया। कंपनी ने कहा, पिछली कुछ तिमाहियों से हमारा ध्यान भुगतान की मात्रा पर बना हुआ है जो हमारे लिए या तो शुद्ध भुगतान मार्जिन के माध्यम से या प्रत्यक्ष अपसेल क्षमता से लाभप्रदता उत्पन्न करता है।

### भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश

## ग्लोबल मिल्क प्रोडक्शन में 24 फीसदी हिस्से के साथ बना सिरमौर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में दूध-डेयरी के क्षेत्र का तेजी से विस्तार हो रहा है। ऐसे में भारत दूध उत्पादन के मामले में दुनिया के सभी देशों को पीछे छोड़ते हुए नंबर वन बन गया है। इसकी जानकारी केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने मंगलवार को संसद में दी है। लोकसभा में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने बताया कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बन गया है। साल 2021-22 में भारत ने दुनिया की कुल हिस्से का 24 फीसदी योगदान दिया है। आपको बता दें कि मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने संसद में जानकारी देते हुए बताया कि साल 2014-15 और 2021-22 के



बीच पिछले 8 सालों में देश में दूध के उत्पादन में 51 फीसदी की भारी बढ़त दर्ज की गई है। साल 2021-22 में देश में दूध उत्पादन 22 करोड़ टन तक पहुंच गया है। इसके साथ ही मंत्री ने यह भी कहा कि भारत में पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए डेयरी विभाग लगातार कमजोर किसानों की मदद कर रहा है। इसके लिए विभाग द्वारा कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है। इसके साथ ही डेयरी क्षेत्र में बढ़त के लिए डेयरी प्रोडक्ट्स की आसान खरीद के लिए संगठित क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे मार्केट में मिलने वाले दूध की गुणवत्ता में भी इजाफा होगा। दूध की संगठित खरीद के लिए सरकार ने साल 2021 में एनपीडीडी के पुनर्गठन का फैसला किया है।

ज्ञान की बात

**नारी के पास आभूषणों के भंडार हों, तो भी यदि तुम उसे एक स्वर्ण कंगन लाकर दोगे तो वह आह्लादित हो जाएगी, प्रसन्नता से खिल उठेगी। वह स्वर्ण तथा बहुमूल्य मणि-माणिक्य से लदी होगी, तो भी वेणी में लगाने के लिए एक पुष्प की कामना उसे अतृप्त रखेगी। यह नारी का सहज रूप है। यह उसका दोष नहीं।**

*- ठाकुरजी*

# आदिवासी अस्मिता की पड़ताल

***प्यार*** करो झगड़ा करो, गुस्सा करो, मन नहीं तो बात भी मत करो। लेकिन किसी से झूठा प्यार मत करो। यह अपराध है। वैसे झूठे प्यार के आकाश को मांपने का कोई यंत्र अभी तक नहीं बना है। लेकिन यह तय है कि अगर आप जिन्दगी के बाजार में कई उतार व चढ़ाव से गुजरे हैं तो आपका अनुभव यह जरूर इशारा कर देगा कि क्या सही है और क्या गलत। कहने का अभिप्राय बस इतना है कि झारखंड की राजनीति में इन दिनों यह प्रचलन चल पड़ा है। इस कारण यहां की राजनीति इन दिनों परवान पर है। इसकी सबसे बड़ी वजह गृह मंत्री अमित शाह का प्रवास माना जा रहा है। दूसरी तरफ सीएम हेमंत सोरेन बीजेपी की हर काट को बेअसर करने पर आमादा हैं। बहरहाल यह सब अगले साल होने वाले चुनाव के कारण हो रहा है। सभी पार्टियां मगजमारी करने में जुट गयी हैं। ऐसा देखा गया है कि शुरू से आदिवासी हित की बात सभी पार्टियां करती हैं। लेकिन जमीन हालात अलहदा हैं। आज भी इस समाज को जीवन यापन करने के लिए कठोर संघर्ष करना पड़ता है। तब जाकर दो वक्त की रोटी नसीब होती है। ऐसे में कयासों के बादल में उनका रहनुमा बनने की तिजारत की जा रही है। भाजपा लगातार 1932 के खतियान आधारित स्थानीयत नीति का सच आदिवासी-मूलवासी समाज के सामने रखने का जतन कर रही है। लोगों को यह बताने का प्रयास करने में लगी है कि कैसे आदिवासियों को राज्य की महागठबंधन की सरकार भ्रम में उलझा रही है। दूसरी तरफ कहा जा रहा है कि हेमंत सरकार की लोकप्रियता से बीजेपी घबरा गयी है। यही कारण है कि वह यहां के भोले-भाले आदिवासियों को गुमराह कर रही है। सूत्रों की मानें कहा जा रहा है कि हाल के दिनों में राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने सचमुच कई कल्याणकारी कार्य किये हैं। उसकी धमक यहां के गांवों से लेकर शहरों में सुनाई देने लगी है। यही कारण है कि बीजेपी के तारणहार चाणक्य अमित शाह को झारखंड के राजनीतिक पिच पर उतारा गया है। बात जो भी हो,एक बात सच है कि यहां किसी भी पार्टी की सरकार रही हो,ईमानदारी से स्वीकारा जा सकता है कि आदिवासी जाति के साथ बार-बार शौतेला व्यवहार किया गया है। आखिर क्या कारण है कि इसे प्यार का झूठा सब्जबाग दिखाकर दगा दिया जाता रहा है। यही नहीं ऐसे कई उदाहरण हैं कि बांग्लादेश से आये लोगों ने स्थानीय महिलाओं से शादी कर ली और यहीं बस गये, 2022 में इसका दुष्परिणाम भी आदिवासी समाज की लड़कियों को झेलना पड़ा। कहीं शादी के बाद लड़कियों से जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया तो लव जिहाद की कई वीभत्स घटनाएं भी हुईं। शादी के लिए या शादी के बाद कई लड़कियों की हत्या भी निर्मम तरीके से की गयी। आदिवासियों की अस्मिता के साथ बार-बार खिलवाड़ किया जाता रहा है। ऐसे में ज्यादा अच्छा होता कि झूठे प्यार के वादे नहीं किये जायें।

**सभी पार्टियां मगजमारी करने में जुट गयी हैं। ऐसा देखा गया है कि शुरू से आदिवासी हित की बात सभी पार्टियां करती हैं। आज भी इस समाज को जीवन यापन करने के लिए कठोर संघर्ष करना पड़ता है।**

# नये बजट में शिक्षा के लिए प्रावधान नाकाफी है





गिरीश्वर मिश्र

***भारत*** का वर्ष 23-24 का राष्ट्रीय बजट अमृत-काल में प्रस्तुत हुआ पहला बजट है। इस अवसर का लाभ लेते हुए सरकार ने इसे भविष्य के शक्तिशाली और समर्थ भारत की आधारशिला के रूप में पेश किया है। इसके अंतर्गत जीवन के सभी क्षेत्रों की जरूरतों को स्पर्श करते हुए संसाधन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। उथल-पुथल के वर्तमान दौर में वैश्विक स्तर पर आर्थिक दृष्टि से आत्म विश्वास से भरी एक बड़ी हैसियत बनती भारत की अर्थव्यवस्था निश्चय ही चकित करने वाली है। इस परिवर्तन को देख-सुन सभी भारतवासी खुश दिख रहे हैं। 'विकासशील' की श्रेणी से निकल कर 'विकसित' देशों की श्रेणी में पहुँचने के लिए बड़ी छलांग की तैयारी इस बजट में साफ झलक रही है। सबको संतुष्ट करने की चेष्टा के साथ गरीब, मध्य वर्ग, अमीर, किसान, व्यापारी, सरकारी मुलाजिम हर किसी की झोली में कुछ न कुछ पहुँचाने की कवायद इस बजट की एक बड़ी खूबी है। विभिन्न क्षेत्रों में आधार-संरचना (इंफ्रा स्ट्रक्चर) के संवर्धन के लिए प्रयासों में विस्तार और तेजी के संकेत नागरिक जीवन की सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में बड़े कदम हैं। इन सब प्रयासों में कुछ लोगों को आसन्न आम चुनाव की घंटी की गूंज सुनाई पड़ रही हो तो उसे सिरे से खारिज भी नहीं किया जा सकता। मोदी सरकार ने इस बजट में सचमुच सबको साधने की भरपूर कोशिश की है। आय कर में प्रस्तावित छूट का कई सालों से मध्य वर्ग खास तौर पर नौकरीशुदा लोगों को बेसब्री से इंतजार था। कृषि-क्षेत्र के लिए की गई घोषणाओं से खेती-किसानी की दुनिया में सकारात्माक परिवर्तन की आशा बंधती है। 'विकास' अभी भी हमारा मुख्य सरोकार है और दूर राज के गाँव को भी विकसित करने का लक्ष्य बना हुआ है। सारी भौतिक सुविधाएँ जुटा देना उसका ध्येय है। इस मुहिम में टेक्नोलॉजी एक इंजिन की तरह मुख्य भूमिका निभा रही है। व्यापार, वाणिज्य, शिक्षा, पर्यटन, स्वास्थ्य, कृषि प्रत्येक क्षेत्र में इस पर भरोसा करते हुए इसे बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है। इस प्रसंग में आज सब कुछ 'डिजिटल' होने की तैयारी में है। साइबर युग की दहलीज पर खड़े हम सबको डिजिटलीकरण करने में ही आज की हर समस्या की राम-बाण औषधि की झलक मिल रही है। निश्चय ही यह सब मनुष्यता की रक्षा और मानवता की सुख-शांति के संवर्धन के कल्याणकारी उद्देश्य को पाने के लिए किया जा रहा है। मनुष्य कल्पनाशील है और वह तरह-तरह की कल्पनाएँ करता रहता 'एलेक्सा' पीछे छूट गई। अब तो चैट-जीपीटी से पूछने पर हर समस्या का समाधान और हर प्रश्न का उत्तर मिल जायेगा। मनुष्य एक अंक बनता जा रहा है। उसकी संवेदना, उसके मूल्य, उसकी अस्मिता और उसकी संस्कृति आदि

**मोदी सरकार ने इस बजट में सचमुच सबको साधने की भरपूर कोशिश की है। आय कर में प्रस्तावित छूट का कई सालों से मध्य वर्ग खास तौर पर नौकरीशुदा लोगों को बेसब्री से इंतजार था। कृषि-क्षेत्र के लिए की गई घोषणाओं से खेती-किसानी की दुनिया में सकारात्माक परिवर्तन की आशा है।**

### इन दिनों

आदि जिसे ले कर मनुष्य होने के गौरव की अनुभूति होती है। वह सब कुछ जिसे लेकर सृष्टि चक्र में मनुष्य की प्राणिगत श्रेष्ठता का अहसास होता था अब अप्रासंगिक होता हुआ दिख रहा है। मनुष्य को निर्जीव चेतनारहित वस्तु या पदार्थ में तबदील करते हुए अनिश्चय, संशय और विकल्पों का दायरा सिमटता सिकुड़ता जा रहा है। सब कुछ पूर्वनिर्धारित और अतिनिश्चित हुआ जा रहा है। यह अलग बात है जो देश इस पद्धति पर आगे बढ़े हैं उनका अनुभव अंततः आत्म घाती ही साबित हो रहा है। आज साल भर से रूस और यूक्रेन के युद्ध की विभीषिका इसी की ओर संकेत कर रही है। इनके चलते जो जीवन, प्रकृति और भौतिक सम्पदा का जान बूझ कर विनाश चल रहा है उसमें डिजिटल युग और कृत्रिम बुद्धि (आर्टीफि शियल इंटेलिजेंस) की बड़ी भूमिका है। विलक्षण बात यह है कि ज्ञान-विज्ञान की वीभत्स और विनाशकारी भूमिका का यह महादृश्य पश्चिम के सभी विकसित देशों के गहन आपसी सहयोग से विश्व रंग-मंच पर मंचित हो रहा है। यह एक विलक्षण अंतर्विरोध है कि जिस विषय का सम्बन्ध समाज के प्रत्येक वर्ग से हो और जो ज्ञानार्जन, संस्कृति , स्वास्थ्य, न्याय, तथा नागरिक दायित्व आदि के निर्वाह जैसे जीवन के लगभग सभी महत्वपूर्ण पक्षों को स्पर्श करता चलता हो नीतियों और कार्यक्रमों की दृष्टि से वरीयता सूची में कोई जगह ही न पा सके। आज भारत की पूरी शिक्षा प्रणाली के औचित्य और निष्पादन को लेकर चिंता बनी हुई है और शिक्षा पाने के लिए तैयार हो रहे अतिविशाल युवा वर्ग को लेकर व्याकुलता बनी हुई है। ऐसे में शिक्षा एक तदर्थ व्यवस्था यानी 'एडहाकिज्म' की शिकार हुई जा रही है। इससे सक्रिय रूप से जुड़े छात्रों और अध्यापकों अन्य सहयोगी जनों की संख्या के अनुसार जिस अनुपात में ध्यान दिया जाना चहिए वह बहुत दिनों से नहीं हो पा रहा है। इस स्थिति के कई सम्भव कारण हैं। एक बड़ा कारण तो यही है कि शिक्षा में सुधार लाने के लिए धन की आवश्यकता होती है और वह अन्य मदों में चला जाता है। पर यह भी है कि आकस्मिक महत्व की फौरी घटनाएं तत्काल महत्व चाहती हैं और उन पर ध्यान देने के क्रम में सार्वकालिक महत्व की घटना विचार में आने से छूट जाती है। परंतु इस तरह की निरंतर उपेक्षा का संचित परिणाम प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से समाज को ही भोगना पड़ता है। हमारे स्वीकृत आदर्श, नीति, कथनी और करनी इन सबमें अंतर बढता ही जा रहा है।

### बोधि वृक्ष

## *आईए सुनें भगवान विश्वकर्मा की कथा*

***दूसरा अध्याय***

एक महर्षि अंगिरा नाम वाले हुए है, जिन्होनें हिमालय पर्वत के समीप गंगा तट पर बडां भारी तप किया था। बर्षा ऋतु में तो आवरण रहित स्थान में, शीतकाल में शीतल जल में ग्रीष्म काल में धूप में बैठकर वह अंगिरा मुनि तप करने लगे। तप करते करते भी उन ऋषि का मन सुखी नहीं था और इधर उधर इस प्रकार दौडता था कि जैसे मृग इधर उधर भागता है। तभी उस समय अचानक आकाशवाणी हुई कि हे तपोधन, तू वृथा श्रम करता है, लक्ष्य से च्युस हुआ वाण कैसे अपने लक्ष्य को बेध सकता है, वही तेरी गति हो गई है और तू लोक में उपवास को प्राप्त हो रहा है। उत्पत्ति स्थिति सहांर का करने वाला सबको अभीष्ट का सिद्धकर्ता, महातेजस्वी विश्वकर्मा संसार में प्रसिद्ध है। उसका पञचमुख और दशबाहु वाला, महादिव्य रूप सरस्वती और लक्ष्मी से पूजित है। उसका तू दिन रात ध्यान कर। इस रुप का स्वंय हरि ने क्षीर समुद्र में उपदेश दिया है। आज भी उनके ध्यान से मेरे रोमांच खडे होते है। अमावस्या के दिन सब कामों को छोडकर व्रत का आचरण कर और उसी दिन विधि पूर्वक विश्वकर्मा जी की पूजा कर। इस प्रकार आकाश को गूँजा देने वाली वाणी को सुनकर अंगिरा मुनि बडें विस्मय को प्राप्त हुआ और भगवान का ध्यान करने लगे। श्री विश्वकर्मा जी का ध्यान करते समय उनके चित्त में शिल्पज्ञान का धारक, अर्थ सहित अथर्ववेद प्रविष्ट हुआ।उन तत्वज्ञ अंगिरा मुनि ने विमान रचना आदि की अनेक शिल्प विद्याओं का रस अथर्ववेद के ज्ञा न से आविर्भाव किया।

*(क्रमशः)*

# राहुल के निशाने पर हर बार बिजनेसमैन ही क्यों आते हैं?




नीरज कुमार दुबे

***महामारी*** के बाद जब पूरी दुनिया आर्थिक मंदी का सामना कर रही है तब भारत प्रगति कर रहा है। जब पूरी दुनिया की आर्थिक विकास दर घट रही है तो आईएमएफ कह रहा है कि भारत सबसे तीव्र गति से आर्थिक तरक्की कर रहा है और करता रहेगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अडाणी मुद्दे पर लोकसभा में अपनी आवाज बुलंद की और कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोगों ने उनसे पूछा कि अडाणी कैसे हर बिजनेस में घुस जाते हैं? राहुल गांधी ने अडाणी पर आरोप तो तमाम लगाये लेकिन शायद वह पूरी तैयारी के साथ नहीं आये थे। राहुल गांधी को पता होना चाहिए कि गौतम अडाणी कांग्रेस की सरकार के दौरान ही उद्योगपति बने और एक कारोबारी के तौर पर उनको कांग्रेस की सरकारों ने ही आगे बढ़ाया था। गौतम अडाणी का कारोबार मोदी के कार्यकाल में ही बढ़ा है यह बात कहना गलत है। हम आपको बता दें कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के कार्यकाल के दौरान 2011 में गौतम अडाणी ही देश में सबसे ज्यादा पैसा कमाने वाले उद्योगपति थे। उस समय प्रधानमंत्री पद पर नरेंद्र मोदी नहीं बल्कि कांग्रेस नेता डॉ. मनमोहन सिंह विराजमान थे। 2007 में भी देश में कांग्रेस की ही सरकार थी जब फोर्ब्स ने गौतम अडाणी को 13वें सबसे अमीर भारतीय के तौर पर नामित किया था। इसके अलावा, गौतम अडाणी को सिर्फ भाजपा शासित राज्यों में ही विभिन्न ठेके मिले हुए हों ऐसा नहीं है बल्कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों के अलावा पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार, अन्य क्षेत्रीय दलों की राज्य सरकारों और केरल की वामपंथी सरकार ने भी अडाणी समूह को ठेके दिये हुए हैं। यह ठेके कोई नियमों को ताक पर रख कर नहीं दिये गये बल्कि नियमों का पालन कराते हुए दिये गये हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि अडाणी समूह पर हमला करके क्या भारत की आर्थिक प्रगति को बाधित करने का प्रयास किया गया है? देखा जाये तो यह आरोप कहीं ना कहीं सही लगता भी है क्योंकि महामारी के बाद जब पूरी दुनिया आर्थिक मंदी का सामना कर रही है तब भारत प्रगति कर रहा है। जब पूरी दुनिया की आर्थिक विकास दर घट रही है तो आईएमएफ कह रहा है कि भारत सबसे तीव्र गति से आर्थिक तरक्की कर रहा है और करता रहेगा। जब दुनिया के अमीर देशों के अरबपति, खरबपति टॉप अमीरों की सूची से नीचे खिसकने लगे और विकासशील देश भारत के उद्योगपति गौतम अडाणी उनकी जगह लेने लगे तो कुछ लोगों को तकलीफ होना स्वाभाविक था। सिर्फ अडाणी को ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा हो ऐसी बात नहीं है, जब भी गरीबी या अभावों का सामना कर अपने बल पर मुकाम हासिल करने वाला कोई व्यक्ति आगे बढ़ता है तो उसके पैर पीछे खींचे ही जाते हैं। ऋषि सुनक जब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद के लिए लोकतांत्रिक तरीके से चुनावी लड़ाई लड़ रहे थे तब उन्हें भी उनके मूल को लेकर कुछ लोगों ने निशाना बनाया था। दरअसल हम मानें या ना मानें इन गोरों ने इस दुनिया को दो भागों में विभाजित कर रखा है और रंग के आधार पर उन्होंने तय कर रखा है कि कौन राज करेगा। इसलिए जब भी भारत का कोई व्यक्ति आगे बढ़ेगा तो उसे पीछे धकेलने के प्रयास किये जायेंगे। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि हमारे यहां वित्तीय मामलों को लेकर अभी उतनी जागरूकता नहीं है, इसी बात का फायदा राजनीतिक दल उठा कर जनता के बीच में भ्रम फैलाते हैं और अपने हित साधते हैं। जहां तक भारत के बाजारों की बात है तो आपको बता दें कि यह बहुत ज्यादा विनियमित हैं। अडाणी विवाद पर भारतीय रिजर्व बैंक विस्तृत स्पष्टीकरण दे चुका है जिसके मुताबिक देश के बैंकों ने सारे पैमानों को बरकरार रखते हुए विभिन्न कंपनियों को बड़े कर्ज दिये हैं। फिर भी एक विदेशी रिपोर्ट के आधार पर एक भारतीय कंपनी पर जो सवाल उठाये जा रहे हैं और उसके बारे में ऐसी बातें फैलाई जा रही हैं ताकि उसके विदेशी उपक्रमों पर भी असर पड़े, वह ठीक नहीं है। विपक्ष के निशाने पर आज अडाणी हैं कल को कोई और भी हो सकता है। हमें याद रखना चाहिए कि 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस पार्टी ने अनिल अंबानी पर इसी तरह का हमला बोला था। तब राहुल गांधी बार-बार कहते थे कि मोदीजी ने राफेल सौदे के दौरान सरकारी खजाने से 30 हजार करोड़ रुपए निकाल कर अनिल अंबानी की जेब में डाल दिये। उस नकारात्मक अभियान का असर यह हुआ कि आज अनिल अंबानी एक कारोबारी के तौर पर बर्बाद हो चुके हैं।

**2011 में गौतम अडाणी ही देश में सबसे ज्यादा पैसा कमाने वाले उद्योगपति थे। उस समय प्रधानमंत्री पद पर नरेंद्र मोदी नहीं बल्कि कांग्रेस नेता डॉ. मनमोहन सिंह विराजमान थे। 2007 में भी देश में कांग्रेस की ही सरकार थी।**

### राजनीति

### फोटो की दुनिया



### ट्वीट-ट्वीट

Babulal Marandi
@yourBabulal

झारखंड के युवाओं के"नौकरी कब मिलेगी?" के सवालों पर मंत्री जी के पास कोई जवाब नहीं है,वो मैदान छोड़ कर भागने में ही अपनी भलाई समझ रहे हैं।
युवा सड़कों पर सरकार से पूछ रहा है कि अंडा बेचे या मुर्गी पाले?
सीएम साहब युवाओं के इस आक्रोश भरे सवालों का जवाब दीजिए।

### फेसबुक वॉल से

रत्नेश शुक्ल
5 h

7 फरवरी:गुलाब सप्तमी
8 फरवरी:प्रस्ताव अष्टमी
9 फरवरी:चाकलेट नवमी
10 फरवरी:भालू दशहरा
11 फरवरी:वचन एकादशी
12 फरवरी:आलिंगन द्वादशी
13 फरवरी:चुम्बन त्रयोदशी
14 फरवरी:प्रेम चतुर्दशी

सफलता उपरांत ब्राह्मण भोज आवश्यक वरना ताड़ना के अधिकारी की आशंका..!!

# योगी की आर्थिक मैनेजमेंट पर चर्चा



शशिकान्त जायसवाल

***पिछले*** कुछ दिनों से डिजिटल और सोशल मीडिया पर यूपी गोज ग्लोबल, योगीनॉमिक्स, इन्वेस्टर फ्रेंडली यूपी, योगी डिजिटाइजेज यूपी, उपयोगी फॉर इकोनॉमी, विजनरी योगी जैसे शब्दों की चर्चा खूब रही। इन्हें देखकर सवाल उठना लाजिमी है कि जिस उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बताया जाता था, अब उसी उत्तर प्रदेश के आर्थिक उत्थान की बात होने लगी और तो और विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गज अब उसी की सराहना कर रहे हैं। वर्ल्ड बैंक और यूपीडैस ने हाल ही में जो आंकड़े जारी किए हैं, वह भी उत्तर प्रदेश की इकोनॉमिक ग्रोथ को विश्व की विकास दर 5% से अधिक 8% बताए हैं। यानी यूपी का ग्रोथ रेट विश्व के कई देशों की विकास दर से ज्यादा है। एक संस्था की ओर से कराए गए मूड ऑफ दि नेशन सर्वे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 39.1 फीसदी लोगों ने बेस्ट चीफ मिनिस्टर माना है। जबकि इस मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल दूसरे और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी तीसरे नंबर पर हैं। यानी सीएम योगी के कार्यों को लोग पसंद कर रहे हैं। वर्ष 2017 में जब उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुआ और योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने, तो किसी को यह आभास नहीं था कि उत्तर प्रदेश आर्थिक विकास दर में विश्व के कई देशों को पछाड़ देगा। प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद सीएम योगी दूरदर्शी रणनीति के साथ आगे बढ़े। अपराध और भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस, विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना और निवेश फ्रैंडली नीतियों के साथ जब वर्ष 2018 में इन्वेस्टर्स समिट की घोषणा हुई, तब भी विपक्ष सवाल खड़े कर रहा था और आज भी कर रहा है, लेकिन उत्तर प्रदेश की तरक्की में यह इन्वेस्टर्स समिट मील का पत्थर साबित हुआ और 4.68 लाख करोड़ रुपए के एमओयू हुए। इतना ही नहीं, सीएम योगी का दावा है कि चार लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। यानी उनमें उत्पादन शुरू हो चुका है या होने वाला है। सीएम योगी ने अपने पहले कार्यकाल में ही यह घोषणा कर दी थी कि वर्ष 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 (यूपीजीआईएस-23) किया जाएगा और अब यूपीजीआईएस-23 लखनऊ में 10 से 12 फरवरी तक होने वाला है। इससे पहले टीम यूपी ने 16 देशों में 22 रोड शो और भारत में भी करीब एक दर्जन प्रमुख महानगरों में रोड शो किए हैं। भारत के प्रमुख शहरों और प्रदेश में जिले स्तर पर हो रहे निवेशक सम्मेलनों में करीब 21 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। जबकि अभी यूपीजीआईएस-23 होना शेष है। अभी तक देश में किसी भी राज्य में इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 21 लाख करोड़ रुपए का निवेश नहीं आया है। इसीलिए यह उत्तर प्रदेश जैसे राज्य के लिए बहुत बड़ी बात है। दरअसल, सीएम योगी के आर्थिक मैनेजमेंट का 2017 से 2022 तक पांच वर्षों का कार्यकाल ट्रेलर था। इसके लिए सीएम योगी के विभिन्न प्रयासों से उत्तर प्रदेश, देश-दुनिया में अपनी छवि बदलने में सफल हुआ। इस दौरान उत्तर प्रदेश में सिंगल विंडो सिस्टम के तहत जीरो ह्यमून इंटरफरेंस सहित 40 विभागों में करीब दो हजार से अधिक सुधारों को लागू किया गया। जिस कारण ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तर प्रदेश आज अचीवर स्टेट बन गया है। प्रदेश ने पिछले छह वर्षों में हाईवे और एक्सप्रेसवे के क्षेत्र में अभूतपूर्व तरक्की हासिल की है। आने वाले समय में दुनिया के कई देशों से अधिक एक्सप्रेसवे कनेक्टिविटी उत्तर प्रदेश में होने वाली है। उत्तर प्रदेश 13 एक्सप्रेसवे वाला देश का पहला राज्य बना है। 32 सौ किमी के कुल 13 एक्सप्रेसवे में से सात निर्माणाधीन हैं, तो छह संचालित हैं। यूपी सरकार ने प्रदेश में ट्रांसपोर्ट सिस्टम और एयर कनेक्टिविटी को काफी बेहतर बनाया है। इसीलिए हाल ही में वाराणसी में हुए एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सीएम योगी को इंफ्रास्ट्रक्चर मैन ऑफ इंडिया बताया था। ऐसे ही लखनऊ में एक कार्यक्रम में नीति आयोग के चेयरमैन पी अय्यर ने ब्लॉक स्तर पर आकांक्षात्मक जिलों में किए जा रहे कार्यों को लेकर सीएम योगी की सराहना की थी। साथ ही उन्होंने इसे दूसरे प्रदेशों के लिए एक मॉडल बताया था। योगी 2.0 में उत्तर प्रदेश ने नए संकल्पों के साथ देश में नंबर एक अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य के साथ नई शुरूआत की है। ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार का दूसरा कार्यकाल काफी अहम है। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने के लक्ष्य के लिए विभागों को 10 सेक्टरों में बांटकर अगले पांच साल तक का खाका खींचा गया है और उसी के अनुसार सूक्ष्म, लघु और दीर्घकालीन योजनाएं बनाकर कार्य किया जा रहा है।

**वर्ल्ड बैंक और यूपीडैस ने हाल ही में जो आंकड़े जारी किए हैं, वह भी उत्तर प्रदेश की इकोनॉमिक ग्रोथ को विश्व की विकास दर 5% से अधिक 8% बताए हैं। यानी यूपी का ग्रोथ रेट विश्व के कई देशों की विकास दर से ज्यादा है।**

### योगीनामा

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# बादाम को कम समझने की न करें भूल

बादाम को सुपरफूड माना जाता है। अपनी डेली डाइट में बादाम को शामिल करने से आप चमत्कारिक फायदों का अनुभव कर सकते हैं। बादाम पोषक तत्वों के पावरहाउस हैं। आप बादाम को साबुत, टुकड़ों में टुकड़ों में या आलमंड बटर के रूप में खा सकते हैं। बादाम का दूध बादाम से बना एक और पॉपुलर ट्रीट है। यह स्वादिष्ट नट एक सुपरफूड माना जाता है। बादाम खाने के अविश्वसनीय फायदे होते हैं। हम में से ज्यादातर लोग इस सुपरनट को हल्के में लेते हैं।

## रोज क्यों करना चाहिए बादाम का सेवन

### कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद कर सकता है

एक अध्ययन में पाया गया कि बादाम खाने से आपकी रेड ब्लड सेल्स में विटामिन ई की मात्रा बढ़ जाती है और हाई कोलेस्ट्रॉल आपके जोखिम को कम करता है। विटामिन ई के बढ़े हुए लेवल में एंटीऑक्सिडेंट बनते हैं जो आपकी कोशिकाओं को बढ़ते कोलेस्ट्रॉल के साथ बंद होने से रोकता है। कुछ बादाम खाने से आपके रक्त में विटामिन ई की मात्रा बढ़ सकती है और कोलेस्ट्रॉल होने का खतरा कम हो सकता है।

### वजन घटाने में सहायता कर सकता है

बादाम में अन्य फूड्स की तुलना में बड़ी मात्रा में प्रोटीन और फाइबर और लो काबोर्हाइड्रेट शामिल होते हैं, जो आपको कम समय के लिए भरा हुआ महसूस करने में मदद करते हैं। ये डेली कैलोरी के सेवन को कम करने में भी सहायता करता है। बादाम भूख को कम सकता है, जो स्वस्थ वजन बनाए रखने में सहायता करता है।

### दिल के लिए अच्छा है

बादाम और अन्य नट्स को साथ में खाना आपके दिल के लिए बहुत अच्छा होता है। बादाम का सेवन ब्लड शुगर लेवल को संतुलित और नियंत्रित करने के लिए जाना जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बादाम में मैग्नीशियम होता है और यह सलाह दी जाती है कि आप हर दिन एक मुट्ठी बादाम खाएं। बादाम के सेवन से हाई एंटीऑक्सीडेंट मिलते हैं, जो ब्लड प्रेशर को कम करते हैं और ब्लड सकुर्लेशन में सुधार करते हैं।

### आंखों की सुरक्षा करता है

बादाम में विटामिन ई होता है, जो आपकी आंखों की रक्षा करता है और आपके लेंस में



अननेचुरल बदलाव को रोकता है। बादाम आपकी आंखों के लिए बहुत ही बेहतरीन माना जाता है। बादाम का सेवन आपकी आंखों को सुरक्षित रखेगा, लेकिन बहुत ज्यादा खाने से बचें। बादाम को हमेशा कम मात्रा में खाना याद रखें।

### एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर

बादाम में एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में होते हैं और तनाव को दूर रखने में आपकी मदद कर सकते हैं। बादाम कई एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं जो आपकी त्वचा के लिए अच्छे होते हैं। बादाम आपके शरीर के एंटीऑक्सीडेंट लेवल को बढ़ा सकते हैं, उम्र बढ़ने और कई अन्य विकारों से आपकी रक्षा कर सकते हैं।

### स्किन हेल्थ में सुधार करता है

बादाम स्किन केयर वाले ज्यादातर प्रोडक्ट्स में एंग्रेडिएंट्स का हिस्सा होता है, क्योंकि इस नट्स के आपकी त्वचा के लिए बहुत सारे फायदे हैं। ब्रोकली और ग्रीन टी में मौजूद फ्लेवोनॉयड बादाम में पाया जा सकता है। ये आपकी त्वचा को पोषण देता है।

### सफेद बालों को रोक सकता है

बादाम का तेल कई प्रकार के बालों की समस्याओं का इलाज के लिए अविश्वसनीय रूप से उपयोगी है। बालों के झड़ने से लेकर सफेद बालों से बचने के लिए आप बादाम के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। डैंड्रफ और बालों की अन्य समस्याओं का इलाज बादाम के तेल से भी किया जा सकता है।

### दिमाग के लिए अच्छा है

बादाम को दूध के साथ मिलाने पर यह पोटैशियम से भरपूर हो जाते हैं। ये आपके शरीर के इलेक्ट्रोलाइट लेवल को बढ़ाता है, जिससे आपके शरीर को अधिक एनर्जी मिलती है। इलेक्ट्रोलाइट्स में वृद्धि होने पर बादाम दूध का सेवन आपकी याददाश्त को मजबूत कर सकता है। सीधे शब्दों में कहें तो बादाम का दूध पीने से आपकी याददाश्त तेज होती है।

### एनीमिया को दूर करने में मदद करता है

रेड ब्लड सेल्स आमतौर पर ब्रेन को काफी कम ऑक्सीजन पहुंचाकर एनीमिया में योगदान करती हैं। इस प्रकार बादाम का उपयोग एनीमिया को रोकने के लिए किया जा सकता है क्योंकि इसमें कॉपर, आयरन और विटामिन होते हैं जो हीमोग्लोबिन बनाने में सहायता करते हैं।

# दूध की शक्ति को कई गुना बढ़ा देते हैं दालचीनी और शहद



दूध पोषक तत्वों से भरपूर होता है और यह हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद भी होता है। हेल्थ एक्पर्टस अच्छी फिटनेस के लिए सभी लोगों को दूध पीने की सलाह देते हैं। हमारे दांतों और हड्डियों की सेहत के लिए दूध बहुत जरुरी होता है। इसमें कैल्शियम, प्रोटीन, विटामिन्स जैसे तत्व पाए जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर दूध में शहद और दालचीनी जैसे तत्वों को मिलाया जाए तो इससे इसकी ताकत कई गुना बढ़ जाती है और ये मिश्रण हमारे शरीर को कई तरह की बीमारियों से भी बचाता है। शहद में विटामिन और मिनरल्स के साथ-साथ एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेटरी क्वालिटी, पोटैशियम और फास्फोरस भरपूर मात्रा में पाया जाता है। आइए जानते हैं कि अगर दूध में शहद और दालचीनी को मिलाकर पिया जाए तो इससे क्या-क्या फायदे मिलते हैं।

### इम्यूनिटी होती है मजबूत

सर्दियों के मैसम में बीमारियां और संक्रमण होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इससे बचने के लिए इम्यूनिटी मजबूत होना बहुत ज्यादा जरुरी है। अगर आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है तो आपको दूध में दालचीनी और शहद को मिक्स करके पीना चाहिए। इसके एंटीबैक्टीरियल, एंटीफंगल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण शरीर की संक्रमण से रक्षा करते हैं।

### पाचन को बनाए बेहतर

दूध के साथ दालचीनी और शहद मिलाकर पीने से पाचन शक्ति भी बेहतर होती है। जिन लोगों का ठीक से पेट साफ नहीं होता या फिर खाना नहीं पचता, उन्हें इसका सेवन करना चाहिए। शहद और दालतीनी, गैस और एसिडिटी से राहत देते हैं।

### कोलेस्ट्रॉल को कम करता है

मौजूदा समय में कोलेस्ट्रॉल के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कोलेस्ट्रॉल की समस्या तब होती है जब हमारे खून की नसों में फैट जमने लगता है और अगर इसकी मात्रा ज्यादा हो जाए तो इससे हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक की समस्या बढ़ सकती है। इसलिए कोलेस्ट्रॉल की बीमारी स्वास्थ्य के लिए घातक होती है। दालचीनी और शहद कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करता है।

### जोड़ों के दर्द में राहत

दूध, दालचीनी और शहद का मिश्रण उन लोगों के लिए भी रामबाण है जो लोग जोड़ों के दर्द से पीड़ित है। दूध के साथ दालचीनी और शहद पीने से हड्डियों को मजबूती मिलती है। दूध में कैल्शियम उच्च मात्रा में पाया जाता है जबकि शहद में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण इसकी ताकत को कई गुना बढ़ा देते हैं।

# तुलसी की पत्ती तोड़ते समय इन बातों का रखें खास ख्याल

दरअसल हम इसकी पत्तियों को कभी भी तोड़ लेते हैं जो कि गलत है। इसका बुरा असर पड़ता है घर की सुख शांति में। इसकी पत्तियों को तोड़ने के कुछ नियम हैं जिसे जान लेना चाहिए। तुलसी एक ऐसा पौधा है जिसे धार्मिक और वैज्ञानिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह आपको हर घर के आंगन और बालकनी में लगी हुई मिल जाएगी। हिन्दू घरों में तो सुबह की शुरूआत इसमें



जल देकर की जाती है। इस पौधे को देवी का दर्जा दिया गया है। ऐसे में इससे जुड़ी कुछ खास बातें हैं जिसे जान लेना बहुत जरूरी है। दरअसल हम इसकी पत्तियों को कभी भी तोड़ लेते हैं जो कि गलत है। इसका बुरा असर पड़ता है घर की सुख शांति में। ऐसे में इसकी पत्तियों को तोड़ने के कुछ नियम हैं जिसे जान लेना चाहिए।

### तुलसी की पत्ती तोड़ने के क्या हैं नियम

- धार्मिक मान्यतानुसार तुलसी की पत्ती को शाम के समय नहीं तोड़ना चाहिए। हमेशा रोशनी में तोड़ें। वहीं, इसकी पत्ती तोड़ने से पहले आप अपने हाथ को पानी से धो लीजिए। वहीं, तुलसी की टूटी पत्तियों पर कभी पैर नहीं रखना चाहिए। इसका विपरीत असर पड़ता है जीवन पर।
- तुलसी के रामा-श्यामा प्रकार होते हैं। उन्हीं की तरह वन तुलसी भी जानी जाती है। शास्त्रों में इसे घर में लगाना वर्जित है। माना जाता है कि इसे घर में लगाने से नकारात्मक ऊर्जा आती है। इससे घर में कई तरह की परेशानियां भी आती हैं।
- वन तुलसी घर में लगाने से वास्तु दोष होता है। कुंडली में राहु की दशा बिगड़ सकती है। बच्चों के फ्यूचर पर भी बुरा असर पड़ सकता है। घर में वन तुलसी लगाने से स्थिति बिगड़ने लगती है। इसलिए इस पौधे को लोग घर में लगाने से बचते हैं।
- वहीं, गंगाजल में तुलसी की पत्ती व मंजरी मिलाकर घर में छिड़कने से पैसे की परेशानी से निजात मिलता है। इससे नकारात्मकता भी दूर होती है।

# वेट लॉस करने से मिलते हैं ये फायदे




वजन कम करने के लिए सबसे जरूरी है कि आप अपने खान-पान पर ध्यान दें। जब आप वजन कम करते हैं तो उस दौरान आप ना केवल हेल्दी ईटिंग हैबिट्स अपनाते हैं। बल्कि अलग-अलग तरह के फूड आइटम्स और उनके हेल्थ पर प्रभाव को गहराई से समझते हैं। जब बात वेट लॉस की होती है तो अक्सर लोगों के मन में खुद को एक परफेक्ट बॉडी शेप में देखने का ख्याल ही आता है। यह बात सच है कि वजन कम करने पर आपकी बॉडी शेप बेहतर होती है। लेकिन वजन कम करने का सिर्फ एक यही लाभ नहीं है। जब आप वजन कम करते हैं तो इससे आपको अन्य भी कई लाभ भी अनजाने ही मिल जाते हैं।

### कई बीमारियों से निजात मिलना

जब आपका वजन बढ़ने लगता है तो इसके साथ बीपी से लेकर पीसीओडी तक, कई बीमारियां व्यक्ति को अपनी जद में ले लेती हैं। ऐसे में इन बीमारियों को हैंडल करने के लिए कई तरह की दवाइयों का सेवन करना पड़ता है। लेकिन जब आप अपना वजन कम करते हैं तो इससे आपकी कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं खुद ब खुद ठीक हो जाती हैं। ऐसे में आपको तब दवाइयों पर अपना जीवन जीने की जरूरत नहीं होती है।

### एक्टिव लाइफस्टाइल होना

जब आप वजन कम करते हैं तो उस दौरान आप खुद को फिजिकली तौर पर अधिक एक्टिव बनाते हैं। जब आप हर दिन अपना कम होता हुआ वजन देखते हैं तो मन ही मन काफी अच्छा लगता है। प्रारंभ में, भले ही आपको वर्कआउट करने में थकान महसूस हो या फिर शरीर में दर्द का अनुभव हो। लेकिन जब आप वजन कम करते हैं, तब तक आपका शरीर वर्कआउट करने का अभ्यस्त हो जाता है। ऐसे में आप कम किए हुए वजन को मेंटेन रखने के लिए एक्टिव लाइफस्टाइल अपनाते हैं।

### हेल्दी ईटिंग हैबिट को लाइफस्टाइल में अपनाना

वजन कम करने के लिए सबसे जरूरी है कि आप अपने खान-पान पर ध्यान दें। जब आप वजन कम करते हैं तो उस दौरान आप ना केवल हेल्दी ईटिंग हैबिट्स अपनाते हैं। बल्कि अलग-अलग तरह के फूड आइटम्स और उनके हेल्थ पर प्रभाव को गहराई से समझते हैं। इसलिए वेट लॉस जर्नी के दौरान आप माइंडफुल ईटिंग करना सीखते हैं। इस तरह हेल्दी ईटिंग हैबिट को लाइफस्टाइल में शामिल करने से आप लंबे समय तक खुद को बीमारियों से दूर रख पाते हैं।

❖ मिताली जैन

## सूडोकु नवताल- 6605

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6604 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## दैनिक पंचांग

**09 फरवरी 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**गुरुवार** 2023 वर्ष का 40 वां दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944
**मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ)
**पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्थी अहोरात्र।
**नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 22.27 बजे को समाप्त।
**योग** सुकर्मा 16.45 बजे को समाप्त।
**करण** बव 19.14 बजे को समाप्त।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | कुंभ | 06.54 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मीन | 08.27 बजे से |
| मंगल | वृष में | मेष | 09.57 बजे से |
| बुध | मकर में | वृष | 11.37 बजे से |
| गुरु | मीन में | मिथुन | 13.35 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | कर्क | 15.49 बजे से |
| शनि | कुंभ में | सिंह | 18.05 बजे से |
| राहु | मेष में | कन्या | 20.17 बजे से |
| केतु | तुला में | तुला | 22.28 बजे से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | वृश्चिक | 00.42 ब.से |
| | | धनु | 02.58 बजे से |
| | | मकर | 05.03 बजे से |

**चन्द्रायु** 18.1 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 14° 50'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871519
**जूलियन दिन** 2459984.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** रज्जब
**तारीख** 17
**विशेष** संकष्टी गणेश चतुर्थी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7669

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | 3 | 4 | | ■ | 5 |
| ■ | | ■ | 6 | | | ■ | 7 | |
| 8 | | ■ | | ■ | 9 | | | ■ |
| | ■ | 10 | | 11 | | ■ | | ■ |
| 12 | 13 | | ■ | | ■ | 14 | | 15 |
| ■ | | ■ | 16 | | 17 | | ■ | |
| ■ | 18 | | | ■ | 19 | ■ | 20 | |
| 21 | | ■ | 22 | 23 | | ■ | | ■ |
| | ■ | 24 | | | ■ | 25 | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. तन, शरीर-3
3. चकोर, चंद्रप्रेमी पक्षी-3
6. झगड़ा, द्वेष-3
7. मोटा आटा-2
8. खिंचाव, स्वर विस्तार-2
9. असली, शुद्ध-3
10. यंत्रशाला-4
12. कार्यविधि-3
14. चिंगारी-3
16. एक कंद जिसे सुखा कर सौंठ बनाई जाती है-4
18. दूल्हे की पगड़ी-3
20. सम्मान-2
21. प्राण, जीवन तत्व-2
22. कुशल, होनहार-3
24. राशिचक्र की एक राशि-3
25. प्रेमी, साजन- 3

**ऊपर से नीचे**

2. अवलोकन, दरस-3
3. चलने का ढंग-2
4. तलघर-4
5. इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6. जलजला-3
7. रसीला, रस से भरपूर-4
8. बल, जोर, दम-3
10. चाचा, अंकल-2
11. शौहर, पति-3
13. 'दीवाने हुए पागल' की नायिका-2, 2
14. वहम, संदेह-3
15. राजा, सम्राट-3
16. उपद्रवी, आतंकी-4
17. गिरवी रखी वस्तु-3
20. बैठने की जगह-3
21. शराब का प्याला-2
23. रांझे की प्रेमिका-2

### शब्द पहेली -7668 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | जा | न | ■ | स | ली | का | ■ |
| दा | दा | ■ | सी | ■ | ह | ■ | या | द |
| मि | ■ | ■ | ब | र | सा | त | ■ | म |
| नी | र | व | ■ | थ | ■ | र | ह | न |
| ■ | ■ | ज | रा | ■ | सा | की | ■ | ■ |
| सु | ल | ह | ■ | दां | ■ | ब | हा | व |
| दा | ■ | ■ | सा | व | न | ■ | ■ | ज |
| मा | ता | ■ | ह | ■ | य | ■ | का | न |
| ■ | त | म | स | ■ | न | क | ल | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन शुभ रहेगा। परिवार में सुख और धन की वृद्धि होगी। नौकरी में प्रमोशन का योग बन सकता है। खान का ध्यान रखेंगे, तो सेहत अच्छी रहेगी। जीवन को लेकर कोई कठोर फैसला कर सकते हैं।

**वृष राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में लाभ प्राप्ति के योग हैं। आर्थिक निवेश फायदेमंद होगा। धन संबंधित कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। धनप्राप्ति के योग रहेंगे, लेकिन अनावश्यक खर्चों की भी अधिकता रहेगी। जिससे आप तरोताजा महसूस कर पाएं।

**कर्क राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। आर्थिक लाभ का योग बन रहा है। कारोबार में नई योजनाओं की शुरूआत हो सकती है। अच्छी दिनचर्या की वजह से अपने स्वास्थ्य में सुधार आएगा।

**सिंह राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में लाभ होगा। समाज में यश, मान और सम्मान में बढ़ोतरी होगी। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कन्या राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। आपकी सूझबूझ से कारोबार में अच्छा लाभ मिलेगा। परिजनों और मित्रों से भरपूर सहयोग मिलेगा।

**तुला राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ होगा और धनप्राप्ति के योग रहेंगे, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ? से चिंता भी रहेगी।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। अपने करियर को लेकर चिंतित रहेंगे, लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वाह बखूबी कर सकेंगे।

**धनु राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा। आकस्मिक धनलाभ के योग भी बन रहे हैं, लेकिन अनावश्यक और व्यर्थ खर्चे भी अधिक रहेंगे।

**मकर राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ के प्रबल योग हैं। सामाजिक कार्यों में सुयश मिलेगा और समाज में प्रतिष्ठा व प्रभाव की बढ़ोतरी होगी।

**कुंभ राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। धन प्राप्ति के योग बनेंगे, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से चिंतित रहेंगे। नौकरी में तरक्की मिल सकती है। कार्यभार की अधिकता रहेगी।

**मीन राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा रहेगा। पारिवारिक सुख और धन में बढ़ोतरी होगी। समाज के कार्यों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। नौकरी में प्रमोशन के योग बन सकते हैं।




## NEWS इन ब्रीफ

### बीएसएफ ने एक और पाक ड्रोन को मार गिराया

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने अमृतसर जिले में पाकिस्तान से आए एक ड्रोन को गोलीबारी कर मार गिराया है। ड्रोन देर रात को भारतीय क्षेत्र में दाखिल हुआ था। फिलहाल आसपास के इलाके में तालाशी अभियान चलाया जा रहा है। बीएसएफ की तरफ से ये जानकारी दी गई है। पता लगाया जा सके कि कहीं ड्रोन के जरिए कोई ड्रग्स या हथियार तो नहीं गिराए गए हैं।

### महबूबा को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश में जम्मू-कश्मीर प्रशासन के अतिक्रमण विरोधी अभियान के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती को हिरासत में ले लिया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कई वीडियो में पुलिस को महबूबा मुफ्ती को प्रदर्शन स्थल से उठाकर पास की एक पुलिस वैन में ले जाते हुए दिखाया गया है।

### कश्मीर पंडित निकाय ने की एसआईटी गठित करने की मांग

**जम्मू।** कश्मीरी पंडितों के संगठन पनुन कश्मीर ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने में नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की भूमिका की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की मांग की है। मीडिया से बात करते हुए पनून कश्मीर के अध्यक्ष डॉ. अजय चुंगु ने जम्मू और कश्मीर में मुस्लिम अलगाववाद और इस्लामी कट्टरवाद को बढ़ावा देने और जारी रखने में एनसी और पीडीपी की भूमिका की जांच, आकलन और विश्लेषण करने के लिए एसआईटी के गठन की मांग की।

### सिक्किम में दिखा बंद का असर

**गंगटोक।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा सिक्किमी-नेपालियों को विदेशी करार दिए जाने के फैसले के विरोध में जेएसी द्वारा बुधवार को बुलाए गए 12 घंटे के बंद के दौरान राज्य में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के विरोध में ज्वाइंट एक्शन काउंसिल (जेएसी) द्वारा किए गए बंद के आह्वान को अच्छी प्रतिक्रिया मिली। सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक बंद, जिसे सत्तारूढ़ एसकेएम और विपक्षी एसडीएफ का भी समर्थन प्राप्त था।

# अमेरिका ने कहा, चीनी निगरानी गुब्बारों ने भारत की भी जासूसी की

## अमेरिका ने 4 फरवरी को अटलांटिक महासागर के ऊपर मार गिराया था चीनी गुब्बारा

### निगरानी बलून ने जापान भारत सहित चीन के लिए उभरते सामरिक हित के देशों और क्षेत्रों में सैन्य संपत्ति पर जुटाई जानकारी

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका का मानना है कि संदिग्ध चीनी निगरानी गुब्बारा, जिसे उसने 4 फरवरी को अटलांटिक महासागर के ऊपर मार गिराया था, बीजिंग द्वारा भारत सहित अन्य देशों में सैन्य ठिकानों की जासूसी करने के प्रयास का एक हिस्सा था। इस बीच, एक भारतीय अधिकारी ने अमेरिका के उप विदेश मंत्री वेंडी शर्मन द्वारा आयोजित एक ब्रीफिंग में हिस्सा लिया जिसमें 40 दूतावासों के प्रतिनिधि शामिल हुए। द वाशिंगटन पोस्ट ने बताया कि अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि निगरानी बलून ने जापान, भारत सहित चीन के लिए उभरते सामरिक हित के देशों और क्षेत्रों में सैन्य संपत्ति पर जानकारी एकत्र की है, जिसमें वियतनाम, ताइवान और फिलीपींस भी शामिल है। यह कई वर्षों से आंशिक रूप से चीन के दक्षिण तट से दूर हैनान प्रांत से संचालित हो रहा था।

भारतीय सैन्य ठिकानों की जासूसी का हालांकि कोई अन्य विवरण उपलब्ध नहीं है। एक अधिकारी ने वाशिंगटन पोस्ट को बताया, चीनियों ने जो किया है वह एक अविश्वसनीय रूप से पुरानी तकनीक है और इसे आधुनिक संचार और अवलोकन क्षमताओं के साथ जोड़ा गया है। संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारा को अमेरिका ने 4 फरवरी को अटलांटिक महासागर के ऊपर एफ-22 फाइटर जेट से मार गिराया था। अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने पहली बार घोषणा की कि उन्होंने 2 फरवरी को हवा में एक अजीब वस्तु देखी है और इसे नीचे गिराने से पहले पानी के ऊपर पहुंचने तक इंतजार किया। अधिकारियों ने इसे अमेरिकी संप्रभुता और आंतरिक कानूनों का उल्लंघन बताया। गुब्बारे के मलबे और उसके पेलोड को मार गिराए जाने के एक दिन बाद दक्षिण कैरोलाइना में मर्टल बीच के तट से निकाल लिया गया।

### बाइडेन की चीन को चेतावनी

## अगर खतरा पैदा हुआ तो करेंगे कार्रवाई

**एजेंसी। वॉशिंगटन**



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीन को चेतावनी दी है कि अगर उसकी संप्रभुता को खतरा हुआ तो अमेरिका एक्शन लेगा। वो पिछले हफ्ते अमेरिकी हवाई क्षेत्र में एक चीनी जासूसी बैलून के प्रवेश करने की घटना के बारे में बात कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा दिए गए अपने दूसरे स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में बाइडेन ने बारीकियों में गए बिना कहा कि वो चीन के साथ संबंध को संघर्ष के बजाय एक प्रतियोगिता के रूप में देखते हैं।

उन्होंने मंगलवार रात अपने संबोधन में कहा : जैसा कि हमने पिछले सप्ताह स्पष्ट किया था, अगर चीन हमारी संप्रभुता को खतरा पैदा करता है, तो हम अपने देश की रक्षा के लिए कार्रवाई करेंगे और हमने किया। संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारे को 4 फरवरी को अटलांटिक महासागर के ऊपर एक अमेरिकी एफ-22 फाइटर जेट ने मार गिराया। अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने 2 फरवरी को कहा था कि वे हवा में एक अजीब वस्तु देख रहे हैं और इसे नीचे गिराने से पहले पानी के ऊपर पहुंचने तक इंतजार किया। अधिकारियों ने इसे अमेरिकी संप्रभुता और आंतरिक कानूनों का उल्लंघन बताया। गुब्बारे को मार गिराए जाने के एक दिन बाद दक्षिण कैरोलाइना में मर्टल बीच के तट पर इसके मलबे को निकाला गया। घटना के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने बीजिंग की यात्रा रद्द कर दी, जिसमें राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक बैठक भी शामिल थी। चीन ने हालांकि पूरी घटना पर खेद जताया था और कहा था ये बैलून भटक गया था। अपने मंगलवार रात के संबोधन में, बाइडेन ने यूक्रेन पर भी बात की। कीव के खिलाफ मॉस्को के चल रहे युद्ध के बीच उन्होंने यूक्रेन की जब तक संभव हो मदद करने के लिए अपने प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराया।

अमेरिका ने यूक्रेन को रूसी आक्रमण का सामना करने में मदद करने के लिए अरबों मूल्य के सैन्य उपकरण भेजे हैं, और उसने ऐसा करने के लिए नाटो और अन्य सहयोगियों को एकजुट किया है। हमने नाटो को एकजुट किया और एक वैश्विक गठबंधन बनाया। हम (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन की आक्रामकता के खिलाफ खड़े हैं, उन्होंने कहा।

# कांग्रेस ने पूछा, कैसे अडाणी की संपत्ति 50 हजार करोड़ से बढ़कर लाखों करोड़ हो गई

**एजेंसी। नई दिल्ली**



बुधवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में मौजूद रहे। इस दौरान विपक्ष की ओर से चर्चा शुरू करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि 2014 में एक उद्योगपति की संपत्ति 50 हजार करोड़ रुपये थी, लेकिन अचानक ऐसा क्या हुआ कि दो ही साल में इस उद्योगपति की संपत्ति लाखों करोड़ रुपये बढ़ गई। खड़गे ने अडाणी का नाम लिए बिना कहा कि पीएम के एक दोस्त की संपत्ति अचानक कई गुना बढ़ गई। इसके जवाब में तुरंत नेता सदन केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह बिना आधार के आरोप लगाए जा रहे हैं। पीयूष गोयल ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि यह अपने नेता की संपत्ति देख लें कि 2014 में कितनी थी और आज वह संपत्ति कितनी बढ़ गई है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इस उद्योगपति को सरकार से प्रोत्साहन व समर्थन मिला है, सरकारी बैंकों से उसे काफी रकम मिली है। खड़गे ने कहा गुजरात में 31 पैसे का कर्ज बकाया होने पर एक किसान को 'नो ऑब्जेक्शन' सर्टिफिकेट नहीं मिला, लेकिन उद्योगपतियों के हजारों करोड़ रुपये माफ किए गए। एयरपोर्ट, कोल, रोड, सीमेंट एक व्यक्ति को मिल रहा है और उसको यह खरीदने के लिए पैसा भी सरकारी बैंकों से उपलब्ध हो रहा है। खड़गे ने कहा कि मैं राष्ट्रपति को उनके अभिभाषण के लिए धन्यवाद देता हूं। मुझे ऐसी उम्मीद थी कि राष्ट्रपति दबाव बनाकर समाज के सबसे कमजोर वर्गों के लिए अपने अभिभाषण में कुछ बातें शामिल करवाएंगी लेकिन मुझे निराशा हुई। खड़गे ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में नीतियों की चर्चा होती है कि किन नीतियों के आधार पर हम, कैसे हम देश को चलाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं था। उन्होंने अपनी सरकार की कुछ उपलब्धियां बताई और बाकी पिछली सरकारों की खामियां गिनाई।

## राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन के तहत कार्रवाई की मांग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगाए गए आरोपों की सत्यता को लेकर विवाद लगातार जारी है। बुधवार को सुबह 11 बजे लोक सभा की कार्यवाही शुरू होते ही केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सदन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने नोटिस दिए बिना बेबुनियाद और आधारहीन आरोप लगाए हैं जिसे उन्होंने प्रमाणित भी नहीं किया है। जोशी ने राहुल गांधी के भाषण को नियम 353 और 369 का उल्लंघन बताते हुए स्पीकर से तमाम आरोपों को सदन की कार्यवाही से निकालने और विशेषाधिकार के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि उनकी तरफ से विशेषाधिकार का नोटिस भी दिया गया है। केंद्रीय मंत्री की मांग पर कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि इस विषय पर वे देख कर (विचार कर) कार्रवाई करेंगे। बता दें कि, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मंगलवार को राहुल गांधी द्वारा सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बिना किसी सबूत और तथ्य के अपमानजनक आरोप लगाने का आरोप लगाते हुए विशेषाधिकार का नोटिस दे रखा है।

# भूकंप प्रभावित तुर्की में भारत के गरुड़ एयरोस्पेस ड्रोन को किया जाएगा तैनात

**एजेंसी। चेन्नई**

भारत के गरुड़ एयरोस्पेस के ड्रोन भूकंप प्रभावित तुर्की में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) द्वारा बचाव अभियान में तैनात किए जाएंगे। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी है। संस्थापक और सीईओ अग्निश्वर जयप्रकाश ने कहा : गरुड़ एयरोस्पेस ने हमेशा संकट के दौरान कदम बढ़ाया है और विभिन्न आपात स्थितियों के लिए ड्रोन तैनात करके बड़े पैमाने पर प्रभाव पैदा किया है। तुर्की में मौजूदा स्थिति को देखते हुए, गरुड़ एयरोस्पेस चल रहे बचाव और



राहत कार्यों का समर्थन करने के लिए ड्रोन तैनात कर रहा है।

एनडीआरएफ ने गरुड़ एयरोस्पेस से आपदा प्रबंधन कार्यों के लिए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा अनुमोदित ड्रोन प्रदान करने का अनुरोध किया था। शहर स्थित ड्रोन-एस-ए-सर्विस स्टार्ट-अप गरुड़ एयरोस्पेस अपने ड्रोन को सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी के लिए तैनात करेगा ताकि पीड़ितों को मलबे के ढेर के नीचे फंसे होने से बचाया जा सके और एक संशोधित किसान ड्रोन जो पीड़ितों के लिए आपातकालीन दवाएं, आपूर्ति और भोजन ले जाने में मदद करेगा। इससे पहले, गरुड़ एयरोस्पेस ने उत्तराखंड में चमोली ग्लेशियर फटने पर बचाव और राहत कार्यों के लिए ड्रोन तैनात किए थे और राजस्थान में टिड्डी नियंत्रण अभियान का समर्थन किया था।

## FILMY हलचल

### बिग बॉस 16 : शालीन ने पत्रकारों के सामने एमसी स्टेन को कराया चुप

**मुंबई।** 'बिग बॉस 16' के अपकमिंग एपिसोड में कुछ पत्रकार कंटेस्टेंट्स से कुछ दमदार सवाल पूछते नजर आएंगे। इस बीच फेक पर्सनालिटी टास्क को लेकर एमसी स्टेन और शालिन भनोट के बीच लड़ाई भी देखने को मिलेगी। नए प्रोमो में दिखाया गया है कि एक पत्रकार शालीन से सवाल करती है कि आपका मास्टरस्ट्रोक क्या था? टीना के साथ बॉन्ड बनाना या उनसे ब्रेकअप करना। इस पर शालिन जवाब देना शुरू करते हैं, इस दौरान स्टेन हाथों से कुछ इशारे करते हैं, जिससे शालीन परेशान होकर स्टेन से बोलते हैं- जब आप बोल रहे तब मैंने कुछ किया? पत्रकारों के जाने के बाद, शालिन और स्टेन के बीच लड़ाई हो जाती है, इस लड़ाई को रोकने के लिए शिव बीच में आते है। स्टेन शालीन से कहते है, विक्टिम कार्ड मत खेलो। हर बात को गलत तरीके से मत दिखाओ।

### चीन में बिना रिलीज हुए 10 करोड़ डॉलर कमाने वाली पहली हिंदी फिल्म बनी 'पठान'

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' ने रविवार को 12 दिनों में वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 10 करोड़ डॉलर का कलेक्शन किया है। इसी के साथ 'पठान' चीन में बिना रिलीज



हुए 10 करोड़ डॉलर कमानेवाली पहली हिंदी फिल्म बन गई है। 'डेडलाइन' रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार तक पठान की कमाई 103.6 मिलियन डॉलर तक पहुंचने के साथ, यह पहली बॉलीवुड की फिल्म है जो चीन में बिना रिलीज हुए 100 मिलियन डॉलर के मील के पत्थर तक पहुंच गई है। फिल्म ने भारत में कुल 526 करोड़ (64.2 मिलियन डॉलर) और सोमवार तक विदेशी बाजारों से 39.4 मिलियन डॉलर का कलेक्शन किया है। रिपोर्ट के अनुसार, पहले से ही सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित फिल्म मूल हिंदी भाषा में विश्वस्तर पर अब तक की सबसे बड़ी बॉलीवुड फिल्म है। 'डेडलाइन' के अनुसार, आमिर खान की फिल्म 'दंगल' और 'सीक्रेट सुपरस्टार' दोनों बॉलीवुड फिल्में दुनियाभर में 'पठान' से आगे हैं, लेकिन इसमें चीन का कलेक्शन भी शामिल है। फिल्मों को स्थानीय दर्शकों के लिए डब किया गया था। इसी तरह, विश्वस्तर पर सलमान खान की 'बजरंगी भाईजान' फिल्म भी पठान से आगे है, जिसकी चीन में डब की गई रिलीज है। हालांकि, चीन में फिल्म पठान के लिए रिलीज को लेकर कोई बात सामने नहीं आई है।

### क्या 'द फैमिली मैन' की वापसी हो रही है?




**मुंबई।** राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता मनोज बाजपेयी, जो 'गैंग्स ऑफ वासेपुर', 'सत्या', 'द फैमिली मैन' और कई अन्य फिल्मों में अपने काम के लिए जाने जाते हैं, ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया पर एक 'जिज्ञासा बम' गिराया है। अपने इंस्टाग्राम पर अभिनेता ने अपना एक वीडियो साझा किया जिसमें वह कैमरे से बात कर रहे हैं। अभिनेता ने कैप्शन लिखा, 'फैमिली' के साथ आ रहा हूं.. स्वागत नहीं करोगे हमारा? वीडियो में, वह कहते हैं, हैलो, हैलो, कैसे हैं आप सब? बहुत टाइम हो गया, नहीं? मेरी बात गौर से सुनिए। इस होली, आपकी फैमिली के लिए ला रहा हूं अपनी फैमिली लेकर। बने रहें। वीडियो ने अभिनेता और स्ट्रीमिंग सीरीज के प्रशंसकों को उन्माद में डाल दिया है। नेटिजन्स 'द फैमिली मैन' की वापसी से खुश हैं। प्रशंसकों ने शो के लिए अपनी उत्तेजना व्यक्त करने के लिए कई टिप्पणी की।

### 'डेक्सटर' ओरिजिन सीरीज के साथ वापसी के लिए तैयार

**मुंबई।** क्राइम-ड्रामा 'डेक्सटर' एक और नई सीरीज के साथ लौट रहा है, जिसमें नए शो ओरिजिन्स में डेक्सटर मॉर्गन के एवेंजिंग सीरियल किलर में बदलाव दिखाया जाएगा। 'मिरर.को.यूके' की रिपोर्ट के अनुसार, इतना ही नहीं, बल्कि शोटाइम ने हिट-सीरीज के फॉलो-अप 'न्यू ब्लड' के एक और सीजन की भी घोषणा की है, जो उनके बेटे हैरिसन की यात्रा का अनुसरण करेगा। हिट-यूएस क्राइम ड्रामा 2006 और 2013 के बीच आठ सीजन तक चला और माइकल सी हॉल द्वारा निभाए गए फोरेंसिक वैज्ञानिक डेक्सटर पर आधारित है। वह एक सतर्क सीरियल किलर के रूप में दर्दनाक दोहरी जिंदगी जीता है और अब दर्शकों को उसके शुरूआती वर्षों में एक युवा पुलिस वाले के रूप में नई टीवी सीरीज 'डेक्सटरः ओरिजिन्स' में देखने को मिलेगा। 'मिरर.को.यूके' के अनुसार, सीरीज में मियामी मेट्रो पुलिस में शामिल होने से पहले कॉलेज से स्नातक करने वाले डेक्सटर को दिखाया गया है।

**पहल** देश-विदेश में विख्यात कैंची धाम मंदिर को संजोने का प्रयास

# नैनीताल के नीम करौली धाम में बनेगा म्यूजियम

**एजेंसी। नैनीताल**

नैनीताल की खूबसूरत वादियों में बसा कैंची धाम मंदिर को संजोने के लिए अब पहल की जा रही है। देश-विदेश में विख्यात कैंची मंदिर में बाबा नीम करौली महाराज की स्मृतियां संजोने के लिए म्यूजियम बनाया जाएगा। पर्यटन विभाग ने कैंची धाम मंदिर में पार्किंग, रेस्टोरेंट के साथ ही म्यूजियम बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। म्यूजियम में बाबा से जुड़ी स्मृतियों को विभिन्न माध्यमों से सहेजा जाएगा।

भवाली से नौ किलोमीटर दूर स्थित कैंची धाम में बाबा नीब करौरी महाराज के भक्तों की संख्या दिनों



दिन बढ़ती जा रही है। नीम करौली बाबा के करोड़ों भक्तों में स्टार क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा के अलावा 'एप्पल' के संस्थापक स्टीव जॉब्स, फेसबुक के सीईओ मार्क जुकरबर्ग और हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स का नाम भी शामिल है।


### पर्यटन विभाग ने भेजा है म्यूजियम का प्रस्ताव

**कैंची** धाम मंदिर के प्रबंधक विनोद जोशी ने कहा कि पर्यटन विभाग ने म्यूजियम का प्रस्ताव शासन को भेजा है। म्यूजियम में बाबा से जुड़ी सभी चीजों की जानकारी के साथ-साथ उनके जीवन के बारे में सभी जानकारी उपलब्ध होगी। इसके साथ ही बाबा की ओर से देशभर में स्थापित किए गए मंदिरों के इतिहास को भी यहां संजोया जाएगा। बाबा पर बने छोटे-छोटे वीडियो भी यहां पर दिखाई जा सकेंगी।

अब बढ़ती भीड़ को देखते हुए पर्यटन विभाग ने 163 वाहनों की पार्किंग का प्रस्ताव शासन को भेजा है। उसी प्रस्ताव के तहत कैंची में अब एक म्यूजियम और रेस्टोरेंट का प्रस्ताव भी शासन को भेज दिया गया है। शासन से जल्द इसकी स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। जिला पर्यटन अधिकारी बृजेंद्र पांडेय ने बताया कि, कैंची धाम में पार्किंग के साथ म्यूजियम और रेस्टोरेंट को भी प्रस्ताव में शामिल कर 5.50 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। म्यूजियम की देख-रेख करने का जिम्मा कैंची मंदिर ट्रस्ट को दिया जाएगा। इस संबंध में प्रबंधन के लोगों के साथ बैठक हो चुकी है।

NEWS इन ब्रीफ

## कवि साहित्यकार नरेश बंका हुए सम्मानित



**रांची।** जयशंकर प्रसाद विचार मंच द्वारा आयोजित सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन में कवि साहित्यकार नरेश बंका को सम्मानित किया गया। मंच के सचिव सुरेश निराला में नरेश बंका को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथि पदमश्री मुकुंद नायक ने नरेश बंका की रचनाओं से प्रभावित होकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न साहित्यकारों व कवियों को सम्मानित किया गया।

## हनुमान महायज्ञ 20 फरवरी से

**रांची।** रांची के ठाकुर गांव में गुरुमाई खिजुरटोला में ग्रामीणों की बैठक सहदेव गोप की अध्यक्षता में हुई। इसमें आगामी 20 से 22 फरवरी तक होने वाले हनुमान महायज्ञ सह मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को सफल बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। इसमें संरक्षक गिरधारी गोप, राजजतन गोप, सहदेव गोप, अध्यक्ष गणेश गोप, मंत्री सीताराम मुंडा व सचिव दिनेश गोप को बनाया गया है। इसके अलावा 21 कार्यकारिणी के सदस्य भी चुने गए हैं।

## सड़क दुर्घटना में दो सगे भाई की मौत

**रांची।** रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित बूटी मोड़ पर विगत मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में दो सगे भाईयों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त बसंत बिहार कॉलोनी सुधीर कुमार सिंह और रणधीर कुमार सिंह शामिल है। बताया जा रहा है कि दोनों भाई बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में मौके पर ही एक की मौत हो गई। जबकि एक को मेडिका अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के क्रम में मौत हो गयी। दूसरी ओर घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर थाना इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो पुलिस बल के साथ पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया।

## राजपथ पर अपनी प्रस्तुति देकर रांची लौटे कलाकार

**रांची।** दिल्ली के राजपथ पर 26 जनवरी को अपनी प्रस्तुति देकर झारखंड के कलाकार मंगलवार को रांची लौटे। रांची रेलवे स्टेशन पर उनका स्वागत किया गया। मां शारदा संगीत संस्थान के बैनर तले झारखंड के 7 कलाकारों ने झांकी पेश की थी। इनमें रुचि, विकास, मुकेश गोस्वामी, शिवम चंद्र, मनाली तिवारी, स्नेहा बारी व अजय शामिल थे।

### नक्सलियों द्ववारा बिछाए गए लैंडमाइंस की चपेट में आकर घायल हो गया था जवान

# एयरलिफ्ट कर भेजा गया एम्स



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मंगलवार को चाईबासा में नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी ब्लास्ट में घायल सीआरपीएफ जवान संजीव कुमार को बेहतर इलाज के लिए दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल भेज दिया गया है। बुधवार को ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण कर घायल जवान को मेडिका अस्पताल से रांची एयरपोर्ट पहुंचाया गया जिसके बाद उन्हें दिल्ली भेज दिया गया।

**पैर को बहुत ज्यादा नुकसान :** मंगलवार को चाईबासा के टोंटो हुए ब्लास्ट में सीआरपीएफ के संजीव बुरी तरह से जख्मी हो गए थे, चाईबासा से एयरलिफ्ट कर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया था. नक्सलियो के द्वारा किये गए विस्फोट में संजीव का एक पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया है,वहीं उनके शरीर के दूसरे हिस्से में भी गहरे जख्म है। संजीव की स्थिति को देखते हुए पुलिस मुख्यालय की तरफ से निर्णय लिया गया कि उन्हें और बेहतर इलाज के लिए दिल्ली भेजा जाए जिसके बाद उन्हें एयर एंबुलेंस के जरिए दिल्ली भेजने की तैयारी की गई।

**बनाया गया ग्रीन कॉरिडोर :** दिल्ली भेजने के फैसले के बाद आनन-फानन में रांची पुलिस के द्वारा मेडिका अस्पताल से लेकर रांची एयरपोर्ट तक ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण किया गया। मात्र 21 मिनट के भीतर ही ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण कराकर घायल जवान को रांची एयरपोर्ट पहुंचा दिया गया, जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस के माध्यम से दिल्ली एम्स भेज दिया गया।

**मंगलवार को भी बना था ग्रीन कॉरिडोर :** वहीं बीते मंगलवार को भी चाईबासा में ही घायल सीआरपीएफ जवान राकेश पाठक को भी बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर दिल्ली भेजा गया था। उस दिन भी ट्रैफिक पुलिस के द्वारा एंबुलेंस को सुगमता से एयरपोर्ट पहुचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण करवाया गया था।

**लगातार चल रहा मुठभेड़ :** गौरततलब है कि चाईबासा के टोंटो के सरजामबुरू इलाके में पुलिस ने माओवादियों की काफी मजबूत घेराबंदी की गई है। इस इलाके में कई माओवादी नेताओं को पुलिस ने घेरे रखा है। यही वजह है कि इस इलाके में लगातार आईईडी ब्लास्ट व मुठभेड़ की घटनाएं हो रही हैं। बीते मंगलवार को भी लुईया के समीप पुलिस बलों के साथ माओवादियों की मुठभेड़ हुई थी। वहीं गुरुवार को आईईडी ब्लास्ट हुआ जिसमें तीन जवान घायल हो गए। दरअसल पुलिस मुख्यालय यह जानता है कि इन इलाकों में कैंप के निर्माण से रणनीतिक तौर पर सुरक्षाबलों को काफी फायदा मिलेगा। यही वजह है कि नक्सलियों के लगातार हमलों के बावजूद सुरक्षा बल मजबूती के साथ जंगलों में टिके हुए हैं।

**एक महीना दिनों में आठ बार ब्लास्ट :** चाईबासा के इस इलाके में पिछले एक महीने दिनों में आठ बार आईईडी ब्लास्ट कर चुके हैं. इसमें एक ग्रामीण सहित दर्जन भर सुरक्षाकर्मी भी घायल हुए हैं. इससे पहले 25 जनवरी को एक आईईडी ब्लास्ट हुआ था जिसमें एक सीआरफीएफ अधिकारी घायल हुए थे। जिन्हें एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया था।

# रिम्स की छात्राओं की बढ़ेगी सुरक्षा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची स्थित रिम्स परिसर में दिन प्रतिदिन शरारती तत्वों की गतिविधियों को रोकने के लिए रिम्स प्रबंधन ने पुलिस गश्त बढ़ाने को लेकर बरियातू थाना को पत्र लिखा है। प्रबंधन ने उनसे आग्रह किया गया है कि रात में रिम्स परिसर में पुलिस की गश्ती बढ़ाई जाए। रिम्स प्रबंधन का कहना है कि रिम्स परिसर में सुरक्षा के मद्देनजर कई कड़े कदम उठाए जा रहे हैं, जिनमें परिसर में अनाधिकृत प्रवेश पर रोक, रिम्स परिसर की बाउंड्री को तोड़ कर बने अवैध प्रवेश मार्ग को पूर्णतः बंद करना, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, पूरे कैंपस में सीसीटीवी कैमरा का प्रावधान, साथ ही सुरक्षाकर्मियों को जगह जगह तैनात किया जाएगा। परिसर को हर तरह से सुरक्षित करना रिम्स की प्राथमिकता है, जिसके लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि रांची के रिम्स में एक महिला डॉक्टर के साथ सोमवार देर रात छेड़छाड़ की गई थी। इसके बाद जूनियर डॉक्टर आक्रोशित हो गए थ। रात में ही उन्होंने ट्रामा सेंटर का गेट जाम कर दिया था और हंगामा किया था।

# सरकारी शिक्षकों को अब लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल सिस्टम से लेनी होगी छुट्टी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची। राज्य के सरकारी स्कूलों में कार्यरत प्रधानाध्यापक और शिक्षकों को लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल के माध्यम से ही छुट्टी मिलेगी। अन्य माध्यमों से छुट्टी का आवेदन देने पर उसे खारिज कर दिया जाएगा। इस आदेश को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने मंगलवार देर रात जारी किया है। इसकी जानकारी सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला शिक्षा अधीक्षकों को दे दी गई है। उल्लेखनीय है कि लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल सभी पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को छुट्टी के लिए आवेदन समर्पित करने की अनुमति देता है। छुट्टी की पात्रता से संबंधित विवरण दिखाता है। छुट्टी के अनुरोध के प्रसंस्करण और निपटान की अनुमति देता है। कर्मियों की छुट्टी इतिहास का विस्तृत विवरण प्रदान करता है। सचिव ने जारी आदेश में लिखा है कि लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल को ई-वीवी एप्लीकेशन में लाइव कर दिया गया है। सचिव ने निदेशित किया है कि पत्र निर्गत की तिथि से राज्य के सभी पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को मात्र लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल के माध्यम से ही छुट्टी के लिए आवेदन करते हुए अवकाश प्राप्त करना होगा। किसी भी परिस्थिति में अन्य माध्यम से आवेदित छुट्टी आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा, अस्वीकृत कर दिया जाएगा। रवि कुमार ने लिखा है कि लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल में राज्य के सभी पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों के लिए अवकाश विवरण दर्ज करने का प्रावधान है। प्रतिमाह लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल में उपलब्ध अवकाश विवरणी पर विचार करते हुए ही वेतन आदि भुगतान किया जाय।

## पशुधन विपणन विधेयक के विरोध में खाद्यान्न दुकानें रहीं बंद

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने झारखण्ड राज्य कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक 2023 को अव्यवहारिक करार देते हुए अपना कड़ा विरोध जताया है। इस संबंध में चैम्बर की पहल पर रांची में बुधवार को एक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें राज्य भर के खाद्यान्न व्यापारी इकठ्ठा हुए और संबंधित विधेयक पर अपने विचार साझा किए। पत्रकारों से बातचीत में चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि विधेयक के तहत बाजार शुल्क लगने से झारखंड का व्यापार बुरी तरह प्रभावित होगा। पड़ोसी राज्यों में व्यापार शिफ्ट होगा। खाद्यान्न वस्तुएं महंगी हो जाएगी। जिसका सीधा असर व्यापार पर पड़ेगा। जिससे खाद्यान्न व्यापारियों के साथ - साथ सरकार को भी राजस्व का नुकसान होगा।

## पृष्ठ एक के शेष

**राहुल का बिना नाम लिए मोदी ने जम...**
यूनिवर्सिटी में स्टडी की बात हुई, लेकिन बीते वर्षों में वहां एक बहुत बढ़िया और महत्वपूर्ण स्टडी हुई। उसका विषय था- द राइज एंड डिक्लाइन ऑफ इंडियाज कांग्रेस पार्टी। मुझे विश्वास है कि भविष्य में कांग्रेस की बर्बादी पर हार्वर्ड नहीं, बड़े-बड़े विश्वविद्यालयों में अध्ययन होना ही होना है। और कांग्रेस को डुबाने वाले लोगों पर भी अध्ययन होनेवाला है। मैं ऐसे लोगों के लिए दुष्यंत कुमार ने बहुत बढ़िया बात कही है। उन्होंने कहा है- तुम्हारे पांव के नीचे कोई जमीन नहीं, कमाल ये है कि फिर भी तुम्हें यकीन नहीं?

**ईडी को धन्यवाद दीजिए... :** मोदी ने कहा कि हमने नौ साल का समय देखा है। उनके दिवालियापन को देखा है। रचनात्मक आलोचना की जगह मजबूरी में आलोचना करने की प्रवृत्ति ने ले ली है। कई लोगों ने उनके सुर में अपने सुर मिला लिए हैं- मिले-तेरा मेरा सुर। इससे तो एक मंच पर आए नहीं, लेकिन इन लोगों को ईडी का धन्यवाद देना चाहिए कि ईडी ने ही इन लोगों को एक मंच पर ला दिया है। जो काम देश के मतदाता नहीं कर पाए, वह ईडी ने कर दिया।

**तीन दशकों तक भारत में राजनीतिक अस्थिरता रही :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लगभग तीन दशकों तक भारत में राजनीतिक अस्थिरता रही। आज हमारे पास एक स्थिर और निर्णायक सरकार है। निर्णायक सरकार हमेशा देश के हित में निर्णय लेने का साहस रखती है। पिछले 9 साल में 90 हजार स्टार्टअप सामने आए हैं। स्टार्टअप्स में हम दुनिया में तीसरे नंबर पर हैं।

**घोटालों की दिलाई याद :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस समय की यूपीए सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हम सभी को याद है उस समय कॉमनवेल्थ गेम्स में किस तरह से घोटाला हुआ था। 2जी से लेकर हेलीकॉप्टर घोटाले किस तरह से सामने आए थे। तब कोयला घोटाला भी चर्चा में आ गया था। देश पर कितने ही आतंकी हमले हुए। 2008 के आतंकी हमलों को कोई भूल नहीं सका। उनमें आंख में आंख मिलाकर हमले करने का सामर्थ्य नहीं था। आतंकियों के हौसले बुलंद होते गए। 10 साल तक खून बहता रहा। 2014 के पहले का दशक लास्ट डिकेड के रूप में जाना चाहिए। यह दशक इंडियाज डिकेड कहलाएगा।

**निराशावादी प्रगति को स्वीकार ही नहीं कर पा रहे :** मोदी ने कहा कि भारत में नई संभावनाएं हैं। कइयों को यह बात समझने में देर लग जाएगी, लेकिन भारत सप्लाई चेन के मामले में आगे बढ़ गया है। भारत मैन्यूफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित हो रहा है। दुनिया भारत की समृद्धि में अपनी समृद्धि देख रही है। निराशा में डूबे हुए कुछ लोग इस देश की प्रगति को स्वीकार ही नहीं कर पा रहे। 140 करोड़ देशवासियों के पुरुषार्थ और परिश्रम उपलब्धि उन्हें नजर नहीं आ रही। पिछले नौ वर्ष में भारत में 90 हजार स्टार्टअप आए हैं। आज स्टार्टअप के मामले में हम दुनिया में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। बहुत बड़ा स्टार्टअप ईकोसिस्टम देश की टियर-3 शहरों तक पहुंच चुका है। इतने कम समय में और कोरोना के विकट कालखंड में 108 यूनिकॉर्न बने। एक यूनिकॉर्न यानी छह-सात हजार करोड़ से ज्यादा का मूल्य। आज भारत दुनिया में मोबाइल बनाने में दूसरा बड़ा देश बन गया है। घरेलू विमान यात्रियों के मामले में हम दुनिया में तीसरे नंबर पर हैं।

**भारत में दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाया गया : पीएम मोदी**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं एक और उदाहरण देता हूं। इस कोरोना काल में भारत निर्मित वैक्सीन तैयार हुई। भारत में दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाया गया। अपने करोड़ों नागरिकों को मुफ्त वैक्सीन के टीके लगाए गए। 150 से ज्यादा देशों को इस संकट के समय में हमने जहां जरूरत थी, वहां दवाई और वैक्सीन पहुंचाई। आज विश्व के कई देश भारत के विषय में यह बात गौरव से विश्व मंच पर कहते हैं, भारत का गौरवगान करते हैं। तीसरा पहलू यह है कि आज भारत का डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत है। इसने ताकत दिखाई है। पूरा विश्व इसका अध्ययन कर रहा है। बाली में जी-20 में डिजिटल इंडिया की वाहवाही हो रही थी। कोरोना काल में दुनिया के बड़े-बड़े देश अपने नागरिकों को आर्थिक मदद पहुंचाना चाहते थे। यह देश है जो एक सेकंड एक हिस्से में हजारों करोड़ रुपये ट्रांसफर कर देता है। एक समय था, जब देश छोटी तकनीक के लिए भी तरसता था। आज देश आगे बढ़ रहा है।

**उज्जवला का जिक्र :** प्रधानमंत्री ने कहा कि, जो जैसा चल रहा था, अगर हम वैसा ही चलने देते तो शायद कोई सवाल नहीं कर पाता। क्योंकि देश को ऐसी स्थिति में ला दिया गया था, जहां से निकलना आसान नहीं था। हमने उज्जवला योजना से महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई। बिजली-पानी पर काम किया। देश में जो काम पहले होना चाहिए था उसमें काफी देर हो गई। मध्यम वर्ग को नकार दिया गया था। लेकिन हमारी एनडीए सरकार ने मध्यम वर्ग की ईमानदारी को पहचाना है। उन्हें सुरक्षा दी गई है, जिसके बाद आज हमारा मध्यम वर्ग देश को नई ऊंचाई पर लेकर जा रहा है। हर मध्यमवर्गीय का सपना होता है कि उसका अपना घर बने। उसे विश्वास देने का काम हमने किया। मध्यम वर्गीय बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए हमने काम किया। हमने यूनिवर्सिटी में सीटें बढ़ाईं, मौके बढ़ाए। देश को आगे बढ़ाना है तो आधुनिकता पर काम करना होगा। समय की मांग है कि आप समय नहीं गंवा सकते। इसके लिए हमने इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम किया। एक दशक में बहुत बड़ा बदलाव देखा जा रहा है। हर क्षेत्र में कायाकल्प देखा जा रहा है। हाइवे पर रिकॉर्ड निवेश हो रहा है।

**मुसीबत में तो 'मोदी' ही...**
और अपने परिवार के लिए जी रहे हैं। मोदी तो करोड़ों देशवासियों के परिवार का सदस्य है। 140 करोड़ देशवासियों का आशीर्वाद मेरा सबसे बड़ा कवच है। झूठ और गालियों के शस्त्रों-अस्त्रों से तुम इस कवच को भेद नहीं सकते।

**बिना स्कूल भवन निर्माण हुए डकार लिए...**
हुआ था। लेकिन आज भी इस विद्यालय का दोनों भवन अधूरा पड़ा हुआ है। जबकि सारा राशि का निकासी हो चुका है। इसी प्रकार न्यू प्राथमिक विद्यालय हरिजन टोला नावा में वर्ष 2009-10 में भवन निर्माण का 7 लाख 72 हजार 954 रुपए आवंटन हुआ था। भवन का निर्माण पूरा किए बिना ही पैसा की निकासी कर ली गई। इसी तरह इन सभी विद्यालयों में कुल 14 लाख 50 हजार 188 रुपए की गबन का पुष्टि हुई है। सबसे अहम बात है कि गबन की पुष्टि होने के बाद राज्य परियोजना निदेशक के द्वारा 27 सितंबर 2022 को क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा निदेशक , पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी , जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को पत्र लिखकर दोषी लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया गया था। लेकिन आज तक दोषी लोगों पर प्राथमिकी दर्ज नहीं कराया जा सका और ना ही पैसा का रिकवरी कराया जा सका।

**क्या कहते हैं जिला शिक्षा पदाधिकारी :** इस संबंध में जब जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल चौधरी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि पैसा रिकवरी कराने का आदेश दिया गया है। एक सप्ताह के भीतर पैसा रिकवरी नहीं करने वाले लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी। बहुत जल्द इस मामले को लेकर बैठक की जायेगी।

**तुर्की-सीरिया भूकंप में मृतकों की...**
बढ़ोतरी होने की संभावना है। ठंड का मौसम घायलों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। वहीं, इससे बचाव कार्यों में भी बाधा आ रही है। विनाशकारी भूंकप के चलते 60 से अधिक देशों ने मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। प्रभावित क्षेत्रों में मानवीय सहायता भेजी जा रही है। वर्तमान में लगभग 20 अंतर्राष्ट्रीय सरकारी दल बचाव कार्यो में जुटे हुए हैं। तुर्की के दक्षिणी प्रांत कहामनमारस में सोमवार सुबह 4.17 बजे 7.8 तीव्रता से विनाशकारी भूकंप आया, जिसके कुछ मिनट बाद गजियांटेप प्रांत में 6.4 तीव्रता से भूकंप आया। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के अनुसार, 7.8 तीव्रता के भूकंप का केंद्र गाजियांटेप में नूरदागी से 23 किमी पूर्व में 24.1 किमी की गहराई में था। दोपहर करीब 1.30 बजे 7.5 तीव्रता से भूकंप का तीसरा झटका कहारनमारास में महसूस किया गया। तुर्की के दक्षिणी प्रांत हैटे और सीरिया के उत्तरी अलेप्पो शहर में सबसे ज्यादा लोगों की जान गई, जबकि लेबनान, इजराइल और साइप्रस में भी भूंकप के झटके महसूस किए गए। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने मंगलवार को देश के 10 सबसे अधिक प्रभावित प्रांतों में तीन महीने के आपातकाल की घोषणा की।

## राज्य के 30 लाख युवाओं के साथ खिलवाड़ बंद हो : दीपक प्रकाश

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने बुधवार को राज्य सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार राज्य के 30 लाख बेरोजगार नौजवानों के भविष्य के साथ बार बार खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार में शामिल महागठबंधन वादा खिलाफी का रिकॉर्ड बनाने में जुटा है। पांच लाख युवाओं को प्रतिवर्ष नौकरी, नहीं तो बेरोजगारी भत्ता और नहीं तो इस्तीफा देने की बात करने वाले लोग आज रोजगार देने की कौन कहे रोजगार छीनने वाले साबित हो रहे हैं। यह सरकार तीन वर्ष में सिर्फ 357 लोगों को नौकरी देकर अपनी पीठ थपथपा रही है। उन्होंने कहा कि तीन वर्ष में हेमंत सरकार ने दो बार नौकरी के विज्ञापनों को रद्द किया है। पहली बार राज्य सरकार ने नियोजन नीति बनाने के नाम पर सात विज्ञापनों को रद्द किया था।

# पुलिस ने एमडीएम घोटाले का मास्टरमाइंड संजय तिवारी को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हरियाणा पुलिस ने एमडीएम घोटाले का मास्टरमाइंड संजय तिवारी को रांची से गिरफ्तार कर लिया है। जालसाजी के आरोप में हरियाणा के फरीदाबाद पुलिस ने उसे मंगलवार को गिरफ्तार किया है। सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद जैसे ही संजय तिवारी जेल से निकले फरीदाबाद पुलिस उसे गिरफ्तार कर लिया। 101 करोड़ घोटाले के आरोपित संजय तिवारी को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना की खंडपीठ ने 16.35 करोड़ रुपए जमा करने की शर्त पर हाल ही में चार सप्ताह की अंतरिम जमानत दी थी। उल्लेखनीय है कि मिड डे मील के लिए स्टेट बैंक ऑफ हटिया शाखा में पांच अगस्त 2017 को रखे गए शिक्षा विभाग के करीब 101 करोड़ रुपए बिल्डर भानु कंस्ट्रक्शन के पार्टनर संजय तिवारी के खाते में ट्रांसफर कर दिया गया था। इसमें मैनेजर अजय उरांव की संलिप्तता बताई गई थी। मिड डे मील की यह रकम भानु कंस्ट्रक्शन के विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए थे। बिल्डर इनमें से 50 करोड़ रुपए निकालकर फरार हो गया था। मामला प्रकाश में आने के बाद एसबीआई ने खुद पैसा भरा, जिससे बैंक को नुकसान हुआ था। बैंक मैनेजर को सस्पेंड कर दिया गया। सीबीआई ने सात दिसंबर 2017 को इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद पूरे मामले की छानबीन शुरू की थी।

**धांधली** परीक्षा विभाग में हो रही गड़बड़ी को लेकर प्रति कुलपति का किया घेराव

# जांच के बाद उचित कार्रवाई की जायेगी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बुधवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में हो रही गड़बड़ी के खिलाफ विश्वविद्यालय प्रति कुलपति का घेराव किया। रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने रांची विश्वविद्यालय में पिछले महीने यूजी सेमेस्टर 4 की परीक्षा ली गई थी जिसमें बहुत सारे छात्र छात्राओं को मार्कशीट में अनुपस्थित दिखाकर उन्हें प्रमोट और फेल लिख दिया गया है, जबकि अटेंडेंस शीट की छाया प्रति छात्र-छात्राओं द्वारा परीक्षा सेंटर मांगे जाने पर उस अटेंडेंस शीट में हुआ छात्र-छात्राएं उपस्थित है। ज्ञात हो कुछ के लिए रांची विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा विभाग के सभी कार्यों को आउटसोर्सिंग कंपनी को दे दिया गया था ताकि विभाग के कार्यों में सुधार हो पूर्व में कुलपति के द्वारा विश्वास दिलाया गया था की परीक्षा विभाग के किसी भी काम में आगे कोई भी गड़बड़ी की संभावना ना के बराबर होगी। लेकिन परीक्षा विभाग आउटसोर्सिंग किए जाने के बाद पहले ही प्रकाशित परीक्षाफल में ये गड़बड़ियां मूल रूप से पाई गई हैं। साथ ही योगा यूजी विभाग सेमेस्टर 3 की परीक्षा करवाने हेतु मांग किया। आगे अभिषेक शुक्ला ने कहा जल्द ही परीक्षा विभाग के कार्यों में सुधार नहीं हुई तो अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ छात्रहित में चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगी। वही मौके पर रांची विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति ने आजसू के सदस्यों को आश्वासन दिया कि इस पर जांचकर उचित कार्रवाई की जाएगी साथ ही सभी मांगों को जल्द ही पूरा कर दिया जाएगा एवं कल योगा यूजी विभाग फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी जाएगी उसके बाद परीक्षा की तिथि की भी घोषणा अविलंब की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप सेः प्रदेश सचिव ओम वर्मा, चेतन सिंह, विद्यालय वरीय उपाध्यक्ष राहुल तिवारी, अभिषेक शुक्ला, सुरेश भगत, रोहित चौधरी, राहुल कुमार, बीएस महतो, अमित तिर्की, दीपक कुमार, डिसिल्वा सेट, विशाल कुमार यादव, कुमार गुप्ता, नैतिक सिंह, के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

## सीआईपी का वार्षिक खेल हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**रांची।** सीआईपी के वार्षिक खेल 2023 का समापन हर्षोल्लास के साथ बुधवार को हो गया। यह पुरुष और महिला रोगियों में एक महीने तक चलने वाला उत्सव था। इसमें छात्रों, निवासियों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने विभिन्न ट्रैक और फील्ड कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया था। सभी विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरित किए गए। समारोह की मुख्य अतिथि आरआईएनपीएएस की निदेशक डॉ. जयति समलाई और आईआईएलएम संस्थान के प्रमुख कोनार, सीआईपी के निदेशक प्रो. बासुदेब दास, डॉ. जेएस कच्छप, एसोसिएट प्रोफेसर सह प्रशासनिक अधिकारी प्रभारी डॉ. अविनाश शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

